दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 119

गुरुवार

01.05.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12। मूल्य 2 रुपये

**सुविचार**

यदि आप पूर्णता की तलाश करते है तो आप कभी संतुष्ट नहीं होंगे!

## सूचना

सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि 1 मई को मजदूर दिवस पर प्रभात मंत्र कार्यालय में अवकाश रहेगा।

अतः अगला अंक बाजार में दिनांक 3 मई 2025 को प्रकाशित किया जाएगा।

व्यवस्थापक

## मोदी कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए कई अहम फैसले, किसानों के लिए भी हुआ एलान

# मोदी सरकार कराएगी जाति जनगणना

एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली में बुधवार को मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया है. इसके साथ ही मीटिंग में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए है.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है. उन्होंने कहा,1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई है. कांग्रेस ने जाति जनगणना की जगह जाति सर्वे कराया. यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है.केंद्रीय मंत्री ने कहा,जाति की जनगणना मूल जनगणना में ही सम्मिलित होना चाहिए. पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट ने फैसला किया है कि जाति की जनगणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित करके किया जाए.उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपनी लाभ तक के लिए सीमित रखा है.केंद्रीय मंत्री ने कहा,यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं।

ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए।

### गन्ने का मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय

नई दिल्ली : केन्द्र सरकार ने 2025-26 के पेराई सीजन (अक्टूबर से सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इसे मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।सरकार के अनुसार गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 355 रुपये की एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह दर वर्तमान सत्र 2024-25 की तुलना में 4.41 प्रतिशत अधिक है।यह दर 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर पर लागू होगी। रिकवरी दर में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि पर 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जबकि रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की कमी पर 3.46 की कटौती की जाएगी। हालांकि रिकवरी दर 9.5 प्रतिशत से कम होने पर किसानों को 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा और कोई कटौती नहीं की जाएगी।



### शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि शिलॉन्ग से सिल्वर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है. सरकार ने मेघालय से असम तक नए हाइवे को मंजूरी दी है, जो 166.8 किलोमीटर लंबा 4 लाइन हाइवे होगा.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा,पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं- सिलचर से शिलांग और शिलांग से सिलचर एक बहुत बड़ी परियोजना हाई स्पीड कॉरिडोर हाईवे जो मेघालय और असम को जोड़ता है उसे मंजूरी मिली है. इसकी अनुमानित लागत 22,864 करोड़ रुपए है.

## देर आए-दुरुस्त आए : कांग्रेस



केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले पर कांग्रेस ने कहा, यह फैसला देर आए दुरुस्त आए जैसा है। पार्टी ने कहा कि वह लंबे समय से इसकी मांग कर रही थी। बता दें कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल देश भर में जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दल इसे बड़ा चुनावी मुद्दा भी बना रहे हैं। बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्य जाति आधारित सर्वेक्षण कर भी चुके हैं।सरकार के बुधवार के फैसले पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, पार्टी ने 9 अप्रैल, 2025 को अहमदाबाद में पारित सामाजिक न्याय पर अपने प्रस्ताव में इस मुद्दे का उल्लेख किया था। आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, %देर आए दुरुस्त आए।% रमेश ने कांग्रेस के प्रस्ताव-न्यायपथ के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। इसमें कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की अपनी पहलों को सूचीबद्ध किया था। रमेश ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 16 अप्रैल, 2023 का पत्र भी साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे इस पत्र में कांग्रेस प्रमुख ने जनगणना के साथ-साथ व्यापक जाति जनगणना की मांग की थी। रमेश ने खरगे के पत्र का उल्लेख करते हुए पूछा, क्या इसके अलावा कुछ और भी कहा जाना चाहिए? अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी ने इस बात पर जोर दिया था कि सामाजिक न्याय की संविधानिक गारंटी वाली नींव को केवल राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना से ही मजबूत की जा सकती है।जनगणना में जाति के आंकड़ों को शामिल करने पर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता विजय वाडेट्टीवार ने कहा, हम इस फैसले का स्वागत करते है क्योंकि यह हमारी लंबे समय से मांग थी। हालांकि, उन्होंने इस फैसले को बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से भी जोड़ा। उन्होंने कहा, इस फैसले के पीछे बिहार चुनाव ही एकमात्र मकसद हो सकता है।बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम रह चुके तेजस्वी यादव ने भी जनगणना में जाति को शामिल किए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा,यह हमारी 30 साल पुरानी मांग थी। यह हमारी, समाजवादियों और लालू यादव की जीत है... इससे पहले बिहार के सभी दलों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन उन्होंने हमारी मांग को अस्वीकार कर दिया।

कई मंत्रियों ने इससे इनकार किया, लेकिन यह हमारी ताकत है कि उन्हें हमारे एजेंडे पर काम करना पड़ रहा है।



## नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड में हुआ बदलाव, आलोक जोशी होंगे चेयरमैन

**नई दिल्ली** : भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद से अभी तक तनाव की स्थिति है. इस बीच भारत सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड में बदलाव किया है. पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष चुना गया है. उनके साथ बोर्ड में कुल 7 सदस्य होंगे. बोर्ड में तीनों सेनाओं के रिटायर्ड अधिकारियों को शामिल किया गया है.सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव करते हुए पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को बोर्ड की कमान सौंपी है. पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मॉन्टी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं. ये भी बोर्ड का हिस्सा होंगे. राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से रिटायर हो चुके हैं. बी वेंकटेश वर्मा सात सदस्यीय बोर्ड में सेवानिवृत्त विदेश सेवा अधिकारी हैं.पीएम मोदी ने बुधवार को चार बड़ी बैठकों में हिस्सा लिया. उन्होंने सीसीएस, सीसीपीए, सीसीईए और कैबिनेट मीटिंग की अध्यक्षता की. प्रधानमंत्री मोदी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अभी तक कई सख्त फैसले ले चुके हैं. इसकी वजह से पाकिस्तान खौफ में है. पाकिस्तान ने हाल ही में रूस, अमेरिका और तुर्किए से बात की. उसने यूएन को बताया कि भारत का आरोप बेबुनियाद है. पाकिस्तान भारत के साथ तनाव की स्थिति के बावजूद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. वह लगातार एलओसी पर सीजफायर तोड़ रहा है.

## क्विक न्यूज

### सीमांत क्षेत्रों में गेहूं की कटाई तेजी से जारी

**सांबा** : सांबा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र तहसील राजपुरा के गांव में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई का कार्य तेजी से लगा हुआ है। मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के चलते किसान दिन-रात मेहनत करके अपनी फसल को सुरक्षित समेटने में जुटे हुये हैं। किसानों को डर है कि आए दिन गेहूं की फसल को आग लग रही है और किसानों की मेहनत तबाह हो रही है। कई किसानों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो किसानों को चिंता सता रही है कि कहीं मौसम फिर से खराब ना हो जाए।वहीं सीमा के साथ सटे क्षेत्रों में कंबाइन मशीनें पहुंचने पर सीमावर्ती किसानों ने राहत की सांस ली है। किसान संजय शर्मा, सरपंच सुरेश, प्रीति चौधरी ने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब से जम्मू संभाग में कंबाइन मशीनें आने के कारण गेहूं की कटाई का कार्य तेजी के साथ शुरू हो चुका है। किसानों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार के प्रयासों के कारण कंबाइन मशीनें समय पर पहुंच चुकी हैं। अब उनकी कोशिश है कि जल्द से जल्द कटाई करके फसल को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए।

### देशभर में जातीय गणना कराना प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक निर्णय : ललन सिंह

**पटना** : केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने देशभर में आगामी जनगणना के साथ ही जातीय गणना को शामिल करने के ऐतिहासिक निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। एक्स पर संदेश शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जातीय जनगणना को लेकर लंबे समय से राजनीति होती रही है, लेकिन आज़ादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार ने इसे लागू नहीं किया। वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में यह आश्वासन दिया था कि जातीय जनगणना पर विचार किया जाएगा। इसके लिए एक मंत्रिमंडलीय समूह का गठन भी किया गया, जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने केवल एक सामाजिक-आर्थिक जातीय सर्वेक्षण कराया, जिसे सार्वजनिक तक नहीं किया गया।

### हरियाणा में कम पानी आया तो दिल्ली की आपूर्ति होगी प्रभावित नायब सैनी

**चंडीगढ़** : पेयजल आपूर्ति के मुद्दे पर हरियाणा एवं पंजाब में टकराव बढ़ गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत द्वारा हरियाणा एवं केंद्र के संबंध में वीडियो जारी किए जाने के बाद बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीडियो जारी करके भगवंत मान को पीने वाले पानी के मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी। नायब सैनी ने कहा कि अगर हरियाणा के कॉन्टेक्ट प्वाइंट पर अगर पानी कम आएगा तो इससे दिल्ली की जलापूर्ति भी प्रभावित होगी।नायब सैनी ने कहा कि जब तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी तब तक दिल्ली जाने वाले पानी पर आप सरकार को कोई आपत्ति नही थी। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार आने के बाद दिल्ली की जनता को सजा देने के लिए इस तरह के तथ्यहीन बयान दिए जा रहे हैं।

## जमशेदपुर की शांभवी ने आईसीएसई दसवीं में बनीं नेशनल टॉपर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। लोयोला स्कूल की इस मेधावी छात्रा ने सेल्फ स्टडी के दम पर न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत को गर्व का पल दिया। शांभवी के पिता अभिषेक जायसवाल, मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट हैं, और मां ओजस्वी शंकर, मणिपाल हॉस्पिटल कॉलेज में वरिष्ठ गायनोकोलॉजिस्ट हैं। शांभवी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत के आगे कोई मंजिल असंभव नहीं।वह भविष्य में कंप्यूटर साइंस इंजीनियर बनना चाहती हैं और पेंटिंग में भी उनकी गहरी रुचि है। शांभवी की सफलता का राज उनकी कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और समय का सही उपयोग है। उन्होंने हर विषय को गहराई से पढ़ा, नियमित अभ्यास किया और अपनी कमियों को सुधारा। बिना किसी कोचिंग या अतिरिक्त क्लास के, शांभवी ने घर पर ही सेल्फ स्टडी के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी मां ओजस्वी शंकर ने पढ़ाई के दौरान उनके हर सवाल का जवाब दिया और उनका हौसला बढ़ाया। शांभवी कहती हैं, मम्मी ने मेरे हर डाउट को आसान बनाया। उनकी वजह से मैं बिना रुके आगे बढ़ी। शांभवी के माता-पिता दोनों ही डॉक्टर हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अपनी मिसाल है।

# स्पेन व स्वीडन के दौरे से झारखंड लौटे मुख्यमंत्री हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची**: स्पेन और स्वीडन के दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची एयरपोर्ट पर पहलगाम घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है, लेकिन कहीं ना कहीं देश में जो सूचना तंत्र है, उसका घोर अभाव दिखा. उम्मीद कर रहे हैं कि आगे ऐसी घटना न हो. बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 अप्रैल से स्पेन और स्वीडन के दौरे पर थे. उनके साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के अलावा 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल था. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग सेक्टर से जुड़े दोनों देशों के व्यवसायियों से कई दौर की वार्ता की है. उम्मीद जताई जा रही है कि सीएम के नेतृत्व में इस



प्रतिनिधिमंडल के इस दौरे के बाद दोनों यूरोपियन देशों से झारखंड के कई सेक्टर में निवेश की संभावना है.बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने निर्दोष 26 भारतीयों की हत्या कर दी थी. इनमें 25 पर्यटक थे.

इस मामले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है. प्रधानमंत्री ने सेना अध्यक्षों के साथ 29 अप्रैल को हुई बैठक के दौरान स्पष्ट कर दिया है कि वह खुद तय करें कि समय और तारीख क्या होगी.

भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई प्रतिबंध के बाद माहौल गर्म है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय इ-मोबिलिटी सम्मेलन (इवीएस-38) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. यह आयोजन 19 से 22 जून 2025 तक होगा. इवीएस-38 दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित तकनीकों पर आधारित सबसे बड़ा मंच माना जाता है. सम्मेलन में झारखंड की भागीदारी से राज्य को वैश्विक स्तर पर नयी पहचान मिल सकती है.

## पूरी दुनिया की भारत-पाकिस्तान पर नजर : अमेरिका

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की एंट्री हुई है. अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से बात की है और उसका कहना है कि मसले को बातचीत के साथ हल करना चाहिए. अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने इसको लेकर प्रतिक्रिया दी है.अमेरिका, पाकिस्तान और भारत दोनों देशों के संपर्क में है. इसको लेकर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा,अमेरिका दोनों देशों के संपर्क में है. अमेरिकी विदेश मंत्री ने मुझे इस बारे में एक नोट भी



दिया है. इसलिए हम कश्मीर की स्थिति के विषय में भारत और पाकिस्तान से संपर्क कर रहे हैं.अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए कहा है. अमेरिकी विदेश मंत्री को उम्मीद है कि वे जल्द ही भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों से बात करेंगे. वे अन्य राष्ट्रीय नेताओं और विदेश मंत्रियों को इस मुद्दे पर देशों से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने आगे कहा,अमेरिकी विदेश मंत्री दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से बात करेंगे. हम उस क्षेत्र में होने वाले घटनाक्रमों पर भी नजर रख रहे हैं और जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत और पाकिस्तान की सरकारों के साथ कई स्तरों पर संपर्क में है. हम निश्चित रूप से सभी पक्षों को जानकर एक सही समाधान के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. दुनिया इस पर नजर रख रही है.

## मणिपुर : 5 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल** : मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के दो कार्यकर्ताओं समेत पांच लोगों को जबरन वसूली और ड्रग तस्करी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि नवगठित चिन कुकी मिजो आर्मी (सीकेएमए) के तीन सदस्यों को चुराचांदपुर जिले में भारत-म्यांमार सीमा पर कथित तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने कहा कि वे चुराचांदपुर के निवासी हैं। उन्होंने म्यांमार के फैसट से मादक पदार्थों की तस्करी में मदद की थी। उनके पास से तीन हथियार, गोला-बारूद और तीन रेडियो सेट बरामद किए गए। वहीं प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) की एक महिला सदस्य को भी बिष्णुपुर जिले के क्वाकसिपाई से गिरफ्तार किया गया है। वह थौबल क्षेत्र में जबरन वसूली में संलिप्त रही है। पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई से प्रतिबंधित केसीपी (नोयोन) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूब चैनल और संपादक के खिलाफ मामला दर्ज

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की छवि को धूमिल करने मामले को लेकर न्यूज़ हाट नामक यूट्यूब चैनल और उसके संपादक कुमार कौशलेंद्र पर मामला दर्ज किया गया है। इन पर झूठे और भ्रामक वीडियो के माध्यम से मंत्री को बदनाम करने का आरोप है। इस संबंध में बुधवार को जगन्नाथपुर थाना में धारा 356 बीएनएस और आईटी एक्ट 66डी/67 के तहत मामला दर्ज किया गया है।इस संबंध में मंत्री के आप्त सचिव अजहरुद्दीन ने बताया कि न्यूज़ हाट नामक यूट्यूब चैनल पर मंत्री इरफान अंसारी को लेकर नाकारात्मक खबरें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित यूट्यूब चैनल के जरिये मंत्री के छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि यूट्यूब चैनल ने अपनी वीडियो में मंत्री से संबंधित हाईकोर्ट में लंबित मामले में खबर को तोड़-मरोड़कर कर पेश किया। उन्होंने यूट्यूब चैनल को प्रतिबंधित करने और इसके संपादक कुमार कौशलेंद्र को गिरफ्तार करने की मांग की।

### जाति जनगणना कराने का निर्णय पीएम का सराहनीय कदम : रघुवर दास

**रांची।** जाति जनगणना का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह फैसला देश के हर वर्ग को उसकी वास्तविक सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में विशेष सहयोग करेगा। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना और अधिक सशक्त होगी।

## झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित करने के काम में आई तेजी

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड आंदोलन चिन्हित करण आयोग झारखंड सरकार द्वारा स्थापित एक आयोग है जो झारखंड आंदोलन के दौरान सक्रिय आंदोलनकारियों की पहचान करता है और उन्हें चिन्हित करता है। यह आयोग झारखंड राज्य के गठन के लिए हुए आंदोलनों में शामिल आंदोलन कारियों को पहचान करना है। आयोग झारखंड के वैसे आंदोलनकारियों को चिन्हित कर रहा है जो अलग झारखंड गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया था, अविभाजित बिहार के समय झारखंड तक छोटा नागपुर कहलाता था। उस दौर में बिहार सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक में अपने अधिकार और हक के लिए अलग राज्य निर्माण कराने की खातिर नाकेबंदी, पूरा बिहार बंद, सड़क जाम करना, वाहनों को आगजनी करना, तोड़ फोड़ करना, वाहनों मोटर साइकिल, रिक्शा,साइकिल तक की टायर से हवा निकाल कर पंचर कर देना, खुले दुकानों को तोड़ फोड़ करके बंद कराने, साथ ही साथ पुलिस के साथ भीड़ जाना, पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में घायल होना, दिव्यांग होना, पुलिस की गोली से मारा जाना, इसके अलावा पुरुष, महिला,बच्चों, छात्रों को गाडियों में भर भर कर जनसभा कराने, रैली, राजभवन घेराव, मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने और धरना प्रदर्शन करने और रैली, जनसभा को सफल बनाने के लिए लोक गायक, मांदर, नगाड़ा वादक सहित लोक कलाकारों और रैली में आये आंदोलन कारी नेताओं के लिए तपती धूप, भरी बरसात, शीतलहरी जैसे मौसम में भी हाथों में फूल माला लेकर घंटों खड़े रहने वाले बालक, युवा, बुजुर्गों का भी अलग झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**मुख्यमंत्री ने कहा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग झारखंड निर्माण के लिए लंबे समय से लड़ने वाले लोग कुछ आज हमारे बीच नहीं भी हैं उसे भी आंदोलनकारी में चिन्हित किया जाए और उनके आश्रितों को लाभ दिया जाए । आंदोलनकारी चाहे उसका नाम अस्सी- नब्बे के दशक के दैनिक अखबारों, आंदोलन से जुड़े किताबों में नाम दर्ज है, आंदोलन से जुड़े खबर लिखने का काम किया है,पुलिस की गोली से घायल हुए हैं, या मारे गए हैं या जेल गए हैं, उनके पास अगर प्रमाण पत्र हैं तो वे भी आंदोलनकारी हैं और जिनके पास प्रमाण पत्र नहीं है तो उसे जिला, प्रखंड का कोई आंदोलनकारी नेता अगर उसकी पहचान करता है उन्हें चिन्हित करता है, तो वह भी आंदोलनकारी हैं। क्योंकि अलग झारखंड निर्माण करने के लिए आंदोलन करने वाले रैली, जनसभा , धरना- प्रदर्शन करने वाले झारखंड के सभी जिला प्रखंडों में आंदोलनकारी है। अंतिम पंति में खड़ा व्यक्ति भी अपने आंदोलन कारी लीडर के सम्मान में फूल माला लेकर खड़ा रहा हैं और मांदर से लेकर डुगडुगी बजाने, पानी पीलाने का भी काम किया है , बंदी के दौरान वाहनों में आग लगाने से लेकर तोड़ फोड़ करने और टायर पंचर करने वाले भी आंदोलनकारी की श्रेणी में है उन्हें भी सम्मान और अधिकार दिया जाएगा उन्हें भी आयोग चिन्हित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 13 वें




महाधिवेशन रांची में कहा कि झारखंड आंदोलन से जुड़े कोई भी आंदोलनकारी की मृत्यु हो जाती है तो उनकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय में दिया जाए, उनके आश्रितों को एक -एक लाख सम्मान राशि दिया जाएगा।

**क्या कहते हैं आयोग के सदस्य गण :** झारखंड आंदोलनकारी की चिन्हितकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने बताया कि झारखंड सरकार का यह सराहनीय पहल और अब तक जितने लोग भी चिन्हित हुए हैं उनमें से जो जेल गए हैं उनका पेंशन लगभग बहुत लोगों को मिलना शुरू हो गया है । एक दिन से लेकर 3 महीना तक जेल गया है तो उसे 3000, 3 महीना से 6 महीना तक जेल में रहा है तो 5000 और 6 महीना से अधिक दिनों तक जेल में रहा है तो उसे 7000 दिया जाएगा। जहां तक वैसे आंदोलनकारी जो रैली, जनसभा,धरना प्रदर्शन में फूल माला लेकर खड़े रहे हैं ,या बंदी में तोड़फोड़ में शामिल रहे हैं , लेकिन जेल नहीं गए हैं वैसे आंदोलन कारियों को जिला प्रशासन के माध्यम से 15 अगस्त, 26 जनवरी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। हम लोग चाह रहे हैं कि सरकार सभी को सम्मान राशि भी दें, इसके लिए भी हम लोग प्रयासरत हैं। हम लोग नियमावली बनाने की बात कर रहे हैं।

**चिन्हित करण का काम में आया तेजी :** चिन्हित करण आयोग के सदस्य नरसिंह मुर्मू ने बताया कि अभी बड़ी तेजी के साथ काम हो रहा है। 13 जुलाई 2025 तक कार्यकाल है तब तक 60,000 आंदोलनकारी को चिन्हित कर लेना है। अभी करीब 35000 से अधिक आंदोलन कारी चिन्हित किये जा चुके हैं। बड़ी तेजी के साथ काम हो रहा है ,करीब एक लाख आंदोलन कारियों को चिन्हित करना है। हमसब की कोशिश ये है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियमावली बनाये और जो आंदोलन से जुड़े रहे हैं, जेल नहीं गये हैं उन्हें भी सम्मान राशि देकर सम्मानित करें।

**कब गठन हुआ आयोग:** झारखंड गठन के 11 साल बाद झारखंड आंदोलन कारी चिन्हित करण आयोग का गठन 7 मई 2012 को किया गया था । पहले अध्यक्ष सेवानिवृत जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद थे , 2020 तक रहे। 73,974 आवेदन में से 4328 आंदोलनकारी को चिन्हित कर पाए। इनके बाद कुछ समय आयोग का पद खाली रहा। 15 जुलाई 2021 को आईपीएस अधिकारी डीआईजी पद से सेवा निवृत दुर्गा उरांव को आयोग के अध्यक्ष बनाये गये, 13 जुलाई 2024 के बाद उन्हें सेवा विस्तार दिया गया जो अब तक चल रहा है। 13 जुलाई 2025 तक इन्हें करीब 60, 000 आंदोलनकारी को चिन्हित करने का समय तय किया गया है । अब तक सबसे ज्यादा गोड्डा जिला से 9000,रांची 7500 , देवघर 6000,पूर्वी सिंहभूम 5000,पश्चिम सिंहभूम से 4000 आंदोलनकारियों को चिन्हित करना है।

**इनकी रही अहम भूमिका :** अलग झारखंड निर्माण को लेकर लाखों लोगों ने अपनी भूमिका निभाई, लेकिन महत्वपूर्ण भूमिकाओं की अगर बात करें तो 1952 में जयपाल सिंह मुंडा ने आवाज उठाया था, तब बंगाल, उड़ीसा ,बिहार सम्मिलित था । बागुन सुम्ब्रई, दिशुम गुरु शिबू सोरेन, सूरज मंडल, एके राय, एन ई होरो, विनोद बिहारी महतो, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, निर्मल महतो , ज्ञान रंजन, सावन लकड़ा, डॉ रामदयाल मुंडा, बीपी केसरी , मधु मंसूरी , पत्रकार अनुज सिन्हा और इन लोगों के साथ और भी कई नाम शामिल हैं ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को, तैयारियां जोरों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झालसा के निर्देश पर वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को आयोजित होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौते के पूर्व की बैठक 10 मार्च से शुरू हो चुकी है। इसके मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

**सभी पीएलवी को प्रचार-प्रसार करने का निर्देश:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यरत सभी पीएलवी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। प्राधिकार ने कहा है कि जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के बाद ग्रामीणों और जरूरतमंदों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। ताकी लोग जागरूक हों और राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठा सकें। साथ ही अपने वादों का निष्पाददन निःशुल्क करा सकें। उल्लेखनीय है कि 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, माप-तौल से संबंधित वाद और वैवाहिक से संबंधित मामलों का निष्पादन मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के माध्यम से किया जायेगा।

## राज्यपाल से झारखंड राज्य ग्राम प्रधान संघ के शिष्टमंडल सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड राज्य ग्राम प्रधान संघ के शिष्टमंडल सहित अन्य लोगों ने राज भवन में भेंट की। साथ ही राज्य में पेशा एक्ट लागू कर ग्राम सभा, ग्राम प्रधानों को सशक्त करने के सम्बध में ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि में वृद्धि कर नियमित रूप से इसे प्रदान करने का आग्रह किया गया। वहीं राज्यपाल से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की । इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने कहा कि वे लोग स्वतंत्रता संग्राम के शहीद के परिवार



से आते है और उनके पूर्वज देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में सन 1857 ई भारतीय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड से मुख्य भूमिका निभाई थी। वे लोग कई समस्याओं से जुझ रहे हैं। ज्ञापन में स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन करने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को जीवनयापन के लिए सम्मानजनक पेंशन देने आदि विभिन्न मांगों का उल्लेख किया। इसी प्रकार राज्यपाल से ग्राम सभा (खुखरा परगणा परंपरागत पाहड़ा), दक्षिणी छोटानागपुर रांची स्थित मांडर का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। 13 अप्रैल 2025 से झारखण्ड राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्रों (राज्य) में पांचवीं अनुसूची प्रशासन और नियंत्रण करने के लिए ज्ञापन समर्पित किया।

## 50 वर्षीय महिला का माइक्रोस्कोप के सहारे स्पाइन सर्जरी सफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल रांची में आज 50 वर्षीय सुनीता देवी जो की कचहरी रांची की रहने वाली है । उनके बिना चीरा लगाए स्पाइन का सर्जरी किया गया है। सुनीता देवी की रीड की हड्डी जो कि बीच और नीचे से टूट गई थी, जिसके कारण वह काफी तकलीफ में थी सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में डॉ अशोक मुंडा न्यूरोसर्जन, डॉ चंदन कुमार झा सीनियर एनेस्थेटिक एवं उनकी टीम जिसमें नीरज कुजूर, अंकित तथा न्यूरो सर्जरी के विशेष सहायक के द्वारा उनके सफल सर्जरी किया गया द्य महिला अत्यंत गरीब परिवार से आई थी जो की प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज



करने में सक्षम नहीं थी एवं अन्य बड़े शहरों में भी इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। महिला का इलाज निशुल्क निशुल्क रूप से सदर अस्पताल रांची में हुआ जो की महिला एवं उसके परिवार के रूप में वरदान साबित हुआ द्य अभी महिला की स्थिति ठीक है द्य महिला ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं डॉक्टर की पूरी टीम का धन्यवाद दिया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दर प्रति यूनिट 40 पैसे बढ़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एक मई से झारखंड में बिजली दर महंगी हो गई है। 30 अप्रैल को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए टैरिफ की घोषणा कर दी है। नये टैरिफ के अनुसार बिजली की कीमतों में 20 से 40 पैसे तक की बढ़ोत्तरी हुई है। फीसदी के हिसाब से 6.34 त्न महंगी हुई है।

विद्युत नियामक आयोग कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इससे संबंधित जानकारी साझा की गई। बताया गया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रति यूनिट 40 पैसे ज्यादा चुकाने होंगे, जिससे दर 6.30 रुपए



से बढ़कर 6.70 रुपए प्रति यूनिट हो गई है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़कर 6.85 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को:** कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर भी बिजली दर का प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 10 पैसे अधिक, यानी 6.20 रुपए देने होंगे। शहरी कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए दर 6.65 रुपए से बढ़ाकर 6.70 रुपए प्रति यूनिट कर दी गई है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि फिक्स्ड चार्ज में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं की गई है। एचटी कैटेगरी के घरेलू कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 6.25 रुपए प्रति यूनिट के बजाय 6.40 रुपए प्रति यूनिट चुकाने होंगे। हालांकि, इस कैटेगरी में भी फिक्स्ड चार्ज यथावत रखा गया है।

## के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत निःशुल्क इस कोर्स को करें : अजय नाथ झा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सेंटर फॉर एजुकेशन पीपी कंपाउंड रांची में व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत कंप्यूटर ऑफिस ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी पुण्य तिथि पर किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिन प्रतिदिन काम आने वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। इस प्रशिक्षण की अवधि 3 माह की है। प्रशिक्षण का शुभारंभ अजय नाथ झा ट्राईबल वेलफेयर




कमिश्नर ने किया। इस दौरान उन्होंने आज के समय में कंप्यूटर प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि आज डिजिटलाइजेशन के युग में जहां हर खास आम को शॉपिंग से लेकर बस रेल की टिकट भी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाता है वहां इसका ज्ञान होना अति आवश्यक है नहीं तो आप धोखे के शिकार हो सकते हैं और यह एक स्वर्णिम अवसर है जहां आप सेंटर फॉर एजुकेशन के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत निःशुल्क इस कोर्स को करके अपना करियर भी बना सकते है। निदेशक के. सुमित समाज के विकास, समाज सेवा और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होने खुद 91 बार ब्लड डोनेट किया था। थैलेसिमिया पीड़ितों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध करा सकें। उनके सपनों का पूरा करने के लिये हम प्रयासरत रहें। यही उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सेंटर फॉर एजुकेशन के बोर्ड आफ डायरेक्टर गणमान्य अतिथियों के साथ सीट के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रविदास महासभा के सदस्यों ने रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार से किया भेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा अध्यक्ष दीपक कुमार रवि के नेतृत्व में महासभा के प्रतिनिधिमंडल रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार राम से उनके रिम्स कार्यालय में मिलकर उनको पुनः रिम्स निदेशक का पदभार ग्रहण करने पर शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई के साथ साथ आभार प्रेषित किया। महासभा के अध्यक्ष दीपक रवि ने निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए कहा किझारखंड सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ न्यायिक लड़ाई लड़ कर जीत हासिल करते हुए



झारखंड सरकार के तुगलकी फरमान पर न्यायालय द्वारा रोक लगवाते हुए हमारे समाज की ही नहीं बल्कि सारे दलित समाज के सम्मान की रक्षा कर समाज का मान बढ़ाने का काम आपके द्वारा किया गया है इससे हमारे समाज में एकजुटता एवं शक्ति का संचार हुआ है। महासचिव दीपक राम, महासचिव प्रदीप रवि,सलाहकार गजेन्द्र राम , उमेश राम, संरक्षक बी0के0राम , उपाध्यक्ष दशरथ राम जी, , महासभा के सदस्य सोनु कुमार दास, विनय दास सहित अन्य सदस्य सम्मिलित रहे।

## ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनायी भगवान परशुराम की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने बुधवार को भगवान परशुराम की जयंति धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा ने सालासर मंदिर में यजमान महेंद्र शर्मा ने आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज के सानिध्य में हवन पूजन कर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद 501 निशान ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगाड़ा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण किया गया। झांकी ब्राह्मण भवन से शुरू होकर कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, शहीद चौक होते हुए पुनः ब्राह्मण भवन पहुंची। इसके बाद महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।

**शोभायात्रा में ये हुए शामिल:** शोभायात्रा में भाजपा विधायक सीपी सिंह, यदुनाथ पांडेय, राजकुमार केडिया, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, मुनचुन राय, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, भैरव सिंह, ललित ओझा, प्रमोद सारस्वत, सहित अन्य शामिल हुए। शोभायात्रा में श्रद्धालुओंने सांकेतिक रूप से बांह में काला रिबन बांधकर पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या का विरोध जताया। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों पर स्वागत शिविर लगाया गया था। इसमें अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, विप्र



फाउंडेशन, श्याम मंडल, श्री जिनमाता प्रचार समिति, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, रांची श्री जिनमाता प्रचार समिति, गौ सेवा समिति सहित अन्य संगठनों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत में भगवान परशुराम की आरती, सम्मान, पुष्पवृष्टि और पेय पदार्थ बांटा गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक पुरोहित एवं मंत्री कृष्ण लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि सन् 1950 में स्थापित हीरक जयंती वर्ष पर परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आहुत प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अप्रैल माह में आयोजित संपूर्ण ब्रह्म समाज के पांच वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सामूहिक प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम के संचालन में संयोजक धर्मचंद शर्मा, कमल शर्मा, सहसंयोजक ममता शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष शर्मा, आकाश शर्मा, पिंकी शर्मा का सक्रिय योगदान रहा। वहीं मौके पर अशोक पुरोहित, किशनलाल शर्मा, गुलाब शर्मा, महेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, अमित सारस्वत, श्याम सुंदर गोवला, कृष्ण शर्मा, दिनेश शर्मा, दीपक शर्मा, नथमल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## इवेंट मैनेजमेंटे के नाम पर करोड़ों फूंका गयाः प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से बेहद सफल लेकिन निवेश के लिहाज से पूर्णत असफल यात्रा बताया। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण करके लौट आए है। प्रतुल ने कहा के मुख्यमंत्री की जो पहली तस्वीर भी आई थी वह एक बैकपैकर की भूमिका में थी जिसमें मुख्यमंत्री बैग टांगे दूतावास के अधिकारी से गुलदस्ता ले रहे थे।मुख्यमंत्री अपने कैमरे से दर्शनीय स्थलों के फोटोग्राफ खींचते भी दिखे। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिए लगभग 4.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे कर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है।जबकि रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति 2,75,000 व्यक्ति बता रहे है।अगर मुख्यमंत्री जी के लिए घूमना ही मकसद था तो इस टूर



ऑपरेटर का सहारा ले सकते थे।राज्य के पैसे की भी बचत हो जाती है। प्रतुल ने कहा कि पूरे यात्रा का इवेंट मैनेजमेंट का जिम्मा बाहर की एक कंपनी को दिया गया था।मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि इस कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट और सारे प्रोग्राम को मैनेज करने के लिए और कितने करोड़ रुपए का भुगतान होगा? मुख्यमंत्री के पास अधिकारियों की एक फौज थी तो फिर एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को अलग से रखने का क्या औचित्य था?

प्रतुल ने कहा कि इस पूरी यात्रा में करोड़ों रुपए फूंके गए लेकिन झारखंड में निवेश का कोई लिखित समझौता की सूचना नहीं आई। मुख्यमंत्री जी के ऑफिशियल एक्स हैंडल ने जो तस्वीर जारी की उसमें निवेश की संभावनाओं और निवेशकों को आमंत्रण देने से संबंधी सूचना थी। कोई लिखित एग्रीमेंट की सूचना नहीं हुई।यानी मुख्यमंत्री जी अपने पूरी यात्रा का खर्च के बराबर का भी निवेश लेकर नहीं लौटे।

## दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुरेश्वर धाम के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था कि दो व्यक्तियों को संदिग्ध प्रतीत होने पर पकड़ा गया। जिनका नाम-पता पूछने पर इरसाद आलम, -मौलाना आजद कॉलोनी गली नं0-11, थाना-नामकुम एवं साहेब उर्फ साहब असारी गढ़ाटोली मरियम कॉलोनी, थाना-सदर, जिला रॉंची बताया। अग्रतर पूछ-ताछ करने पर बताया कि सिंह फार्मेसी लोवाडीह के पास होण्डा मोटरसाईकिल की चोरी किया था एवं उसी होण्डा मोटरसाईकिल फर्जी ननंबर लगा कर दूसरी घटना को अंजाम देने के लिए सुरेश्वर धाम की ओर जा रहे थे। इसी बीच सुरेश्वर धाम जाने वाले रास्ते में नामकुम थाना पुलिस के द्वारा नामकुम थाना कांड सं0-136/25 यूएस-303(2)बीएनएस2023 में चोरी किये गये मोटरसाईकिल के साथ सरना स्थल के पास पकड लिया गया। इसके पूर्व में भी मैं कई काण्डों में जेल जा चुका है।



# प्रमंडलीय स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन अभियान, श्रम नहीं शिक्षा का हुआ आगाज़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** बाल श्रम के विरुद्ध चल रहे राष्ट्रीय आंदोलन को मजबूती प्रदान करने हेतु सीएसीएल झारखंड द्वारा प्रमंडलीय स्तरीय परामर्श बैठक के दूसरे दिन, राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 44 दिवसीय राज्यव्यापी अभियान श्रम नहीं शिक्षा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य झारखंड को बाल श्रम मुक्त बनाना और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित कराना है। कार्यशाला में बाल श्रम से संबंधित सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी प्रावधानों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने यह प्रतिबद्धता जतायी कि वे आगामी 44 दिनों तक सम्मिलित होकर जागरूकता अभियान, समुदाय स्तर पर बैठक, बाल अधिकार आधारित कार्यक्रम, विद्यालय स्तरीय गतिविधियाँ तथा सरकार व प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को धरातल पर सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करेंगे।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे सभी मिलकर झारखंड को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिलाने हेतु समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य करेंगे। अभियान श्रम नहीं शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इस जनांदोलन से जोड़ा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक बच्चें विद्यालय जाए, सुचारू रूप से पठन पाठन करें, सीखें, सुरक्षित व सम्मानजनक बचपन को जी सके तथा अपने भविष्य को संवार सके। मंच का संचालन निक्कू कुमार साह ने किया। उक्त कार्यशाला को सफल बनाने में बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजकुमार उपाध्याय, सदस्या कुमारी विजय लक्ष्मी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन के पदाधिकारी एवं कर्मीगण, सीएसीएल के राज्य संयोजक संजीव भगत, सीएसीएल कैंपेन कॉर्डिनेटर सुप्रिया पाल, बाल गृह की अधीक्षिका कुमारी अपर्णा, लोक कल्याण सेवा केंद्र के अनिल कुमार साह, लावणी घोष, मर्शिला मुर्मू एवं संथाल परगना प्रक्षेत्र की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों

# भारत विकास परिषद दुमका इकाई की ओर से अक्षय तृतीया के मौके पर संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** विशेष जनजाति विद्यालय कैरबानी एवं ऊपर मुर्गथालि गांव में भारत विकास परिषद दुमका इकाई की ओर से अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्कार कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित छात्राओं को संस्कार निर्माण के प्रति युवती और महिलाएं अपनी जिम्मेदारी एवं पारिवारिक रीति रिवाज को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से पालन करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को विशेष प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि को भी बतलाया गया। जिससे वह अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व मे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से समाज के बीच अपना अलग पहचान बना सकेंद्य बच्चियों के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता, पारिवारिक स्वच्छता एवं सामाजिक स्वच्छता पर के प्रति जागरूक किया गया, ताकि समाज के हर पहलू के स्वच्छता के प्रति एक दूसरे को सहयोग दे सके जो आने वाले जीवन में उनके लिए वरदान साबित होगा। ऐसे अनेकों कार्यक्रमों के साथ भारत विकास परिषद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने कार्यक्रम का आयोजन के साथ दायित्व निर्वहन का कार्य करते आ रही है। उपस्थित बच्चियों को फल बिस्कुट, सत्तू पिलाकर एवं जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद दुमका इकाई के अध्यक्ष प्रीति भालोठिया, सचिव जितेंद्र कुमार साह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सक्रिय सदस्य ज्योति हिम्मतसिंहका, मनीषा भालोठिया, सरोज साह, किशोर साह, व्यवसायी दिलीप शर्मा, शकुंतला भालोठिया, प्रांतीय संस्कार संयोजक भारती शर्मा, प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ मधुर कुमार सिंह एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शंकर सिंह पहाड़िया, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, दीपिका पुजारी, सुनीता, बबीता कुमारी, प्रभारी शिक्षिका पार्वती डेहरी आदि मौजूद थी।

# पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा :** शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में आज बुधवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। प्रखंड प्रमुख हुदु मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम, अंचलाधिकारी शिकारीपाड़ा कपिल देव ठाकुर के अलावे विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अभियंता आदि कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में बीडीओ एजाज आलम ने बारी-बारी से विभागों का लेखा-जोखा प्रमुख के समक्ष रखा जिस पर पंचायत समिति सदस्यों ने आपस में चर्चा की। बिजली इत्यादि विभागों से संबंधित मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है और प्रत्येक माह के बैठक में विभागीय प्रतिनिधि एक ही रटा रटाया जवाब देते है कि देख लिया जाएगा और ठीक कर दिया जाएगा।प्रखंड प्रमुख हुदु मरांडी ने कहा कि बैठक में जिस भी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो रहे है उनके विरुद्ध उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाएगा और उन पर कार्रवाई की जाएगी। रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने पंचायत में चल रहे योजनाओं की सारी पंजी एवं दस्तावेज सुरक्षित एवं आवश्यक रूप से पंचायत में उपलब्ध रखें ताकि किसी भी पंचायत के निरीक्षण के दौरान पंचायत में चल रहे कार्यों की भौतिक स्थिति की तुलना दस्तावेजों से की जा सके । बैठक में लाल मोहम्मद अंसारी, स्वास्थ्य प्रभारी देवानंद मिश्रा समेत विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भी उपस्थित हुए।

# आपसी विवाद में 74 वर्षीय वृद्धा के साथ मारपीट, मामला पहुंचा मसलिया थाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** मसलिया थाना क्षेत्र के फुलशहरी गांव में मंगलवार देर शाम को आपसी विवाद में 74 वर्षीय वृद्धा पुतला शील के साथ मारपीट की घटना सामने आई। मारपीट में वृद्धा घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक वृद्धा अपने घर के दरबाजे में बैठी थी। उसी समय गांव के ही बिमान शील ने वृद्धा के शरीर में बालू फैक दिया। दोनों के बीच तु-तु में-में होने लगी। बकझक काफी आगे बढ़ जाने पर गुस्सा से बिमान शील ने डंडे से मारकर वृद्धा का सिर फोड़ दिया। वृद्धा अपने दिव्यांग पुत्र केशव शील के साथ मसलिया थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी। मसलिया पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए मसलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वृद्धा महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी बिमान शील को मसलिया पुलिस ने थाना बुलाया है। समाचार लिखे जाने तक फुलशहरी गांव के बिमान शील को थाना में ही बैठा कर आगे की जा रही थी।

# प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी ने किया रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थाना प्रभारी डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त दान किया। इनके साथ मुफस्सिल थाना में पदस्थापित कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने भी रक्तदान की। कुल 8 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस बाबत प्रशिक्षु आईपीएस डॉ हाशमी ने कहा की आए दिन ऐसी जानकारी मिलती है कि ब्लड बैंक में रक्त की कमी से लोगों को काफी परेशानी होती है। मानवता के नाते पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने रक्तदान किया। यह रक्त खासकर मिशनरी ऑफ चैरिटी में रहने वाले वैसे बच्चे जो थैलेसीमिया या अन्य वैसी बीमारी जिन्हें समय-समय पर रक्त की जरूरत पड़ती उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# रामगढ़ में 172 स्कूली छात्रों के बीच हुआ साइकिल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच 172 साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त करने वालों में यूएमएस कुशडीहा, कुशबन्ना, ढोल पाथर, कोआम, बासदुमा, कुला पाथर, कुप्पी, ओड़तारा, मिलन पहाड़ी, जियापानी, ठाडी सी तथा मध्य विद्यालय खुटहन के छात्र-छात्राएं शामिल थे। साइकिल प्राप्त करने वालों में 89 छात्र तथा 83 छात्राएं शामिल हैं। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 172 छात्र-छात्राओं के बीच ही साइकिल का वितरण हुआ। ये साइकिलें शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए वितरित की गई हैं। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में रामगढ़ प्रखंड के 2046 छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा साइकिल दिया जाना है। जिनमें से 1000 तथा 1046 छात्राओं को साइकिल दी जा चुकी है। शेष 645 छात्र-छात्राओं के बीच शीघ्र ही साइकिलों का वितरण कर दिया जाएगा।

# शिक्षकों की दो दिवसीय मासिक गुरू गोष्ठी 2 से शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मसलिया के ज्ञापांक 593 दिनांक 29 अप्रैल के आलोक में शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी दो और तीन मई को होगी। यह जानकारी प्रखंड समन्वयक सह बीइइओ मसलिया जियारूल इस्लाम ने दी। बीइइओ इस्लाम के मुताबिक मासिक गुरू गोष्ठी दो मई को प्रथम पाली में प्रखंड के सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालय तथा मध्य विद्यालय के सचिव तथा द्वितीय पाली में प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के सचिव को लेकर मासिक गुरू गोष्ठी की जायेगी। वहीं दूसरी ओर मसलिया प्रखंड के सभी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सचिव को लेकर गुरू गोष्ठी की बैठक होगी। बैठक में पीएम पोषण योजना, वर्ग बार कोटीवार नामांकन, अपर आईडी, स्कूल के बच्चों के साथ कार्यरत सभी शिक्षकों की ई-विद्या बाहिनी में उपस्थिति दर्ज के अलावा दिव्यांग बच्चों की सूची, नये नामांकन, उल्लास आदि कागजात के साथ उपस्थित होना चाहिए।

# सिविल सोसायटी दुमका के प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत विभाग के महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** सिविल सोसायटी दुमका के प्रतिनिधि मंडल महाप्रबंधक -सह- मुख्य अभियंता राकेश प्रसाद से मिलकर निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही इलाके में कभर तार लगवाने और बेहराबांक के 20 परिवार को नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया सदर प्रखंड के बेहराबांक गांव के करीब 20 परिवार ने बिजली कनैक्शन लेने के लिए आवेदन जमा किया है। लेकिन अब तक बिजली कनैक्शन नहीं हुआ है। उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसायटी दुमका के उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारिणी सदस्य मनोज भालोटिया, लक्ष्मी नारायण साह, कुंदन कुमार आदि शामिल थे।प्रतिनिधि मंडल को महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में अंकित सभी समस्या का समाधान शीघ्र अतिशीघ्र करा दिया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती के लिए हुआ जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** गर्मी के मौसम में पेय जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए उपायुक्त के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल में जिला स्तर पर कार्यपालक दंडाधिकारी गौतम मोदी (8178732966) को नियंत्रण कक्ष का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। गोपीकांदर, काठीकुंड, शिकारीपाड़ा एवं रानीश्वर प्रखंड के नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या एक योगेंद्र हेंब्रम(9801990401) पेयजल, डाय एंट्री ऑपरेटर के रूप में निवास भारती (9534044440) एवं पिंटू भंडारी (9835121085) को बनाया गया है। इसी तरह दुमका, जामा, रामगढ़, सरैयाहाट, मसलिया, जरमुंडी प्रखंड के लिए सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 2 प्रेम बंधन कच्छप (9931995981), डाय एंट्री के रूप में रंजीत कुमार (9801739040) एवं दीपक कुमार महतो (7667983138) को बनाया गया है। प्रखंडवार प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी गोपीकांदर एवं काठीकुंड के लिए डिस्ट्रिक्ट एसएलडब्लूएम कॉर्डिनेटर दुमका 01 निर्मल कुमार दास (9304162537) शिकारीपाड़ा के लिए डिस्ट्रिक आईईसी कॉर्डिनेटर दुमका 01 सनाउल अंसारी(7903499213) रानीश्वर के लिए डिस्ट्रिक्ट एमआईएस कॉर्डिनेटर दुमका 01 विनय कुमार(8210072118) दुमका एवं जामा के लिए डिस्ट्रिक्ट एसएलडब्लूएम कॉर्डिनेटर दुमका 02 वीरभद्र नटराज यादव(8789311481) रामगढ़ एवं सरैयाहाट के लिए डिस्ट्रिक आईईसी कॉर्डिनेटर दुमका 02 (9631534176) मसलिया एवं जरमुंडी के लिए डिस्ट्रिक्ट एमआईएस कॉर्डिनेटर दुमका 02 (7004871070) उप विकास आयुक्त ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड स्तर पर खराब चापाकल एवं जलापूर्ति योजना के मरम्मति 15वीं वित्त की आबध मद् से कराना सुनिश्चित करेंगे। सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सं-01 एवं 02, दुमका- अपने अपने प्रमंडल अंतर्गत प्रखंडों में खराब चापाकल एवं पेयजलापूर्ति योजना की मरम्मति अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी राज्य स्तर पर झर जल पोर्टल, संबंधित डॉटा इन्ट्री ऑपरेटर नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन को गूगल शीट पर डॉटा संधारित कर प्रत्येक दिन वरीय पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। वरीय पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपडेटेड गूगल शीट को व्हाट्स ऐप ग्रुप के माध्यम से जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, उपायुक्त, दुमका एवं अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव-2025 को लेकर बासुकीनाथ स्थित सभागार में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव -2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव -2025 के दौरान हमारी व्यवस्था उच्च कोटि की रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ मेला क्षेत्र में एकत्रित नहीं हो। वे सुगमतापूर्वक जलार्पण कर सकें।इसका विशेष ध्यान रखा जाय। कहा कि मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में विधुत वायरिंग का कार्य दुरुस्त ससमय कर लें। मंदिर के आसपास एवं शिवगंगा की साफ सफाई पूरे मेला अवधि के दौरान बेहतर रहे। इस संबंध में निविदा का कार्य पूर्ण कर लें। उपायुक्त ने कहा कि अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था मेला क्षेत्र में रहे ताकि विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को भी अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जाय।इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाय।उन्होंने कहा कि जलार्पण काउंटर के माध्यम से भी पूरे मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जलार्पण काउंटर को बेहतर ढंग से बनाया जाय। श्रद्धालुओं को जलार्पण काउंटर के माध्यम से जलार्पण करने में कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखा जाय साथ ही अधिक संख्या में श्रद्धालु जलार्पण काउंटर में एकत्रित नहीं हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाय। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले आवासन केंद को श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बनाने का निदेश दिया है। कहा कि पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग यूनिट सहित जरूरी व्यवस्था निश्चित रूप से आवासन केंद्र में रहे इसका ध्यान रखा जाय।श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालु एक बेहतर अहसास के साथ बासुकीनाथ से वापस जाएं इसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्य को ससमय पूर्ण किया जाय। इससे पूर्व उन्होंने रुट लाइन का निरीक्षण किया एवं श्रावणी मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग, जलार्पण हेतु

## झलकियां

### बम फटने से दो बच्चे घायल, कई बाल-बाल बचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज थाना अंतर्गत देवीपुर गांव में एक गैर सरकारी स्कूल के पास बुधवार को बम विस्फोट से दो स्कूली बच्चों के जख्मी होने की घटना सामने आई है। घटना में घायल दोनों बच्चे को स्थानीय अनूपनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक का नाम अरमान शेख और दूसरे का नाम शरमीन खातून बताया जाता है। जबकि घटना के दौरान वहां मौजूद कई अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने मामले की छानबीन कर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी के माहौल को शांत कराया। घटना को लेकर छात्रों और शिक्षकों ने पुलिस को बताया कि स्कूल छुट्टी देने से पहले ही बम विस्फोट हुआ है। अगर छुट्टी के दरम्यान होता तो शायद बड़ी घटना घट जाती। शमशेरगंज के आईसी सुब्रत घोष ने बताया कि घटना की तहकीकात शुरू हो गई है। किसने और किस उद्देश्य से बम रखा था, इसकी जांच कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### डीटीओ ने जब्त किया दो बालू लदा ट्रेक्टर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** थाना क्षेत्र के शितपहाडी गांव के समीप से दो ओवर लोड बालू लदे ट्रेक्टर को डीटीओ ने जब्त किया है।जानकारी के अनुसार बालू को डीटीओ संजय पीएम कुजुर ने बुधवार को हिरणपुर-कोटालपोखर मुख्य मार्ग में शीतपहाड़ी गांव के समीप से जब्त किया है. डीटीओ ने बताया कि दोनों ओवर लोड बालू लदे ट्रेक्टर का चालक से सबंधित आवश्यक कागजात मांगा गया।वही चालक ने कागजात नही दिख पाया. जिस कारण दोनों ट्रेक्टर को जब्त कर थाने लाया गया है। जिसके बाद दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दोनों ट्रेक्टर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एसएनसीयू वार्ड में डॉक्टर के नहीं रहने पर मरीज ने की शिकायत, सीएस ने डॉक्टर व कर्मी की ली क्लास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल का सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण पर सीएस ने डॉक्टर के उपस्थित नहीं रहने की मरीजों की शिकायत पर एसएनसीयू वार्ड का जायजा लिया। इसपर सीएस ने ऐसे डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए जमकर फटकार लगाई है। वही अल्ट्रासाउंड कक्ष का भी जायजा लेते हुए समय पर डॉक्टर को पहुचने का निर्देश दिया है। सीएस ने कहा कि यहां अल्ट्रासाउंड के लिए मरीज सुबह ही पहुचते है। ऐसे में डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी समय पर पहुचे। इसके अलावा ओपीडी, आईपीडी आदि का निरीक्षण करते मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई है। मौके पर कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### कटहलबाड़ी सरकारी स्कूल से 10 मोनिटर सहित हजारों की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते मंगलवार की रात कंप्यूटर क्लास रूम से अज्ञात चोरों ने दरवाजा का ताला तोड़कर करीब 60 हजार रुपए का इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर फरार हो गया है। जबकि बैटरी तथा इनवर्टर विद्यालय के पीछे झाड़ी में छोड़ गया। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने पीछे के दरवाजे से विद्यालय में प्रवेश कर क्लास रूम का तोड़कर रूम में घुसकर सभी समान को चुराने का प्रयास किया। परंतु अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने हल्के सामान को ले गए तथा भारी समानों को विद्यालय के पीछे झाड़ियों में छोड़कर भाग गए। बुधवार की सुबह जब विद्यालय खोला गया तो देखा कि क्लास रूम का ताला तोड़कर समान चोरी कर लिया गया है। इधर घटना की सूचना राधानगर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही राधानगर थाना के एसआई सुनील महतो घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। चोरी की घटना को लेकर विद्यालय के सचिव विनय मंडल ने राधानगर में आवेदन देकर बताया है कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय से 10 पीस मोनिटर,7 पीस माउस,6 पीस हेडफोन्स तथा प्रिंटर एक पीस चोरी हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार बताया गया है। इस संबंध में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामले में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## बालू लदा ट्रैक्टर के चपेट में आकर महिला की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** थाना क्षेत्र के सिरीशतल्ला गांव के समीप बुधवार को बालू लदा ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के रामनाथपुर गांव के 35 वर्षीय महिला प्रिशिला मरांडी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकर्ण कुमार, एएसआइ कुबेर प्रसाद चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला था। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पति देवीधन टुडू ने बताया कि उसकी पत्नी अपने मायके आमलादही गांव गई हुई थी। आज शाम को वह पैदल अपना घर आ रही थी।

इसी दौरान आमलादही के तरफ से आ रही बालू लदा तेज रफ्तार ट्रैक्टर संख्या जेएच 17 एन 2418 ने महिला को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया और ट्रैक्टर की ट्राली से महिला को कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन भी घटना स्थल पर पहुंचकर शव को देखते ही रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं मृतक के एकमात्र 10 वर्सिय पुत्र चिंटू टुडू सदमे में था।

## अनाज की कालाबाजारी करते पकड़ाए टोटो चालक व डीलर के खिलाफ केस दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के हरिहरा गांव के राशन डीलर मनिरुल हक के द्वारा बंगला के टोटो चालक के माध्यम से अनाज की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। आरोप है कि डीलर मनिरुल हक बंगाल के टोटो वाले को अनाज बेचा था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस मामले में मुफस्सिल थाना में राशन डीलर मनिरुल हक और टोटो चालक हैदर अली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वहीं टोटो चालक हैदर अली को जेल भेज दिया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) सुमित कुमार मिश्रा ने कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत किया था। इस मामले को लेकर 316(2), 316 (5), 318 (4), 3 (5) बीएनएस एंड 07 एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट 1955 के तहत कांड संख्या 107/25 दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1ः00 बजे के आसपास पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के खजुरतल्ला गांव के रहने वाले टोटो चालक हैदर अली हरिहरा गांव के राशन डीलर मनीरूल हक से सरकारी अनाज कालाबाजारी के लिए बंगाल लेकर जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसकी जानकारी मुफस्सिल थाना को दी गई। इसके बाद मुफस्सिल पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने घटना का सत्यापन किया। इसी दौरान राशन डीलर मनिरुल हक के दुकान की जांच भी किया।



प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि दुकान की जांच करने पर चालान के हिसाब से लगभग 10 क्विंटल चावल कम पाया गया। अनाज गोदाम में चालान के आधार पर मई 2025 का ग्रीन कार्ड का चावल 44 बोरा 34 किलो और जुलाई 2024 का ग्रीन चावल 30 बोरा 14 किलो तथा एनएफएसए अप्रैल 2025 के स्टॉक कुल 3 क्विंटल 25 किलो अवशेष रहना था। लेकिन गोदाम में 60 बोरा चावल एवं 3 किलो चना दाल ही पाया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि घटना से साफ प्रतीत होता है कि उक्त टोटो चालक हैदर अली एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता मनिरूल हक के द्वारा सरकारी चावल की कालाबाजारी की जा रही थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने यह भी बताया कि जब मैं करीब 2ः00 बजे घटना स्थल पर पहुंचा, तो घटना की पुष्टि हुई। इस दौरान टोटो पर लगभग चार क्विंटल चावल 6 बोरियों में लदा पाया गया।

वहीं टोटो चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता मनिरूल हक से चावल खरीद कर बंगाल बेचने के लिए लेकर जा रहा था। इस दौरान मुखिया हजरत बिलाल भी मौजूद थे। उनके समक्ष ग्रामीणों की उपस्थिति में घटना की जांच कर थाना में लिखित शिकायत किया गया।

इधर थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने बताया कि घटना को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के लिखित बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जबकि घटना स्थल पर पकड़े गए टोटो चालक हैदर अली को जेल भेज दिया गया है।

## बाल विवाह के प्रति किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** टैगोर सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट गढ़बाड़ी संस्था के द्वारा बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के कर्मियों मिनती साहा, प्रशांत मंडल, गोलोक सिंह, सरोला सोरेन, सोलेमान ने बारी-बारी से उपस्थित विद्यालय की छात्राओं को बाल विवाह के नुकसान से होनेवाले बिंदुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के जीवन को बर्बाद करता है।

उनकी शिक्षा और विकास को रोकता है और उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह कानून के खिलाफ भी है। हर बच्चें को स्कूल जाने, खेलने और अपने सपनों को पूरा करने का अधिकार है। बाल विवाह इन अधिकारों से वंचित करता है। हम सबको मिलकर बाल विवाह के विरूद्ध लड़ना है एवं बाल विवाह को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

## परिवार नियोजन व छिड़काव को गति देने पर चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के सभागार में बुधवार को प्रभारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मासिक बैठक में बीते माह किए गए कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति देने पर चर्चा की गई। बैठक में छिड़काव को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही वैसे गांव जहां पर कालाजार से संबंधित मरीज मिला है। वहां पर कैंप लगाकर लोगों का जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में आईआरएस, टीबी, मलेरिया, एमटीसी के अलावे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शैलेश कुमार, ज्योतिष पासवान, सीएचओ, एएनएम, बिटीटी, सहियासाथी के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



## हरिनाम संकीर्तन में श्रीकृष्ण लीला की पूर्वराग की प्रस्तुति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर :** डांगापाड़ा गौर मन्दिर प्रांगण में मंगलवार की शाम 24 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन आयोजित हुई। इस संकीर्तन में वीरभूम बंगाल के अरविंदम भट्टाचार्य, यमुना मण्डल कोलकाता, कालीचरण कर्मकार पाकुड़ व दुलाल चन्द्र साहा के कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। संकीर्तन में यमुना मण्डल के दल ने मनमोहक प्रस्तुति की। गायिका ने श्रीकृष्ण लीला के पूर्वराग की प्रस्तुति की। उन्होंने कहा संगीतमय रूप व्याख्या करते हुए कहा कि संसार मे मानव जन्म ही श्रेष्ठ है। पूण्य के बल पर मानव के रूप में लोग पृथ्वी पर जन्म लेते है। पर हम मानव की कर्तव्य व धार्मिक आस्था से विमुख होते जा रहे है।भागवत कथा के दौरान भगवान का वास होता है। सभी प्राणियों में भगवान वास करता है।

उन्होंने धर्म को लेकर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि माता पिता व गुरु का सेवा करना परमधर्म है। निताई कृपा के बिना गौर की कृपा प्राप्त नही हो सकता। इसके अलावे अन्य कीर्तन मंडलियों द्वारा भी प्रस्तुति की गई। उधर रानीपुर में भी 24 प्रहर व्यापी संकीर्तन आयोजित हुई।

जहां कीर्तन मण्डली पवित्र मुखर्जी कोलकाता, बादल पाल पुरुलिया, लक्खी प्रिया सिउड़ी, मिनोति दासी गाजल, श्रुर प्रमाणिक मुरारोई सहित अन्य दल भाग ले रहे है। जहां संकीर्तन में लोगो की काफी भीड़ देखी गई।

## टास्क फोर्स की बैठक में नियमित टीकाकरण पर दिया गया जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को राजमहल बीडीओ सह सीओ मो.यूसुफ एवं राजमहल अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टूडु के संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजमहल बीडीओ ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि किसी भी कर्मी के द्वारा कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ पिछले बैठक में दिए गए निर्देश का अनुपालन पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि वर्तमान में महिला पर्यवेक्षिका का पदस्थापन राजमहल हो चुका है। अनुमंडल अस्पताल राजमहल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र में लक्ष्य के अनुरूप महिला पर्यवेक्षिका संबंधित आंगनबाड़ी सेविका से सर्वे करवरकर एवं बीटीटी स्वास्थ्य सहिया से सर्वे करवारकर कुपोषित बच्चों को भर्ती कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मु,विश्व स्वास्थ्य संगठन के बासुकीनाथ यादव, स्कूल यूनिसेफ संस्था के नवाब हसन, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक संजय यादव, कालाजार तकनीकी पर्यवेक्षक मनीष टुडू एवं डेनियल किस्कू, सुनील कुमार, चितरंजन ठाकुर, धीरेन मंडल, स्नेहा मरांडी एवं अन्य उपस्थित थे।




## बीडीओ ने सभी ग्राम प्रधान के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवादाता

**उधवा :** प्रखंड सभागार कक्ष में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में संथाल सिविल रुल्स एवं संथाल परगना जस्टीस रेगुलेशन 1893 के प्रावधानों को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रचलन में लाने हेतु एवं विधिक पहलुओं पर राय व सुझाव प्राप्त कर अपने मंतव्य के प्रतिवेदन उपलब्ध कराने से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं बीडीओ सह सीओ ने ग्राम प्रधानों के साथ पहली बार बैठक होने से सभी से परिचय प्राप्त किया गया। सीओ ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में बाहरी किसी भी जाति के लोग आपके क्षेत्र में बसते है,तो इसकी सूचना अंचलाधिकारी को दें। ताकि लोगों की चिन्हित किया जा सकें। उन्होंने बताया कि आपके क्षेत्र में किसी प्रकार की समास्याएं हो तो अंचल को सूचना करें। ताकि प्रशासन आपका सहयोग कर सकें। प्रधानों को बताया कि एक मार्केटिंग कंप्लेट्स के लिए आदिवासी क्षेत्र में जगह चाहिए ताकि आपके क्षेत्र के विकास के लिए एक अनोखा सहयोग किया जा सकें। वहीं सीओ ने डायन प्रथा को खत्म करने को लेकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। बैठक में कई प्रस्ताव भी लिया गया। सभी प्रधानों को ग्रामीणों रैयतों के लगान रशीद का ससमय करवाने एवं लगान का विधिवार संधारण पंजी में करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। साथ ही बताया कि उधवा चौक से वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा को मोहनपुर में स्थापित करने हेतु जमीन का चिन्हित किया गया है। प्रधान का सहमति भी ले ली गई है। बहुत जल्द मोहनपुर में सिदो-कान्हू की प्रतिमा स्थापित कर दिया जाएगा। मौके पर अंचल निरीक्षक दारा पासवान,राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार,गुरु दास,दीपक कुमार,साहेबराम मुर्मु,नाजीर हेम्ब्रम,बोतल राजवाड़,सुफल सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में शिक्षकों ने रखी समस्या

प्रभात मंत्र संवादाता

**हिरणपुर :** सामाजिक अंकेक्षण को लेकर बुधवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र हिरणपुर में प्रखण्ड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें तीन विद्यालयों की जनसुनवाई की गई।जन सुनवाई में शिक्षा विभाग के एडीपीओ पीयूष कुमार, डीआरपी अनन्त मण्डल, क्षेत्रीय समन्वयक कंचन कुमार व बीपीओ ट्विंकल चौधरी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस जनसुनवाई में मध्य विद्यालय धोवाडांगा, दारुल उलूल मदरसा बड़तल्ला व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर की जनसुनवाई की गई. जिसमें सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधान शिक्षक, विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष, संयोजिका आदि ने भाग लिया।




इस जनसुनवाई में विद्यालयों में चिकित्सा पदाधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर न रहने की बात पर शिक्षको ने कहा कि सभी पूर्ण कर दिया गया है। वही बच्चो को मध्यान्ह भोजन खिलाने के दौरान दरी न रहने से जमीन में बैठना पड़ रहा है। जनसुनवाई के दौरान मध्यान्ह भोजन, छात्रवृति, पोशाक वितरण, एसएमसी की नियमित बैठक, विद्यालय में पदाधिकारियो की अनुश्रवण के बाद पंजी में उल्लेख, सफाई, पेयजल व शौचालय की यथास्थिति को लेकर भी समीक्षा की गई। इस दौरान बीआरपी संजय जयसवाल सहित सभी संकुल साधनसेवी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क सहायता व उपकरण कृत्रिम अंग निर्माण निगम ने लगाया जांच शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को एडीप के तहत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायता एवं उपकरण कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के द्वारा बुधवार को प्रखंड के सभागार भवन में जाँच शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में बीडीओ संजय कुमार ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के आयोजित शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उत्पाद श्रृंखला में ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक उपकरण,स्पाइनल ब्रेसेस,सर्वाइकल कॉलर उपकरण और दिव्यांगजनों के लिए उत्पाद श्रृंखला में ऊपरी और निचले अंग के लिए पुनर्वास सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, बैसाखी और ट्राई व्हीलर,मोटराईज ट्राई साइकल,कान की मशीन आदि आवश्यकताओं की जाँच किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को निशुःल्क सहायता एवं उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के कृत्रिम अंग विशेषज्ञ विनय कुमार के द्वारा लगभग 46 वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का जाँच कर उनमें में से 35 मरीजों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया।

# फॉलोअप : एसीबी की कार्रवाई के बाद बदला-बदला सा रहा प्रखंड कार्यालय का माहौल, कम रही चहल-पहल








प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पंचायत सचिव वतन कुमार के खिलाफ कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय का माहौल आम दिनों के मुकाबले बुधवार को बदला-बदला सा लगा। आम दिनों के मुकाबले चहल-पहल कम देखी गई। कार्यालय में खासकर मनरेगा कर्मियों की मौजूदगी भी नहीं के बराबर थी। यह अलग बात है कि वे अपनी जिम्मेवारी निभाते कहीं व्यस्त होंगे। पर कार्यालय में इंजीनियर, पंचायत सचिव या रोजगार सेवकों की चहल-पहल उस तरह नहीं दिखाई दी, जिस तरह आम दिनों में दिखाई देती है। कार्यालय आने वाले लोगों की संख्या भी अन्य दिनों के मुकाबले कम थी। प्रखंड कार्यालय परिसर का माहौल आम दिनों के मुकाबले शांत रहा। बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू और बीपीओ अजीत टुडू अपने काम में व्यस्त थे। दोनों पदाधिकारी कुछ देर के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में अपने काम से चहल-कदमी करते देखे गए।

**पंचायत सचिव व शिकायतकर्ता में थी गहरी दोस्ती, फिर क्यों आई रिश्तो में खटास** :- एसीबी के हत्थे चढ़े जनसेवक सह प्रभारी पंचायत सचिव वतन कुमार डेढ़ साल पहले ही जमशेरपुर पंचायत में योगदान दिया था। उनका झिकरहटी पूर्वी पंचायत से जमशेरपुर स्थानांतरण हुआ था। इन डेढ़ सालों में पोड़ाबगान के रहने वाले असिकुल आलम से गहरी दोस्ती रही। एक-दूसरे के साथ परछाई की तरह रहने वाले दोनों की दोस्ती की लोग मिसाल दिया करते। अचानक दोस्ती में दरारें क्यों और कैसे आई कि पंचायत सचिव वतन कुमार को जेल जाना पड़ा। यह जमशेरपुर पंचायत और प्रखंड कार्यालय में भी उन्हें जानने वालों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचायत सचिव वतन कुमार को मंगलवार को एसीबी दुमका की टीम ने दस हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ी थी। एसीबी की यह कार्रवाई असिकुल आलम के शिकायत पर की गई। इस घटना के बाद प्रखंड कार्यालय और पंचायत में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोग दोनों के बीच की घटना से स्तब्ध भी है। इन चर्चाओं का हालांकि अब कोई महत्व भी नहीं रहा और खासकर तब, जब एसीबी के मुताबिक पंचायत सचिव वतन कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी का दावा है कि शिकायत मिलने के बाद सत्यापन भी किया जा चुका है।

**क्या है मामला** :- एसीबी ने पंचायत सचिव वतन कुमार के खिलाफ कार्रवाई का जो कारण बताया है, उसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में जमशेरपुर पंचायत के पोड़ाबगान के रहने वाले असिकुल आलम को मनरेगा से सिंचाई कूप निर्माण की स्वीकृति मिली थी। जिसकी लागत 3 लाख 96,000 रुपए बताई गई। जिसका योजना संख्या 58/23-24 है। निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब तक दो बार में 67,136 रुपए का भुगतान मिला है। पंचायत सचिव पर आरोप लगाया गया है कि शेष राशि 3 लाख 28,864 रुपए के भुगतान के लिए पंचायत सचिव के द्वारा 20,000 रुपए का रिश्वत मांगा गया था। लाभुक असिकुल आलम रिश्वत देना नहीं चाहते थे। पंचायत सचिव का कहना था कि रुपए नहीं दिए गए तो डोंगल नहीं देंगे और भुगतान भी नहीं करेंगे।

इसके बाद असिकुल आलम ने दुमका एसीबी में शिकायत दर्ज कराया। एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन किया और सत्यापन के बाद कार्रवाई से एक दिन पहले 28 अप्रैल को एसीबी दुमका कांड संख्या 1/25 दर्ज किया गया। अगले दिन 29 अप्रैल को एसीबी की टीम पाकुड़ प्रखंड कार्यालय पहुंची और रंगे हाथों घूस लेते पंचायत सचिव को पकड़ लिया।

**असिस्टेंट इंजीनियर की मौत से गम में डूबे कर्मियों को झटका दे गई एसीबी की कार्रवाई**

मनरेगा के असिस्टेंट इंजीनियर श्याम दत्त शुक्ला के दर्दनाक और आकस्मिक मौत के बाद प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मचारी गम में डूबे ही थे। इसी बीच महज दो दिन बाद पंचायत सचिव वतन कुमार के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई झटका दे गई। हालांकि दोनों अलग-अलग मामले हैं और दोनों ही मामला को अलग-अलग नजरिए से देखा जाना चाहिए। एक मामला साथी कर्मी के हमेशा-हमेशा के लिए बिछड़ जाने का गमों से भरा है, तो दूसरा भ्रष्टाचार का मामला है। असिस्टेंट इंजीनियर श्याम दत्त शुक्ला के निधन पर हर कोई गम में डूबे हैं। बता दें कि पिछले शनिवार को ही अस्सिटेंट इंजीनियर श्याम दत्त शुक्ला की घर के छत से गिरकर दर्दनाक मौत हुई थी। दो दिन बाद ही पंचायत सचिव वतन कुमार को एसीबी ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

यह संजोग ही था कि अस्सिटेंट इंजीनियर को प्रखंड कार्यालय में श्रद्धांजलि दी जा रही थी, इसी दौरान अंदर ही अंदर एसीबी की कार्रवाई भी चल रही थी। जिससे प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों से लेकर तमाम कर्मचारी अनजान ही थे। प्रखंड कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के समापन के कुछ ही देर बाद एसीबी ने ब्लॉक कैंपस में ही संचालित चाय दुकान के पास 10,000 रुपए रिश्वत लेते पंचायत सचिव वतन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अस्सिटेंट इंजीनियर की मौत के बाद प्रखंड कार्यालय का माहौल गमगीन था।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन







प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड विकास परिषद द्वारा सुरक्षित बचपन के लिए दामिन पहल परियोजना के तहत एक दिवसीय अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.उक्त कार्यक्रम सर्वप्रथम कन्या मध्य विद्यालय, अमड़ापाड़ा में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संस्था के परियोजना समन्वयक मनोरंजन सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगे एवं किशोरियों को भी पढ़ने लिखने का समान अवसर मिले.कन्या मध्य विद्यालय की शिक्षिका कंचन बाला एक्का ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से किशोरियों में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता पैदा होती है एवं जीवन में लक्ष्य तय कर कुछ बनने का जज्बा पैदा होता है जिससे वह अपने स्वयं के अधिकार को पहचान सके और इस बाल विवाह जैसे कुरीतियां के खिलाफ आवाज उठा सके. कार्यक्रम के दौरान कन्या मध्य विद्यालय के 200 किशोरियों ने भाग लिया एवं शपथ लिया कि हम बाल विवाह जैसे कुरीतियों को जड़ से खत्म करेंगे एवं इसके विरुद्ध आवाज उठाएंगे व समाज को जागरूक करेंगे.वहीं दूसरी कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,मंड्रो, डूमरचीर में वार्डन सामिप्रा गुप्ता एवं बासमती मरांडी के अध्यक्षता में आयोजित की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बासमती मरांडी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीतियां है इसे जड़ से खत्म करना चाहिए इससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध होता है तथा उनका जीवन नर्क हो जाता है.राजीव रंजन ने किशोरियों को शपथ दिलाया कि बाल विवाह नहीं करेंगे एवं इसके प्रति अभिभावक को जागरूक करेंगे एवं अपने शिक्षा को बढ़ाएंगे तथा कहीं बाल विवाह होता है तो इसकी सूचना हम चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 112,1098,100 पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को देंगे. कार्यक्रम में जशीनता मिंज ने किशोरियों को प्रोत्साहित करने का काम किया. वही अजय मुर्मू ने भी बाल बाल विवाह से होने वाले नुकसान पर किशोरियों को जागरूक किया. कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कुल 300 किशोरियों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम को आयोजन करने में मार्टिना हेंब्रम, मिनी सोरेन, फुलमनी सोरेन, कीरानी मुर्मू की अहम भूमिका रही।

## मैजिक वाहन से बाइक की टक्कर में परीक्षा देने जा रहे बीए सेमेस्टर टू के छात्र की दर्दनाक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र के पाकुड़-दुमका मुख्य पथ पर सोलागड़िया गांव के पास बुधवार को टाटा मैजिक तथा बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान हिरणपुर थाना क्षेत्र के तारापुर गांव निवासी सुनील पंडित के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार हिरणपुर थाना क्षेत्र के तारापुर गांव से तीन युवक केकेएम कॉलेज बीए सेमेस्टर-टू की परीक्षा देने आ रहा था। वहीं पाकुड़ की ओर से दुमका की ओर जा रहे तेज रफ्तार टाटा मैजिक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार सुनील पंडित, मिलन साहा, पवन साहा तीनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल सुनसान होने का फायदा उठाते हुए टाटा मैजिक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक के द्वारा तीनों युवक का इलाज किया। जिसमें सुनील पंडित की स्थिति काफी गंभीर देखा गया। वहीं चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजने की बात कर ही रहे थे कि एक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मृतक एवं घायल के परिजनों को दिया गया। परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर रोने-बिलखने लगे। परिजनों ने बताया कि आज सुबह घर से कितना अच्छा परीक्षा देने के लिए बड़ों से आर्शिवाद लेकर घर से निकला था, पता नहीं था कि वह दोबारा घर लौटकर नहीं आएगा। अस्पताल में मृतक के परिजनों को रोते देख सभी की आंखे नम हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के एएसआई विपिन कुमार मौके पर पहुंचकर घटना से संबंधित जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। घटना के बाद टाटा मैजिक चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की बात कही।

## भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा







प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण महासभा के तत्वधान में शोभा यात्रा निकाली गई. जिसका नेतृत्व ब्राह्मण महासभा पाकुड़ जिला अध्यक्ष भगीरथ तिवारी ने किया.बुधवार को सुबह 8 बजे राजापाड़ा स्थित कालीबाड़ी मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें ब्राह्मण महासभा के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उ

क्त शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग होते हुए मेहीं परमहंस मन्दिर के पास प्रस्तावित परशुराम धर्मशाला, चकबलरामपुर तक पहुंची,जहां वैदिक रीति से पूजा अर्चना किया गया।उक्त शोभायात्रा में अध्यक्ष भगीरथ तिवारी,मनीष चौबे,कैलाश झा, राजीव रंजन तिवारी, मिथिलेश ठाकुर, संजीव झा, मिथिलेश त्रिवेदी ब्रजेश पाठक, आनंद तिवारी ब्रजेश दूबे, पीयूष दूबे, कुंदन मिश्रा, शुभम कुमार, रीतेश पांडे, दीनानाथ गौस्वामी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के महुलपहाड़ी पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर बिरसा हरित ग्राम योजना, भम्पक, अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। बीडीओ ने महुलपहाड़ी पंचायत अंतर्गत लेदापाड़ा के लाभुक सुफल हांसदा का बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पानी, खाद और उचित रख रखाव का निर्देश लाभुक को दिया एवं यथा शीघ्र पिड डिगिंग कार्य प्राक्कलन के अनुरूप व समय सीमा के साथ अविलंब पूरा करवाने का निर्देश बीपीओ जगदीश पंडित को दिया।

मौके पर सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, कनीय अभियंता लालू रविदास, पंचायत के मुखिया प्रकाश मरांडी, पंचायत सचिव,रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे।

## बाल विवाह के खिलाफ निकाली गई जागरूकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** जिला बाल संरक्षण इकाई पाकुड़ एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह के विरूद्ध बुधवार को पाकुड़िया कन्या उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने बाल विवाह छोड़ो, गरीबी के कुचक्र को तोड़ों, कच्ची उम्र में मत करो विवाह दोनों का जीवन होगा तबाह, जन जन में करो प्रचार बाल विवाह है बेकार,बाल विवाह अभिशाप है आदि नारों की तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए मुख्य बाजार से लेकर पाकुड़िया गांव भ्रमण कर पुनः विद्यालय लौटी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुजुला मुर्मू ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रैली का आयोजन किया गया।साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बालिकाओं को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त केंद्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं और हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## प्रकृति की गोद में हरा रंग दिवस का उल्लासपूर्वक आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** दिल्ली पब्लिक स्कूल,पाकुड़ की बाल वाटिका एवम् प्री-प्राइमरी विभाग में आज ÷हरा रंग दिवस÷ का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष दिन का उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराना और प्रकृति से जोड़ना था।छात्रों ने इस दौरान विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों,फूलों और पक्षियों को देखा। इस अनुभव ने न केवल उनकी जिज्ञासा को बढ़ाया बल्कि उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील भी बनाया।छोटे बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर विद्यालय प्रांगण को हरियाली से भर दिया। कक्षा को भी हरे रंग के गुब्बारों, पत्तियों, पौधों और अन्य सजावटों से सजाया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हरे रंग की वस्तुओं की पहचान कराई और उनसे जुड़ी जानकारी साझा की।बच्चों ने रंगीन गतिविधियों में भाग लिया,जैसे हरे रंग की चीजें पहचानना,पत्तियों की छपाई, ड्राइंग और क्राफ्ट वर्क। बच्चों की प्रकृति का सानिध्य प्रदान करने और पेड़ पौधों का महत्व समझाने के लिए विद्यालय में मौजूद पुष्प वाटिका और बगीचे की भी सैर कराई गई।बच्चों ने छोटे पौधे लगाकर ÷हरा है तो जीवन है÷ का संदेश भी दिया।विद्यालय प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने जानकारी दी कि विद्यालय में संचालित इको क्लब के तत्वाधान में समय-समय पर प्रकृति से संबंधित कार्यक्रम होते रहते हैं।इस प्रकार के आयोजन बच्चों में रंगों की समझ के साथ-साथ प्रकृति के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाते हैं।उक्त अवसर पर विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने बताया कि यह दिन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और आनंददायक अनुभव लेकर आया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# यह सवालों का समय नहीं

**सबसे** महत्वपूर्ण और प्रथम राष्ट्र है। प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, राजनीतिक दल और देश के औसत नागरिक उसके हिस्से हैं। राष्ट्र का अस्तित्व है, तो सभी का अस्तित्व है। पहलगाम नरसंहार हमारे भारत की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई। जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? यह फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए कथित 300 किग्रा आरडीएक्स विस्फोटक पर बार-बार सवाल करने का समय नहीं है। यह किसी कथित आतंकी को भाजपा का टिकट देने पर सवाल करने का भी समय नहीं है। यह आतंकी हमले गिनवाने का भी समय नहीं है। घटना 1984 की है, लिहाजा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आधिकारिक आवास में हत्या को सबसे अहम सुरक्षा चूक करार देना आज न तो प्रासंगिक है और न ही उचित समय है।

भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है।

### वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था

# न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

योगेंद्र योगी

**राज्यपाल** और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बने तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते। इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमजोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृत्ति ख़तरनाक ढंग से बढ़ी है। सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई? दरअसल सत्तारूढ राजनीतिक दलों के राजनीतिक उद्देश्य होते हैं, जब ये संविधान के दायरे में पूरा नहीं होते तब अदालतों से टकराहट की नौबत आती है। इसकी पुनरावृत्ति निश्चित तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। ऐसे विवादस्पद मुद्दों को सभी पक्षों को मिलबैठ कर निपटाने से ही देश की संवैधानिक विविधता और एकता-अखंडता मजबूत रहेगी।



सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी।

दृष्टि कोण

# जीएसटी का रास्ता आसान बनाने की जरूरत

**देश** में आर्थिक उदारीकरण के बाद जो सबसे बड़ा सुधार हुआ, वह था 'वन नेशन वन टैक्स' का फैसला। इसके तहत ही जीएसटी की नींव रखी गई। कई सरकारों से गुजरता हुआ यह अंत में जीएसटी के रूप में पहली जुलाई 2017 को संसद में पारित हुआ और इसे टैक्स वसूली और कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस पर बहुत काम किया और उम्मीद जताई कि यह टैक्स भरने में एक सुगम व्यवस्था बन जाएगा। लेकिन शुरुआत बहुत बुरी हुई और पहले तो इसका वेबसाइट बार-बार क्रैश करने लगा और फिर बहुत से कॉलम भी आसानी से भरे नहीं जा रहे थे। इन तकनीकी समस्याओं से जूझते हुए भी इस सुधार को आगे बढ़ाया गया। लेकिन इसमें तरह-तरह की अड़चनें आने लगीं जिसका अंत अब तक होता नहीं दिख रहा है। कारोबारियों को बताया गया था कि यह आसान व्यवस्था होगी और उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कई तरह की समस्याएं आती रहीं और कई तरह की विसंगतियां भी। लेकिन पूर्ण समाधान होता नहीं दिख रहा है। दरअसल जीएसटी को सुचारू रूप से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी और वह अभी भी इसका काम देखती है। भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत यह नहीं है, सिवा इसके कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता करती हैं। उन्हें अपने बूते किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे सभी बहुमत से होते हैं, यानी सभी राज्यों के चुने प्रतिनिधियों जो सामान्य रूप से वित्त मंत्री होते हैं। यह इस काउंसिल का लोकतांत्रिक स्वरूप जताता है, लेकिन यह कई बड़े फैसले न ले पाने का कारण भी बनता है। वित्त मंत्री की बहुत इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल किया जाए, ताकि इसके दाम भी पूरे देश में लगभग एक समान हों, लेकिन कई सदस्य इसे होने नहीं दे रहे हैं। वे अपने राज्य के हित में चलते हुए ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर इस पर जीएसटी लगा होता तो ऐसा संभव नहीं था। यह तो हुई जनता की परेशानी। अब आते हैं कारोबारियों-व्यापारियों पर जो अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पा रहे हैं। इसमें कई तरह की विसंगतियां हैं, मसलन दो तरह के सामान जो मिलकर एक उत्पाद होते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारी के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के एक पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है तो परांठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी भरकम टैक्स भी है। एक ओर तो सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर करती है, तो दूसरी ओर काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगा रखा है। व्यापारियों का कहना है कि दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। उनकी यह भी शिकायत है कि वे पूरे माह जीएसटी रिटर्न भरने में लगे रहते हैं, नहीं तो लाखों की देनदारी का नोटिस आ जाता है। रेस्तरां के एसी या नॉन एसी होने से जीएसटी कैसे घट-बढ़ सकता है जबकि आज देश में निम्न आय वर्ग के लोग भी भीषण गर्मी की मार से बचने के लिए अपने घरों में एसी लगाते हैं। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं- 5, 12, 18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए 8 वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है।

कुछ अलग

# आओ कब्र खोदें

**आंखें** छोटी करते हुए वह मुझसे बोले, 'अगर मायने नहीं रखता तो उठाया क्यों जाता? पर यह पूछो कि किसके लिए मायने रखता है? जाहिर है हर रोज दो जून की रोटी के जुगाड़ में लगे लोगों के लिए ऐसे मुद्दे कोई मायने नहीं रखते। काम-धंधे में लगे लोगों के लिए भी इनका कोई मतलब नहीं होता। कौन अपनी रोटी या काम-धंधा छोड़ कर फालतू बातों में समय खराब करेगा। यह तो गुंडों-मवालियों और फसली बटेरों का काम है। जरूरी नहीं कि खादी में लिपटा हर मगज ऐसी सोच रखता हो। पर अधिकांश लोग ऐसे ही हैं और सत्ता में बने रहने के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे लोग जो अपने लिए मेहनत नहीं कर सकते वे देश और समाज के लिए क्या हाड़ तोड़ेंगे। उनका मकसद तो पैसा कमाना है, फिर चाहे वह कमीशन-घूस से आए या देश बेच कर आए। अगर ये लोग सामाजिक उत्थान का कोई लक्ष्य सामने रखेंगे तो देश सवाल करेगा। सवालों से बचने के लिए ये लोग समय-समय पर ऐसे मुद्दे खड़े करते रहते हैं। कभी धर्म सामने आएगा तो कभी इतिहास में विधर्मी शासक द्वारा किए गए अत्याचार, कभी भैंसें सामने आएंगी तो कभी कपड़ों से की जाने वाली पहचान। लेकिन कभी यह लक्ष्य सामने नहीं आता है कि वियतनाम की तरह अगले दस सालों में देश पूरी तरह साक्षर हो जाएगा या बांग्लादेश की तरह परिवार नियोजन शत-प्रतिशत लागू हो जाएगा। लेकिन अगर लोग पढ़े-लिखे होंगे और परिवार छोटे होंगे तो गरीबी खुद-बखुद दूर कर लेंगे। याद रखना कि सत्ता कभी नहीं चाहती कि लोग खुद मुख्तार हों। ऐसे लोग किसी भी सत्ता के लिए फायदेमंद नहीं होते। इसलिए आजादी के अमृत काल में भी न गरीबी हटी और बेरोजगारी तथा न गरीब और बेरोजगार। क्योंकि चुनावों में सत्ता तक पहुंचने के यही दो पहिये हैं। तुमने कभी सोचा है कि फ्रांस या रूस की क्रांतियां क्यों हुई थीं। अपने देश में गाहे-बगाहे प्रदर्शन होते रहते हैं, पर कभी इतने बड़े पैमाने पर क्रांति नहीं होती। छोटे-मोटे प्रदर्शनों को कुचलना आसान है। इसलिए सरकारें नस्ल, जाति, धर्म, संप्रदाय, इतिहास वगैरह के भेद और मुद्दों से समाज को विभाजित रखती हैं ताकि लोग कभी इक_1 न हो सकें। अगर ऐसा न होता तो कबाइली इलाकों के जंगलों सहित तमाम संसाधनों पर कब्जा कैसे होता? हसदेव और कांचा गचीबावली के जंगल कैसे कटते?' इतना कहते-कहते उनकी गंभीर आंखों से उदासी झांकने लगी। उनके साथ मैं भी गंभीर और उदास हो उठा। कुछ देर शांत रहने के बाद मेरी जिज्ञासा के कीड़े पुनः उसी तरह कुलांचे भरने लगे जैसे किसी नेता के जनसभा में संबोधन के लिए आमंत्रित न किए जाने पर होते हैं। मैंने उनसे कहा कि जब आपको इन सारी चीजों की इतनी गहरी समझ है तो आप अपने घर में क्यों कब्र खुदवा रहे हैं? इस बार वह तिरछी हंसी हंसते हुए बोले, 'पण्डित जी, स्वार्थ, खालिस स्वार्थ, शुद्ध सोने की तरह 24 कैरेट स्वार्थ। नौकरी में इतने पैसे बचते नहीं थे कि लाखों की जमीन खरीद कर, लाखों का मकान बनवा सकूं या महंगी गाड़ी खरीद सकूं। फिर बच्चों की पढ़ाई और तमाम तरह के ख़र्चे। इसलिए कमीशन खाई, रिश्वत खाई, घपले-घोटाले किए। फिर सरकार ने जांच बिठाई। अब इससे बाहर तो आना है। सरकारी नौकरी के दौरान बिगड़ी आदतें पेंशन से पूरी नहीं होतीं। इसलिए सरकारी दरबार में शामिल होना जरूरी है। क्या फर्क पड़ता है मेरे जैसे लोग किसी भी दरबार में अपनी गोटियां फिट कर सकते हैं।

देश दुनीया से

# विकास और कृषि-पशुपालन ढांचा

**देश** एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को मजबूत करने की नितांत आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में फिर से विकास की बयार बहेगी तथा बेरोजगारी को दूर करने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा यदि सरकार इसके लिए अनुदान देती है। नकद राशि मिलने से बेरोजगार युवा खेतीबाड़ी करने के साथ ही पशु पालने में रुचि लेंगे। अन्यथा ग्रामीण क्षेत्र में यह स्थिति हो गई है कि लोगों को सब्जियां या दूध आदि का वितरण शहरों से हो रहा है। एक समय था जब ताजा शुद्ध दूध गांव-गांव से इकट्ठा करके शहर ले जाया जाता था। फल व सब्जियां भी गांव से ही जाती थी। शहरवासी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को गुणवत्ता से परिपूर्ण मानते हुए बड़े चाव से उनका उपयोग करते थे। लेकिन अब परिस्थितियां विपरीत हो गई हैं। गांव के लोग भी शहर से लाए उत्पादों का बड़े चाव से सेवन कर रहे हैं। उसमें यह नहीं देख रहे हैं कि उनकी रसोई तक कितना खतरनाक कैमिकल पहुंच रहा है। एक समय था जब ग्रामीण स्तर पर कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय एक दूसरे के पूरक थे। पहले पशुओं, विशेषकर बैलों के बिना खेतीबाड़ी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। अब लोग इस काम में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वैसे भी गांव में अब खेतीबाड़ी करना बहुत मुश्किल हो गया है। उपजाऊ जमीन विरान पड़ गई है। जहां खाली जगह है वहां जहरीला फुलणु घास व कंटीली झाडियों के जंगल खड़े हो गए हैं। घासनियों में भी जहरीली घास फैल गई है। कुल मिलाकर जमीन बंजर हो गई है। अब गांव में जो इक्का-दुक्का परिवार खेतीबाड़ी कर रहे हैं, उन्हें जितना खर्च करना पड़ता है, उस हिसाब से फसल नहीं हो रही है। जंगली जानवरों एवं लावारिस पशुओं से फसल का बचाव करना मुश्किल है। खेतों में सिंचाई की सुविधा न के बराबर होने के कारण किसानों को बारिश पर ही निर्भर रहना पड़ता है। मौसम की दगाबाजी ऐसी है कि, कभी सूखा पड़ता है तो कभी जरूरत से ज्यादा बारिश हो रही है। उससे फसल खराब हो रही है तथा सारे किए कराए पर पानी फिर जाता है। खेती करने में आ रही मुश्किलों से अधिकतर ग्रामीण अब खेतों के बजाय क्यारियों में ही साग-सब्जियां उगा रहे हैं। खेतीबाड़ी के न होने से पशुपालन का व्यवसाय भी नाममात्र का रह गया है। गांव में अब कोई विरला ही परिवार है, जिसने गाय या कोई भेड़-बकरी पाल रखी है। अन्य पशु अब लावारिस होकर सडकों पर भटक रहे हैं। पहले शहर में ही इक्का-दुक्का लावारिस पशु नजर आते थे, लेकिन अब गांव-गांव तक लावारिस पशुओं के झुंड घूमते देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों को लग रहा है कि अब खेतीबाड़ी एवं पशुपालन बहुत ही घाटे का सौदा हो गया है। इन दोनों व्यवसायों में खर्च के मुताबिक आय नहीं हो रही है। सरकार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। हलांकि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिए जाने के बाद कृषि क्षेत्र में मामूली सुधार हुआ है। लेकिन इसके लिए और अधिक धनराशि की जरूरत है। यदि सरकार बैल पालने के लिए हर महीने प्रति जोड़ी 1500, गाय या भैंस पालने के लिए 750 रुपए मासिक तथा भेड़ व बकरी पालन के लिए 250 रुपए अनुदान दे, तभी कृषि के साथ ही पशुपालन व्यवसाय फिर से पनप पाएगा। इससे एक तो बेसहारा पशुओं की समस्या का हल होगा तथा दूसरे ग्रामीण क्षेत्रों में पहले की तरह कृषि उपज भी बढ़ेगी। ग्रामीणों को अपने गांवों में अच्छा अनाज, शुद्ध दूध-दही व घी के साथ ही फल व सब्जियां उपलब्ध होंगी। ग्रामीणों को अपने घरों में ही रोजगार उपलब्ध होगा। इससे हिमाचल सरकार को दूध व प्रस्तावित गोबर खरीदने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। पिछले करीब चार दशकों से ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय में जबरदस्त गिरावट आई है। एक समय था जब ग्रामीणों में यह कहावत 'उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, नखिद चाकरी करे गवार' प्रचलित थी। अर्थात पहले खेतीबाड़ी को सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। व्यापार को दूसरे स्थान तथा नौकरी को सबसे घटिया गिना जाता था। लेकिन अब स्थितियां इसके विपरीत हैं। आज हर कोई सरकारी नौकरी पाना चाहता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि सरकारी क्षेत्र में कर्मचारियों के वेतन में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है तथा सेवानिवृत्ति के बाद पैंशन की सुविधा होने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाता है। दूसरी ओर उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं की संख्या में एकाएक वृद्धि हो रही है। ऐसे युवा जो सरकारी सेवा में नहीं जा सकते हैं, वे मजबूरी में कम वेतन पर निजी क्षेत्र में काम करते हैं। सरकारी एवं निजी क्षेत्र में यह सुविधा है कि हर महीने वेतन मिलता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में फसल अच्छी होने के बाद यदि उसका दाम ठीक मिले तो समझा जाता है कि कम से कम फसल पर जितना खर्च हुआ था, उसकी भरपाई हो गई। किसानों को दुधारू पशु या भेड़-बकरियां आदि के बिकने पर ही नकद पैसा मिल पाता है। किसानों द्वारा उगाई जाने वाली फसल भी उन्हें काफी महंगी पडने लगी। खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की कीमतें आसमान छू रही हैं। खेतों की साफ-सफाई तथा हल जोताई आदि पर भी काफी खर्च हो जाता है। जबकि उससे कम कीमत पर अनाज एवं दालें आदि बाजार में मिल जाती हैं। अर्थात किसानों की उपज का भी उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। कृषि के साथ बागवानी करने वालों के तो उनसे भी बुरे हाल हैं। सब्जियों की तरह फलों का समर्थन मूल्य न के बराबर मिलता है। इसलिए लोग अपने फलों को विक्रय केन्द्र तक भी नहीं पहुचा पाते। कई स्थानों तक तो सम्पर्क सडकों का अभाव है। पशुपालन व्यवसाय की हालत बहुत खराब है। पहले कृषि के लिए बैल बहुत उपयोगी माने जाते थे। किसान उन्नत नस्ल के बैल पालने के बहुत शौकीन थे। कई किसान तो हरियाणा एवं पंजाब से बैल पालने को लाते थे। अनेक स्थानों पर पशु मंडियां लगती थी। बैलों व अन्य पशुओं की बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त होती थी। उन्नत नस्ल के पशुपालकों को आयोजन समिति की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप ईनाम भी दिए जाते थे। इस तरह दुधारू पशुओं की भी गांव में खासी संख्या होती थी। ग्रामीण कड़ी मशक्कत करते थे तथा घी-दूध भी खूब खाते थे। हर परिवार के पास बैल की जोड़ी, दो-तीन भैंसे, गाय व भेड़-बकरियां आदि पशु होते थे, लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं।

आप का नजरीया

# स्थानांतरण में आत्मबोध

**प्रशासन** में कर्म की परीक्षा कभी मुकम्मल नहीं होती, फिर भी व्यवस्था की आपूर्ति में अधिकारियों के जिम्मे किसी भी सरकार का पूरा कालखंड होता है। हर अधिकारी के फर्ज में सरकार का रुतबा गूंजता है और अगर यही नगीने खनक जाएं तो छवि की पताका पर संदेह होना लाजिमी है। सरकारों का अपना-अपना ट्रांसफर काल भी दिखाई देता है। हम इसे पटवारी से लेकर राज्य के मुख्य अधिकारी तक देख सकते हैं। लोग बेहतर समीक्षक होते हैं और कई बार सरकारों के ट्रांसफर आर्डरों का विरोध भी करते हैं, लेकिन जनापेक्षाएं भी सियासत की तरह अकसर मोम नहीं होतीं। नुकीले प्रश्नों की आबरू में सबसे ज्यादा पैमाइश और आजमाइश प्रशासनिक अधिकारियों की ही होती है, जहां हर पड़ाव एक ट्रांसफर है। जाहिर है धर्मशाला से भरमौर भेजे गए एसडीएम संजीव कुमार भोट के ट्रांसफर आर्डर भी पड़ाव रहे होंगे, लेकिन जिन संदेहों की बरसात हो रही है, उन्हें सिरे से नकारा भी नहीं जा सकता। भोट सिर्फ एक अधिकारी या सेवा काल का बिछौना नहीं कि चंद दिनों में किन्नौर, डोडरा-क्वार, धर्मशाला और अब भरमौर में प्रशासनिक अधिकारी बना कर बिछा दिया जाए। संजीव भोट से जुड़ी अपेक्षाएं एक आदमी से नहीं, उनकी क्षमता में अधिकार प्राप्त अधिकारी से हैं। जाहिर है सरकार को भरोसा है, इसलिए चौथी जगह एसडीएम बनाए गए, लेकिन बार-बार के स्थानांतरण उनके व्यक्तिगत व प्रशासनिक जीवन को कहीं न कहीं हास्यास्पद बनाते रहे हैं। यही वजह रही कि इस अधिकारी ने अपने क्षोभ की परिणति में पद से ही त्यागपत्र देकर अपनी प्रशासनिक कुंडली में विराम और सचिवालय की एक जुंडली में अविश्वास लिख दिया। यह कोई छोटी घटना नहीं, बल्कि इसने विमल नेगी से जुड़े संदेहास्पद घटनाक्रम में एक नया सवाल जोड़ दिया है। संजीव भोट के सजीव बोध को सौ फीसदी सत्य न मानें, लेकिन यह मंजर आत्म संतुष्टि का नहीं, आत्मचिंतन का जरूर है। अपने ट्रांसफर आर्डर को रेखांकित करते भोट ने जो सवाल उठाए हैं, उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों की एक रूठी हुई शाखा हो सकती है। कुछ तहें भले ही ढकी रहें, लेकिन सड़ांध को ढांपना मुश्किल है। क्यों एक अधिकारी के लिए नौकरी से इस्तीफा देना आसान हो गया और क्यों वह इस सुलूक को स्वर्गीय नेगी के मजमून तक ले गया। संजीव भोट को स्थानांतरित करना विशेषाधिकार रहा होगा या कुछ कारण भी गिने जा सकते हैं, लेकिन जनता की कचहरी में हर ट्रांसफर एक व्यक्ति नहीं नया विश्वास है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसी स्कूल में ट्रांसफर आर्डर पर आनेवाला एक व्यक्ति नहीं, एक अध्यापक होता है। दुर्भाग्य से आजकल कर्मचारी-अधिकारी मोहरबंद होने लगे हैं। सरकारी नौकरी सियासी कैडर में विभक्त होने लगी है। अस्थायी सत्ता के करीब सरकारी कार्यसंस्कृति ने स्वयं को इतना कमजोर कर लिया है कि प्रशासनिक सेवाओं में लोग नेताओं के आगे पानी भरते दिखाई देते हैं।

# बरहरवा में कांग्रेस ने निकाला संविधान बचाओ रैली






## रेलवे स्टेशन परिसर से बरहरवा प्रखंड कार्यालय तक पैदल यात्रा कर केंद्र सरकार के संविधान से छेड़छाड़ करने पर कांग्रेसियों ने नाराजगी जाहिर की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से ‹संविधान बचाओ रैली› का आयोजनकिया गया। रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की। रैली में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह साहिबगंज जिला के प्रभारी मणि शंकर शामिल हुए। रैली में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बरहरवा रेलवे स्टेशन प्रांगण से चलकर बरहरवा प्रखंड कार्यालय तक पैदल यात्रा करते हुए केंद्र सरकार के द्वारा संविधान से छेड़छाड़ करने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान मणि शंकर ने कहा कि संविधान में संवैधानिक संस्थाए ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स वगैरह भाजपा के शाखा के रूप में काम कर रही है। ईडी का दुरुपयोग विगत 6 वर्षों में बहुत ज्यादा हुआ है। 5 वर्षों में 7000 केस ईडी में दर्ज हुआ। जिसमें मात्र 122 केस व्यापारी या अधिकारी पर दर्ज हुए हैं। बाकी सब राजनीतिक द्विवेष की भावना से केस राजनीतिक लोगों पर दर्ज किया गया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण झारखंड स्वतन्है। जहां पर ईडी ने जबरदस्ती झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाला और 5 महीने के बाद कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए और निर्दोष हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले। जब से 2019 में हेमंत सोरेन की सरकार काबिज हुई थी, तब से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स इन लोगों का इन संस्थाओं का लगातार दबदबा रहा। निर्दोष लोगों को जबरन केस में दर्ज किया गया और प्रताड़ित किया गया। इसलिए आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बरहरवा में साहिबगंज जिला के कांग्रेस कार्यकर्ता जमा हुए हैं और हम लोग संविधान बचाओ रैली कर रहें हैं। रैली के माध्यम से कांग्रेसजन अपनी भावना को उजागर कर रहे हैं और जो संविधान का संवैधानिक संस्थाओं का संविधान का जो दुरुपयोग हो रहा है उस दुरूपयोग को रोकने के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष बरकत खान ने भारत के संविधान के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी। भारत का संविधान न केवल देश की सबसे महत्वपूर्ण विधिक दस्तावेज है,बल्कि यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान भी है। यह संविधान न केवल भारत के शासन तंत्र की रूपरेखा तय करता है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और मूलभूत सिद्धांतों को भी स्पष्ट करता है। भारतीय संविधान नागरिकों को छह प्रकार के मौलिक अधिकार प्रदान करता है। जैसे समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार आदि। वहीं भारतीय नागरिकों को संविधान के भाग 3 में 6 प्रकार के मौलिक कर्तव्य अधिकार दिए गए हैं, जो इस तरह हैं-समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18), स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22), शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24), धर्म की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25-28), संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30), संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) और मौलिक अधिकार है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मनी शंकर जी तथा जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कार्यकर्ताओं के साथ बरहरवा बीडीओ को झारखण्ड राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण, सभी प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारीगण, प्रखण्ड पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, बीस सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पंचायत के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय सभागार में रुआर कार्यक्रम पर हुआ कार्यशाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को रुआर (2025) कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ सह सीओ बासुकीनाथ टुडु, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुजम्मिल हक, बीपीओ प्रखंड मो. एहसान अहमद ने संतुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया है। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़े व उसे प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें। ताकि वैसे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस दौरान बीआरपी माखन लाल यादव ने पूरे कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकम को सफल बनाने में सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की बात कही। बीपीओ मो.एहसान अहमद ने विस्तृत रूप से रुआर पर प्रकाश डालते हुए सभी अनामांकित बच्चों का नामांकन सभी ड्रॉप आउट बच्चों का नामांकन सुनिश्चिता करते सभी बच्चों के विद्यालय में ठहराव पर कार्य करने की बात कही । उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से अच्छे परिवार समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है । सीआरपी सुकृति ने विद्यालय स्तर पर की जाने वाली 16 दिवसीय गतिविधि को सुचारू रूप से नियमित तौर पर करने एवं उसका दस्तावेजीकरण करने व फोटो-वीडियो करने संबंधी बात कही । मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षिका विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हर प्रसाद, पंचायत के मुखिया देशराज सिंह, प्रखंड साधन सेवी उमेश कुमार, दुर्गेश नंदिनी साहा, संकुल साधन सेवी मनीष कुमार श्रीवास्तव, सजल रंजन दास, हरेंद्र शर्मा, राजेश कुमार, अरुण प्रभाकर चौहान, लक्ष्मण कुमार, अपर्णा कुमारी, अभय कुमार आरटी मृत्युंजय प्रसाद आदि थे।

### नवनिर्मित बीडीओ सह सीओ आवास का हुआ उद्घाटन

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड कार्यालय परिसर में नवनिर्मित बीडीओ सह सीओ आवास का बुधवार को उद्घाट्न किया गया है। उद्घाट्न बीडीओ सह सीओ बासुकीनाथ टुडू ने फीता व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने कहा कि कार्यालय के नजदीक आवास होने से काफी सहूलियत होगी। वही स्टाफ आवास भी बन रहा है। ताकि यहां के कर्मियों को भी काम करने मे सहूलियत होगी।

### विवाहिता ने पति, ससुर समेत चार पर लगाया दहेज मांगने व प्रताड़ित करने का आरोप

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के अंजुमननगर की रहने वाली विवाहित शमीमा बीवी ने बुधवार को जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर अपने पति, ससुर, भैसुर और सास पर दहेज मांगने, दहेज नहीं देने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए गए आवेदन मे विवाहिता ने बताया कि उनकी शादी अंजुमननगर के मोहम्मद झकसु अंसारी के पुत्र रब्बान अंसारी से वर्ष 2024 के मार्च महीना मे हुई थी। शादी के लगभग 7 महीने के बाद ही पति रब्बान अंसारी, ससुर झकसु अंसारी, भैसुर मुस्तफा अंसारी व सास ने दहेज के लिए मोटरसाइकिल व दो लाख की मांग करने लगे और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वही नवंबर 2024 मे एक बच्ची का जन्म भी हुआ। इसे लेकर जनवरी 2025 मे पुन: पति ने उन्हें ससुराल लाकर पैसे के लिए मारपीट करने लगा। इधर, जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रेम प्रसंग मामले में एक अभियुक्त को भेजा न्यायिक हिरासत में जेल

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना पुलिस ने बुधवार को समकालीन अभियान के तहत प्रेम प्रसंग मामले मे दर्ज कांड संख्या 45/24 के अभियुक्त गंगा नदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर दियारा केमकईटोला निवासी राजेश कुमार चौधरी, 27 वर्ष पिता दरोगी चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी मुफस्सिल थाना प्रभारी अजीत लकड़ा ने बताया कि मुफस्सिल थाना व गंगा नदी थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर गिरफ्तार किया।

## शाम में नहीं थे ओपीडी में एक भी डॉक्टर, मरीज रहे परेशान



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल में डॉक्टर के समय पर नहीं पहुंचने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बुधवार की शाम को ओपीडी में डॉ. तबरेज व महिला डॉक्टर जूही कुमारी की ड्यूटी थी। दोपहर एक बजे ओपीडी बंद होने के बाद पुनः चार बजे इलाज के दर्जन भर मरीज पहुंचे। लेकिन शाम 04-24 बजे तक एक भी नही आये। इसके चलते मरीजो को इधर उधर भटकना पड़ा। मरीजो का आरोप है कि द्वितीय पाली में शाम चार बजे समय पर डॉक्टर नही आते है। इसके चलते दूर दराज से आये मरीजो को घर लौटने में काफी परेशानी होती है। इस दौरान महिलाओ ने बताया कि महिला डॉक्टर से दिखाना है। पर अभी तक नही आई है। वही ओपीडी में डॉक्टर नही रहने पर कई मरीजो को इमरजेंसी में डॉ. ऋतु राज द्वारा देखा गया है। वही करीब 04:30 बजे डॉक्टर आने पर मरीजो को देखा गया है। इससे मरीजो ने राहत की सांस ली है।

## लोको रनिंग स्टॉफ ने क्रू बुकिंग लॉबी सुविधाएं बढ़ाने को लेकर किया धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर स्थित क्रू बुकिंग लॉबी के मुख्य द्वार पर बुधवार को सुविधा बढ़ाने समेत अन्य मांगो को लेकर लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व ऐलरसा शाखा सचिव कॉमरेड नितीश कुमार प्रभाकर ने किया। इस विरोध प्रदर्शन में ऑल इंडिया लोको रनिंग के सभी कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान सभी रनिंग स्टाफ ने सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कहा कि हम सभी रनिंग साथी का वर्षो से रेल मंत्रालय से मांग करते रहे है कि रेल चालक को अत्याधुनिक सुविधा प्रदान किया जाए। लेकिन इसपर कोई ध्यान नही दी जा रही है। इसके चलते लोको रनिंग स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोको रनिंग स्टाफ की मांग है कि लोको में एयर कंडीशन (एसी), टॉयलेट, टूल्स बॉक्स, फॉग सेफ डिवाइस, अच्छे क्वालिटी की सीट व साउंडलेस केब उपलब्ध कराया जाए। शाखा सचिव ने कहा कि रेल अधिकारी की बात की जाए तो डिग्री सेल्सियस में रहकर फरमान जारी करते है। डीआरएम डीआरएम कार्यालय वाले 20 से 25 डिग्री सेल्सियस रहकर कार्य करते है। जबकि लोको शेड वाले 30 से 35 डिग्री टेम्प्रेचर में कार्य करते है। वही रनिंग स्टॉफ चालक लोकोमोटिव में 50 से 55 डिग्री तापमान में कार्य करने को विवश है। जबकि रेल मंत्री खुद दावा करते है कि रेल चालक 10 से 12 घंटे खड़े रहकर काम करते है फिर भी लोको में एसी, टॉयलेट, टूल्स, फॉग सेफ डिवाइस गुड क्वालिटी की सीट क्यों नही उपलब्ध करायी जाती है? लोको रनिंग स्टाफ ने कहा कि उनलोगों की मांग जल्द पूरी हो, अन्यथा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर ऐलरसा के शाखा अध्यक्ष कॉमरेड रवि रंजन, शाखा कोषाध्यक्ष कॉमरेड दिवाकर कुमार, कॉमरेड गोपाल कुमार, कॉमरेड अमरजीत, कॉमरेड रंजन, कॉमरेड रोहित आनंद, कॉमरेड प्रभात कुमार प्रभाकर, कृष्णा कुमार, धनंजय, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## तीन माह की बच्ची के साथ पत्नी की मारपीट कर पति ने घर से भगाया

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल में अपनी तीन माह की पुत्री का इलाज करा रही महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। महिला मिर्जाचौकी के महादेवबरण के रहने वाले किशन मंडल की पत्नी आशा कुमारी है। महिला ने बताया कि वे दो दिनों से सदर अस्पताल में अपनी तीन महीने पुत्री को लेकर भर्ती है। महिला अपने पति किशन मंडल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पति दूसरी शादी करना चाहता है। इसे लेकर वे उसके साथ मारपीट करता है। 28 अप्रैल 2025 को उसका पति उसे व तीन वर्षीय पुत्री को भी मारा है। इसमे दोनो गंभीर रूप से घायल है। महिला का आरोप है कि इससे पूर्व 24 अप्रैल 2025 को मिर्जाचौकी थाना में समझौता हुआ था।

इसके बाद फिर उसका पति ने फिर मारपीट की है। वही महिला की शादी एक साल पूर्व मिर्जाचौकी महादेवबरण के सुरेंद्र मंडल के पुत्र किशन मंडल के साथ हुई है। जबकि महिला का मायके हाजीपुर दियारा है। महिला ने इस मामले में न्याय की मांग की है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## स्कूल रूआर 2025 अभियान के तहत बच्चों को कराएं नामांकन : बीपीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गड़बी में बुधवार को स्कूल रूआर 2025 अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख उधवा स्टेनशिला सोरेन, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी जनकदेव यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीपीओ दीपक कुमार मंडल ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 5 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी बच्चों को विद्यालयों में नामांकन किया जाना है। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल से सभी विद्यालयों में नामांकन चालू है। जो 15 मई तक बच्चों का नामांकन होगा। कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 308 बच्चें जो विद्यालय से बाहर है। उस बच्चों को चिह्नित कर विद्यालय में नामांकन किया जाना है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि सहित विद्यालय के सचिव एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को कार्यशाला के माध्यम से निर्देश दिया गया कि एक भी बच्चें विद्यालय से वंचित ना रहें तथा उनको बेहतर शिक्षा दिया जाय। मौके पर बीआरपी बैद्यनाथ ठाकुर, समसुल कबीर, मझारूल हक, सीआरपी अशोक पाल, बाबूलाल मंडल, रूहुल अमीन, रतन मंडल, दिजेन्द्र नाथ मंडल, तपन मंडल, सचिव मो. साईम शेख, मैनुल हक, सेराजुल हक, सकलदेव मंडल, अब्दुल रज्जाक, दिलीप कालिंदी, आनंद सोरेन, दानियल सोरेन, मनोवर हुसैन, आशीष घोष, सुमित्र दास, जहांगीर आलम, मुख्तार हुसैन, दशरथ किस्कू, नासिर हुसैन, बासुदेव मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## 12वीं साइंस में शुभम, कॉमर्स में अदिति एवं 10वीं में अनुषा टॉप







### संत जेवियर स्कूल का शत फीसद रिजल्ट, रहा शानदार प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** आईसीएसई बोर्ड ने बुधवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट प्रकाशित किया। रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद शहर के संत जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी मीडियम के आईएससी व आईसीएसई बोर्ड और प्रोविडेंस स्कूल के आईसीएसई बोर्ड के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। रिजल्ट देखने और जानकारी लेने छात्र- छात्राएं विद्यालय पहुंचे। संत जेवियर के छात्र शुभम राज साइंस में 97.5 फीसद अंक लाकर स्कूल टॉपर बने।

वहीं कॉमर्स में अदिति कुमारी ने 91.00 फीसद अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। आईसीएसई 10वीं में अनुषा कुमारी 99.20 फीसद अंक लाकर टॉपर बनीं। वहीं संत जेवियर स्कूल में स्कूल के प्राचार्य फादर अरूल डॉस ने टॉपर व टॉप टेन के विद्यार्थियों को बुके व उपहार देकर सम्मानित भी किया। फादर ने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा की बच्चों ने काफी मेहनत कर बेहतर रिजल्ट लाकर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए प्राचार्य ने शिक्षिका-शिक्षकों व बच्चों के अभिभावकों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया है।

**10 वीं टॉपर अनुषा बनना चाहती है इंजीनियर :-** शहर के संत जेवियर स्कूल की 10वीं की छात्रा अनुषा कुमारी आईसीएसई बोर्ड के 10 वीं की टॉपर जिले भर में रही?। अनुषा ने परीक्षा में कुल 99 प्रतिशत अंक यानि 495 अंक प्राप्त किए हैं। शहर के सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर के पास की रहने वाले संजय कुमार गुप्ता व रूबी कुमारी की पुत्री अनुषा कुमारी आगे इंजीनियरिंग करना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, शिक्षकों को दिया है। उसने कहा की घर में सभी हमेशा से उन्हें बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। इसके अलावा स्कूल में सभी शिक्षक व प्राचार्य से भी काफी सहयोग मिलता रहता था। आगे उसकी इच्छा इंजिनियरिंग करने की है और उसके बाद फिर और कुछ बड़ा करने की इच्छा रखती है। संभवतः सिविल सर्विसेज आदि में जाने की भी चाहत है।

**सरवर आगे की पढ़ाई करके चार्टर एकाउंट बनना चाहता है :-** आईसीएसई बोर्ड ने बुधवार को 10वीं का रिजल्ट घोषित किया। 10वीं का रिजल्ट जारी करते ही छात्र छात्राएं अपना अपना रिजल्ट कैफे, स्कूल व ऑनलाइन दुकानों में जाकर देखे। कुलीपाड़ा निवासी मो डावर इमरान के पुत्र मो सरवर फैजान ने संत जेवियर्स स्कूल से आईसीएसई बोर्ड दसवी में 514 अंक ए ग्रेड मार्क्स 85.6 फीसद लाकर अपने परिजन, स्कूल जिला का नाम रौशन किया।

वही 12वी का पढ़ाई बोकारो चिन्मया में नामांकन कराया है। मो सरवर ने बताया कि आगे की पढ़ाई करके चार्टर एकाउंटेंट बनना चाहते है। सफलता का श्रेय अपने परिजन शिक्षकों को दिया। दीदी भी संत जेवियर्स स्कूल में 94 फीसद मार्क्स से सफल होकर स्नातक दिल्ली यूनिवर्सिटी से प्रथम श्रेणी में सफल होकर भुवनेश्वर से एमबीए की पढ़ाई कर रही है। बहन की तरह परिवार का नाम रौशन करना चाहता है।

**आईसीएसई 10वीं टॉपर**

अनुषा कुमारी-99.00 प्रतिशत
अनुष्का प्रिया-96.20 प्रतिशत
अनुष्का भारती-95.60 प्रतिशत
पीयूष गुप्ता-95.00 प्रतिशत
गरिमा कुमारी-94.80 प्रतिशत
श्वेता शानू- 94.40 प्रतिशत
कृष्णा दीवान-94.40 प्रतिशत
सिमरन खुड़ानिया-94.00 प्रतिशत
आदित्य सिन्हा-93.20 प्रतिशत
वर्षा कुमारी-93.00 प्रतिशत
सेजल सोनी-93.00 प्रतिशत

**12वीं आईसीएसई साइंस टॉपर**

शुभम राज-97.5 प्रतिशत
प्रीति कुमारी-90.0 प्रतिशत
कोमल-89.0 प्रतिशत
कुमारी अदिति-88.0 प्रतिशत
अनामिका सिंह-85.5 प्रतिशत
अर्चिता अत्री-84.0 प्रतिशत
शिवांक यादव-83.0 प्रतिशत
आस्था रानी-81.75 प्रतिशत
रोशनी मुर्मू-81.0 प्रतिशत
लकी कुमार-80.75 प्रतिशत

**12वीं आईसीएसई कॉमर्स टॉपर**

अदिति कुमारी चौधरी-91.00 प्रतिशत
मानस गुप्ता-90.75 प्रतिशत
रोज़ा मनीला एक्का-90.25 प्रतिशत
सुप्रिति मरांडी-86.75 प्रतिशत
सृति उपाध्याय-84.5 प्रतिशत
दिव्या गुप्ता-82.5प्रतिशत
मनीष कुमार-82.25 प्रतिशत
महिमा गुप्ता-82.00 प्रतिशत
शिवम कुमार तमाखुवाला-79.25 प्रतिशत
शाक्य राज- 79.00 प्रतिशत।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/o - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय : बगानपाड़ा, पोखराचौक, वार्ड नं0 - 10, दुमका, थाना - दुमका नगर, जिला - दुमका 814101, संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास मामले में दो आरोपी को जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोआरीजोर(गोड्डा) :** थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर नाबालिग लड़की ने थाना में लिखित आवेदन देकर मुकदमा दर्ज कराया है। आवेदन में बताया गया है कि पिछले दिनों 24 अप्रैल को बोआरीजोर के जामुन टोला में जलसा का आयोजन किया गया था। जहां नाबालिग लड़की अपने परिजनों संघ जलसा में गई हुई थी। जहां से रात्रि करीब 1 बजे अपने सभी परिवार के साथ घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में चप्पल खराब हो जाने के कारण वह पीछे रह गई। जिसके बाद अकबर अंसारी (21) अपने एक नाबालिग साथी के साथ बाइक से पहुंचा। इसके बाद नाबालिग लड़की के मुंह में कपड़ा बांधकर जबरन उसे बाइक से ब्लॉक की तरफ ले गया। जहां जबरन छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ लोगों ने दोनों का पीछा किया। लोगों के आने पर दोनों फरार हो गए। सोमवार को थाना पहुंचकर आवेदन देकर मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद थाना प्रभारी ध्रुव कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों को दबोचा।

# बाल विवाह के खिलाफ सामाजिक संगठन और धर्म गुरु एक मंच पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** अक्षय तृतीया के अवसर पर जस्ट राइटस फार चिल्ड्रेन एवं एक्सेस टू जस्टिस अलायंस के साथी संस्था की ओर से पोड़ैयाहाट प्रखंड के रघुनाथपुर शिव मंदिर परिसर में बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु अभियान की शुरुआत कि गई । इस अभियान में पंडित, मौलवी, मांझी और पादरी ने भाग लिया। पंडित रंजीत कुमार पांडेय ने कहा कि शादी विवाह में धर्मगुरु कि भूमिका अहम है। ऐसे में आज शपथ लेते है कि लड़का या लड़की कोई भी नाबालिग है तो शादी नही कराएंगे इसकी सूचना जिला प्रशासन को देंगे और हर हालत में शादी को रोकेंगे। हम हर समय नारी सशक्तिकरण की बात करते है लेकिन उन्हें अवसर नहीं देते है। पढ़ने के उम्र में पारिवारिक बोझ में बांध देते है उनका सपना अधूरा रह जाता है। मौलवी मुस्ताक अंसारी ने कहा कि किसी भी कीमत पर कम उम्र कि बच्ची का निकाह नहीं कराएंगे और समाज में इसको लेकर जागरूक भी करेंगे। साथी के कार्यकारी




अधिकारी कालेश्वर मंडल ने कहा कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी के बिना संपन्न नही हो सकता है। इसलिए धर्मगुरुओं की इमानदार पहल पर समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति का सफाया हो सकेगा। अब धर्म गुरुओ ने कमान संभाल लिया है और यह अभियान निरंतर चलता रहेगा । जिले में तमाम मंदिर-मस्जिदों लिखा है कि बाल विवाह की अनुमति नही है। देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से %चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया% कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए है और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन साथी ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में सैकड़ो बाल विवाह रुकवाए है।कार्यक्रम में विभिन्न धर्म के दर्जनों धर्मगुरु मौजूद थे. कार्यक्रम को संचालित करने में नरेश कुमार ठाकुर, नारायण साह, संतोषीनी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## डालसा ने वर्षों से बिछड़े दंपत्ति को मिलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर वर्षों से बिछड़े दंपति को मिलाकर विदाई दी गई। जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के गोराडीह की खुशबू रानी एवं रजौन खुर्द के प्रदीप मुर्मू के बीच आपसी विवाद को लेकर पिछले दो वर्षों दांपत्य जीवन में दरार आ गई थी। पति-पत्नी दोनों अलग- अलग रह रहे थे। विवाहिता खुशबू रानी ने मध्यस्थता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रंट आफिस में प्री-लिटिगेशन शिकायत दर्ज किया था। इसके उपरांत दोनों को नोटिस भेजकर बुलाया गया। दोनों के बीच डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी राहुल कुमार सहित अधिकार मित्र पूजा रानी, रेशमी कुमारी, रोबिन यादव, नवीन कुमार आदि ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने का संकल्प लिया। दोनों की शादी 13 जून



22 को हुई थी। कुछ दिन साथ रही इसके बाद छोटी-छोटी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद विवाहिता मायके में रहने लगी। अब दोनों ने पुराने विवाद को भूलकर एक साथ रहने का संकल्प दोहराया। कहा कि इस समझौता से दोनों पक्ष खुश हैं। यहां निशुल्क समझौता किया गया। दोनों को सुखी दाम्प्त्य जीवन व्यतीत करने की कामना के साथ विदाई दी गई। अगले सप्ताह कार्यालय में उपस्थित होकर खैरियत रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

## गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य : राजीव रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** अक्षय तृतीय पर बसंतराय -गोड्डा मुख्य मार्ग पर अवस्थित महेशपुर शिवालय के पास आने-जाने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों को पेयजल मुहैया कराने को लेकर स्थानीय श्रमजीवी सेवा ट्रस्ट के बैनर तले पियाऊ का शुभारंभ किया गया। इस सड़क होकर धोरैया हाट जाने वाले व्यापारियों व आम लोगों को सर्बत व शीतल पेय मुहैया कराया जा रहा है। पियाऊ का उद्घाटन पटना के राजीव एसोसिएट्स के निदेशक राजीव रंजन ने फीता काटकर एवं आम श्रद्धालुओं को बेल का सर्बत पिलाकर किया। उन्होंने कहा कि गर्मी में पेयजल मुहैया कराना पुण्य का कार्य है।मुख्य पथ पर पियाऊ




लगाने से जहां यात्रियों को सुविधा होगी वहीं दूर- दूर से चर्चित मवेशी हाट धोरैया जाने वालों की भी प्यास बुझ सकेगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र झा , प्रभाष चंद्र झा, दिलीप कुमार झा, नवीन कुमार, कुतेश कुमार झा, नीलेश कुमार झा, संजीव कुमार , लंबोदर झा , अमित कुमार आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं। ज्ञात हो कि इसके पूर्व ऐतिहासिक बिसुआ मेला बसंतराय जाने-आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में भी पियाऊ का आयोजन किया गया था।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी जनता की फरियाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। जनता दरबार के दौरान बिजली, जमीन, सड़क आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये




जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

## उपायुक्त ने जिला भू -अर्जन से संबंधित की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा हंसडीहा से महागामा एवं महागामा से एकचारी रेलवे लाइन के एलाइनमेंट में आ रही ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण करने, भू-अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, भूमि की विवरणी उपलब्ध कराने,सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने तथा रेलवे लाइन के निर्माण में आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मौके पर जिला भू -अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल सहित भू -अर्जन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## खेल से जुड़े संसाधन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा पर दें विशेष ध्यान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले में खेल विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान जिले के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत बसंतराय तालाब के जीर्णोद्धार एवं बसंतराय महोत्सव के संबंध में जिला खेल पदाधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। मौके पर उपायुक्त के द्वारा जिला खेल पदधिकारी को निदेशित किया गया कि गोड्डा जिला अंतर्गत खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण, मरम्मती व जीर्णोद्धार के लिए किए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरिके से शीघ्र पूर्ण कराएं जाए।




साथ ही खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं खेल से जुड़े संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए ताकि खिलाड़ियों के प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो एवं कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

## एसबीआई द्वारा आजीविका स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आजीविका स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का टाउन हॉल भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, भारतीय स्टेट बैंक के सीजीएम के वी बंगराजू (बिहार-झारखंड), डीजीएम अभिजीत जी पंगारकर, आर एम कामेश्वर कुमार, डीपीएम सोमेश चंद्र प्रकाश तथा अन्य गणमान्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर उन्हें ऋण सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना था।अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि ÷आज की महिलाएं अपने घरों की सीमा से



बाहर निकलकर बैंक तक पहुंच रही है और विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।÷ उन्होंने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।भारतीय स्टेट बैंक के सीजेएम महोदय ने बताया कि ÷समूहों की महिलाओं द्वारा बैंक से ऋण लेकर विभिन्न आजीविका कार्यों में सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है और समय पर ऋण चुकता भी किया जा रहा है। समूहों का एनपीए बेहद कम है, जो सराहनीय है। 100 सखी मंडल को इन्हांसमेंट और 21 स्वयं सिद्धा, कुल 11 करोड़ रुपए का डमी चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने 'पलाश' स्टॉल का निरीक्षण कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। वहीं ठाकुरगंगटी प्रखंड के भगैया गांव की दीदियों द्वारा कोकून से रेशम धागा बनाने की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया तथा सिल्क साड़ी निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया।बैंक सखी एवं समूह की सदस्यों द्वारा यह भी साझा किया गया कि बैंक से उन्हें किस प्रकार की सहायता मिल रही है, इस अवसर पर जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोमेश चंद्र प्रकाश, जिला वित्तीय प्रबंधक पवन कुमार सिंह, जिला आजीविका प्रबंधक राहुल कुमार, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, संकुल समन्वयक, एफटीसी, विभिन्न बैंको की बैंक सखी एवं सैकड़ों की संख्या में शक्ति मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## बसंतराय बालू उठाव को लेकर खट्टी नदी में दो पक्षों के बीच गोलीबारी और बमबाजी

**पुलिस ने घटना की जानकारी होने से किया इनकार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बसंतराय(गोड्डा) :** जिला प्रशासन की ओर से बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए हर महीने बैठक बुलाकर निर्देश दिया जाता रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि जिले के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से जारी है। बसंतराय प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन थमने का नाम नही ले रहा है। अब तो वर्चस्व के सवाल पर बालू घाटों पर गुटबाजी भी शुरू हो गई है। अनेक सफेदपोश लोग भी पुलिस की मिलीभगत से बालू की अवैध कमाई में हाथ आजमाने लगे है। बताया जाता है कि सोमवार की रात्रि बसंतराय प्रखंड के एक बालू घाट पर दो गुटों के बीच गोलीबारी एवं बमबाजी की घटना भी हुई ।हालांकि पुलिस प्रशासन ने बालू घाट पर गोलीबारी की घटना से इनकार किया है।मिली जानकारी के अनुसार, मामला इस कदर बिगड़ा कि दोनों ओर से फायरिंग और बमबाजी हुई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं



है, लेकिन पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है।प्रत्यक्षदर्शी होने का दावा करने वाले कई लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दोनों गुट लंबे समय से नदी से अवैध बालू खनन को लेकर आमने-सामने थे। सोमवार रात्रि जब एक पक्ष ट्रैक्टर के साथ बालू भरने पहुंचा, तभी दूसरा पक्ष हथियारों के साथ पहुंच गया और विवाद शुरू हो गया। इसलिए प्रखंड मुख्यालय से महज छह-सात किलोमीटर की दूरी पर रहने के बावजूद बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि अवैध ढंग से बालू उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाई नहीं गई तो भविष्य में वर्चस्व को लेकर कोई बड़ी घटना हो सकती है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

इस संबंध में पूछे जाने पर बसंतराय थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि खट्टी नदी के परसिया पुल पर शराबियों के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ था, जिसमें गोली चलने की बात कही गई थी। लेकिन पता करने पर ऐसी कोई घटना की पुष्टि नहीं हुई है। छानबीन जारी है। पता चलने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कोडरमा में नीट परीक्षा की तैयारियाँ पूर्ण, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कोडरमा ।** आगामी 4 मई को नीट की परीक्षा होने वाली है।जहाँ जिले में दो केंद्र बनाएं गए है जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया व सी.डी बालिका उच्च विधालय में नीट की परीक्षा आयोजित की गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा संपत्र कराने एवं परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा परीक्षा केंद्र डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया और सी.डी बालिका उच्च विधालय का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों की बैठने की जगह, शौचालय, पानी, बिजली की व्यवस्था करने को लेकर केंद्राधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर अनावश्यक किसी भी प्रकार के लोगों का आवागमन न हो समेत अन्य व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एनटीए के गाइडलाइंस के अनुसार नीट की परीक्षा कदाचार मुक्त संपत्र कराना सुनिश्चित करेंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा संपत्र कराने के लिए पूरी तैयार करने का निर्देश दिये। इस मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, अंचलाधिकारी कोडरमा समेत अन्य मौजूद रहे।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों हेतु आधार सिडिंग कैंप का किया जायेगा आयोजन : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मधुपुर/देवघर :** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की सुविधा हेतु जिले सभी प्रखण्डों स्तिथ पंचायतों के पंचायत भवन में राज्य दिनांक- 01.05.2025 से 07.05.2025 तक आयोजन किया जायेगा, जहां पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कैम्प के माध्यम से झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया जायेगा। इसके अलावे जिला के संबंधित अधिकारियों एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को पूर्व में ही कैम्प के सफल संचालन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि कैम्प के दौरान आमजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जागरूकता रथ के माध्यम से पंचायत भवनों में लगने वाले कैम्प की जानकारी से आमजनों को किया जा रहा है जागरूक.... इसके अलावा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि आमजनों के साथ सुयोग्य लाभुकों को पंचयात स्तर पर लगने वाले कैम्प की जानकारी से अवगत कराया जा सके। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के इन लाभुकों की होगी आधार सीडिंग.... पंचायतों में आयोजित होने वाले इस कैंप में वैसे लाभुकों को आने की आवश्यकता नही है जिन्हें दिनांक 12.03.2025 के पूर्व सम्मान राशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा कैम्प में उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग किए जाएंगे जिन्हें दिनांक 12.03.2025 के बाद सम्मान राशि प्राप्त हुई है। विभागीय संकल्प के आलोक में योजना के लाभुकों को अप्रैल-2025 से केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाना है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक पागी मेहरा को विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करौं प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्नाडीह में कार्यरत शिक्षक पागी मेहरा के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुखिया रविदास ने कहा कि पागी मेहरा एक योग्य और अनुशासित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने न केवल विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए, जिन्हें लोग हमेशा याद रखेंगे। वे समय के पाबंद, मृदुभाषी और सहयोगी स्वभाव के शिक्षक थे। छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन पर उनका विशेष ध्यान रहता था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृष्ण प्रकाश, विश्वनाथ रवानी सहित कई ग्रामीण भी उपस्थित थे। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके योगदान को याद किया।

## उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान घायल होमगार्ड जवान को दिया अनुग्रह अनुदान



**मधुपुर/देवघर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त विशाल सागर ने आज दिनांक 30.04.2025 को लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान अपने कर्तव्य के निर्वहन में जखमी चौकीदार श्री गोपाल मंडल के ईलाज में हुए वास्तविक व्यय की राशि कुल 394328/- (तीन लाख चौरानवे हजार तीन सौ अट्ठाईस) रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री शैलेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे।

## हेल्पलाईन नंबर के माध्यम से पेयजल समस्या का समाधान और खराब चापाकलों की हो रही मरम्मती

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मधुपुर/देवघर :** जिले में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर एवं मधुपुर द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के चापाकलों के मरम्मती की आवश्यकता को देखते हुए अविलंब ठीक कराया जा रहा है। साथ ही इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का मोबाईल नंबर व हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, ताकि विशेष परिस्थिति में उपरोक्त नंबरों पर सम्पर्क स्थापित कर खराब पड़े चापाकलों का मरम्मती कराई जा सके। उक्त के संदर्भ में देवघर प्रमंडल अन्तर्गत मार्च माह में 610 और अप्रैल माह में 804, मधुपुर प्रमंडल अन्तर्गत मार्च 265 व अप्रैल माह में 382 के अलावा नगर निगम द्वारा मार्च महीने में 186 एवं अप्रैल माह 173 में चापाकलों की मरम्मती की गई हैं। ज्ञात हो कि उपायुक्त श्री विशाल सागर के निर्देशानुसार चापाकलों के मरम्मती हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, ऐसे में देवघर नगर निगम कंट्रोल रूम 9508112201 पर कॉल कर पेयजल से जुड़ी समस्या का समाधान किया जा सकता हैं।

**जिले के सभी दस प्रखंड के हेल्पलाइन नंबर....**

इसके अलावे देवघर देवघर प्रखण्ड हेतु 8709504733/8017633738, देवीपुर प्रखण्ड हेतु 9852302768, मोहनपुर प्रखंड हेतु 7004116299/6290304452, सारवां प्रखण्ड हेतु 7808816500/8292839891, सोनारायठाढ़ी प्रखण्ड हेतु 6200778774, मधुपुर हेतु 9572558609, बुढ़ई 8210363923, करौं प्रखण्ड हेतु 9540199364, मारगोमुण्डा प्रखण्ड हेतु 8770132625, सारठ प्रखण्ड हेतु 8936899253/6204200339, पालोजोरी प्रखंड हेतु 9942193290।

## चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सतगावां :** थाना क्षेत्र के पचफेड़वा जंगल से सतगावां पुलिस ने मंगलवार को एक चोरी की बाइक के साथ एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है बीते दिनों सतगावां थाना क्षेत्र के सिहास स्थित सिपाही होटल से चोरी की गयी एक बाइक को पुलिस ने फचफेड़वा जंगल से बाइक जब्त कर पुलिस थाना परिसर लेकर गयी और बाइक चोर को जेल भेज दिया है गयी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,बाइक चोर दूर-दराज के क्षेत्र से चोरी की बाइक बिहार के विभिन्न क्षेत्र में बेचते हैं एवं बिहार से चोरी गयी बाइक को दूसरे क्षेत्रों में बेचते हैं.इन चोरी की गयी बाइकों का उपयोग गैरकानूनी कार्यों को अंजाम देने के लिए किया जाता है.थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि चोरी की बाइक एवं बाइक चोर गिरोह को लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है.साथ ही बताया कि बीते मंगलवार को चोरी की बाइक को लेकर गुप्त सूचना मिली.प्राप्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए थाने में पदस्थापित एसआई रौशन कुमार पासवान को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया. छापेमारी के दौरान नेमदारगंज थाना के धनधारी गांव निवासी मोहित कुमार उम्र 20 वर्ष को चोरी की मोटरसाइकिल को जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है इस मामले को लेकर सतगावां थाना काण्ड संख्या 36/25 दर्ज है।

## अक्षय तृतीया पर आश्रय का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक संस्था आश्रय ने अक्षय तृतीया के अवसर पर शादी-विवाह के मौसम को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व संस्था की सचिव दीपा कुमारी ने किया। अभियान के तहत मधुपुर अनुमंडल के मधुपुर, मारगोमुंडा, करौं, सारठ और देवीपुर प्रखंडों में विभिन्न धर्मों के विवाह सम्पन्न कराने वाले पुरोहितों से संपर्क किया गया। दीपा कुमारी ने बताया कि इस अभियान को अभूतपूर्व सफलता मिली है। सभी धर्मगुरुओं ने इसे न सिर्फ सराहा, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर बाल विवाह को रोकने की शपथ भी ली। उन्होंने कहा कि धर्मगुरुओं का यह सहयोग बेहद प्रेरणादायक है और इससे हमें विश्वास है कि देवघर जिला जल्द ही बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा सकेगा। इस अभियान को सफल बनाने में आश्रय के सहयोगी मोजम्मिल हुसैन, आदर्श कुमार यादव, शमा प्रवीण, रेखा देवी, प्रेम कुमार मंडल, तमन्ना प्रवीण और मुस्कान प्रवीण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आईसीएसई दसवीं बोर्ड का निकला रिजल्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता




**कोडरमा ।** आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले का एक मात्र स्कूल संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय से इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल कुल 150 छात्र छात्राओ में सभी ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत करने का गौरव प्राप्त किया है। प्रारंभ से ही इस विद्यालय का बोर्ड का परीक्षाफल काफी गौरवपूर्ण रहा है। विद्यालय के छात्रा नैना कुमारी ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। कोडरमा जिले के डोमचाँच निवासी व्यवसायी रंजीत कुमार बर्णवाल एवं गृहणी रुषी देवी की पुत्री नैना कुमारी ने विद्यालय के साथ साथ जिले का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है।

कोडरमा निवासी शिक्षक प्रवीण कुमार एवं शिक्षिका सुमन कुमारी की पुत्री रिया अग्रवाल ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के दूसरे टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है वहीं व्यवहार न्यायालय कोडरमा में कार्यरत कर्मी राजीव कुमार एवं गृहणी सीमा कुमारी की पुत्री श्रीति वत्स एवं डोमचाँच निवासी प्राइवेट कर्मी संजय कुमार कंधवे एवं गृहणी ज्योति देवी की पुत्री सान्या कंधवे ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के तीसरे टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय के चौथे टॉपर डोमचाँच निवासी व्यवसायी रंजीत कुमार एवं गृहणी प्रियंका कुमारी के पुत्र सत्यम आनंद ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के पांचवें टॉपर रॉबिन कुमार व राखी कुमारी ने 95.4 प्रतिशत, छठे टॉपर कृति राज ने 94.6 प्रतिशत, सातवें टॉपर सिद्धार्थ सिंह ने 94.2 प्रतिशत, आठवाँ टॉपर मयंक कुमार सिंह ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा सुधांशु मालाकार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां स्थान, रचित बर्णवाल ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवें स्थान पर रहे। साथ ही अमित कुमार ने 93 प्रतिशत, सैयद सहरोज अहमद एवं रुद्र प्रताप ने 92.8 प्रतिशत, रौनक कुमार सिंह ने 92.6 प्रतिशत, लाला जी यादव एवं अहद इकबाल ने 92.4 प्रतिशत, संस्कृति आर्या ने 91.4 प्रतिशत, अमन राज ने 91.2 प्रतिशत, प्रणिका पंडित ने 90.8 प्रतिशत, आरुषि पंडित ने 90.4 प्रतिशत, सुहानी राज ने 90.2 प्रतिशत, हर्षित गोस्वामी ने 90.2 प्रतिशत एवं अक्षय कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की ख्याति को बढ़ाया है। इसके अलावा विद्यालय के सभी शत प्रतिशत छात्र छात्राओ ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्णता हासिल कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमा ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओ को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा है कि विद्यालय की यह सफलता विद्यार्थियो के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सक्रिय सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियो को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** समाहरणालय सभाकक्ष में आज उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन,परिवहन,भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी सघन कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रदूषित वातावरण को कम करने के उद्देश्य से रोड पर सुबह-शाम वाटर स्प्रिंकलर करने एवं प्रदुषण मापने की मशीन को झुमरीतिलैया एवं कोडरमा में इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसडीओ ने मधुपुर आवासीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय एवं अनुसुचित जाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की व्यवस्था संतोषजनक दिखी वहीं अनुसुचित जाति आवासीय विद्यालय की व्यवस्था व छात्रों के पठन - पाठन, हॉस्टल भोजन, बच्चो की उपस्थति पंजी में फेरबदल सहित कई त्रुटियाँ पाई गई जिसको लेकर स्ड्ह ने आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए । मौके पर सीओ यामुन रविदास, बीडीओ अजय कुमार दास , कार्यपालक दण्डाधिकारी विनय पाण्डेय ,व प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी मौजूद थे।

## रेड क्रॉस सोसायटी के नव-निर्वाचित चेयरमैन डॉ. अरुण गुटगुटिया का कैम द्वारा सम्मान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** शहर के कुंडु बंगला स्थित आवासीय परिसर में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के नव-निर्वाचित चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया को कोचिंग एसोसिएशन ऑफ मधुपुर (CAM) के सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्था के संयोजक प्रेम पाठक ने कहा कि डॉ. अरुण गुटगुटिया के रूप में रेड क्रॉस सोसायटी को एक योग्य व समर्पित चेयरमैन मिला है। वे लंबे समय से जनसेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसायटी की सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं में निश्चित रूप से गुणवत्ता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। रेड क्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन की रक्षा और सेवा है। मधुपुर इकाई के चुनाव में जीतकर आए सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारी डॉ. गुटगुटिया के साथ मिलकर समाजिक व स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेंगे। CAM के संयोजक प्रेम पाठक ने यह भी बताया कि डॉ. गुटगुटिया शिक्षा और छात्रों के हित में हमेशा सहयोग करते आए हैं। उनके सहयोग से एसोसिएशन कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफल आयोजन करता रहा है। सम्मान समारोह में कोचिंग एसोसिएशन के सदस्य सतीश शर्मा, अरविंद मिश्रा, भुमन्यु सौरभ, मौ. शाहिद, अमित दे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जैन मंदिर के नवनिर्माण को लेकर ध्वजारोहण



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज अक्षय तृतीया के पावन दिन स्टेशन रोड में बड़ा मंदिर के नवनिर्माण नवीन गुंबज पर ध्वजारोहण जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मंदिर निर्माण के संयोजक समाज सेवी सुशील शशि छाबड़ा परिवार के द्वारा किया गया मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ तीर्थंकर की पूजन विधान भक्तजनों ने किया समाजसेवी सुशील छाबड़ा ने कहा कि जैन समाज का नवनिर्मित आधुनिक मंदिर बहुत जल्द बनकर तैयार हो जाएगा इस मौके पर समाज के उप मंत्री राज छाबड़ा पदम सेठी जयकुमार सेठी विवेक छाबड़ा प्रवीण पाटनी अमित सेठी टुन्नू अजमेरा पीयूष कासलीवाल कैलाश जी गंगवाल आदि लोग उपस्थित थे ।

## करोंग्राम में बाबा धर्मराज मंदिर प्रतिष्ठा पर बाऊल-गान का आयोजन



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल क्षेत्र के धार्मिक गांव करोंग्राम स्थित नवनिर्मित व आकर्षक बाबा धर्मराज मंदिर की प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंगलवार रात्रि को भव्य बाऊल-गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंदिर निर्माण समिति के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया और मनोयोग से बाऊल संगीत का रसास्वादन किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल से पधारे प्रसिद्ध बंगाली बाऊल गायक बुद्धदेव भल्ल और गायिका चायना ने अपनी संगीतमयी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि बाऊल संगीत केवल गीत नहीं, बल्कि जीवन से जुड़ा एक सांस्कृतिक आयाम है। खचाखच भरे पंडाल में गायक बुद्धदेव भल्ल ने मीनका माथाय दिलो घूँघटा, आमि हृदय मांझारे राखब फेले देव ना, ये हरी नाम, आमार मिलन हबे कत दिने जैसे एक से बढ़कर एक बाऊल गीतों की प्रस्तुति दी। श्रोताओं ने गीत-संगीत और नृत्य का भरपूर आनंद लिया और कई दर्शक कलाकारों के साथ झूमते व गाते नजर आए। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और लोगों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष विष्णु चौधरी, अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मधुस्थली विद्यापीठ के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मधुपुर :** मधुस्थली विद्यापीठ मधुपुर के छात्रों ने आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। दसवीं की परीक्षा में बेटियों का जलवा आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय की छात्राओं ने विशेष उत्कृष्टता दिखाई है। प्रथम स्थान पर रही ज्ञान प्रभा ने 96.2त्न अंक प्राप्त किया जबकि शिवांगी सिंह 95.8 त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। नारायणी ने 93.4त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों में भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। शौर्य दीप ने 92.2त्न, शौर्य संथालिया ने 91.8त्न, और प्रतिभा मोदी ने 91त्न अंक अर्जित कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी किया कमाल आईएससी बोर्ड की परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।विज्ञान संकाय में शिफा शौकत ने 85.5त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरिया हमीद 82.8त्न अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। निशा कुमारी ने 81.5त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में अर्पित मोदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इकरा मजीद 94.8त्न अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में नीतीश बालाजी ने 94.5त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुभाश्री गोस्वामी ने 90.3त्न अंक प्राप्त किया। शानदार परीक्षाफल से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री किशन केजरीवाल केजरीवाल ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि, यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा प्रयास आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करना रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने बच्चों के जीवन भविष्य की कामना की है।

## शहर में अवैध निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के झुमरीतिलैया में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार की सुबह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में अशोका होटल के पीछे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र से अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत हुई। बिना नक्शा के पारित कई भवनों को चिन्हित कर उनपर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया. गौशाला रोड पर खाली पड़ी जमीनों पर नगर परिषद को चेतावनी बोर्ड लगाने का निर्देश भी दिया गया।पानी टंकी रोड, गौशाला रोड, मड़ूआटांड समेत कई इलाकों में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों पर नाराज़गी जताते हुए एसडीओ ने अंचल अधिकारी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही, टाउन प्लानर राकेश कुमार को सख्त फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी मकान बिना नक्शा स्वीकृति के बनता पाया गया तो वेतन से राशि की कटौती कर वसूली की जाएगी।बिग बाजार के पास सड़क पर खड़े दो टोटो को जप्त कर थाना भेजा गया। वहीं ओवरब्रिज के नीचे सभी फुटपाथ विक्रेताओं को चिन्हित करते हुए व्यवस्थित किया गया ताकि यातायात में बाधा न हो।एसडीओ ने नगर परिषद को शहर की सफाई व्यवस्था को और सुव्यवस्थित करने का निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए हर हाल में अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर लगाम जरूरी है। वही नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार आज ओवर ब्रिज के नीचे फुटपाथ विक्रेताओं को मार्किंग कर स्थान चिन्हित करके दिया गया है चिन्हित स्थान पर ही अपने फुटपाथ दुकान को लगे अन्यथा उसे हटा दिया जाएगा।अभियान में टाउन प्लानर राकेश कुमार,सफाई निरीक्षक राजूराम ,राजस्व निरीक्षक शम्भू कुमार रजक ,अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार ,संतोष प्रसाद समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## कतरास कॉलेज में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में लोगों को जागरूक तथा इसकी उपलब्धि को लेकर बुधवार को बाघमारा विधानसभा अंतर्गत कतरास कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता कतरास कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने संबोधित कर युवाओं को एक राष्ट्रीय चुनाव की आवश्यकता उसके दूरगामी लाभ एवं राजनीति भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उपस्थित धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन में कहा एक देश एक चुनाव होने से आमजनों को मतदान में करने में सहूलियत होगी। राजस्व खर्च कम होगा। प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र के कार्यकाल में विगत वर्षों में देश की संसद में अनेक ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं जिसमें प्रगतिशील परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच राष्ट्रहित में है और इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होंगे। संगोष्ठी में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, शुभम बनर्जी, नितिन शर्मा, नीरज शर्मा, आमोद साहू प्रवीण मंडल, सुमन विवेक, बलदेव मंडल, मधु हरि, चितरंजन कुमार सिंह, विवेक कुमार साहू, प्रकाश पटवा, सोहन कुमार, धीरज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## ट्रस्ट द्वारा धार्मिक स्थलों में बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा अक्षय तृतीया पर महुदा क्षेत्र के सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर कमलिया शिव मंदिर नगदा,शिव शक्ति धाम कांड्रा महुदा मोड़, मदरसा तालीमुल इस्लाम महुदा मोड़, मदरसा इस्लामिया मुजीबिया महुदा बस्ती, मदरसा हनफिया,रिजविया कुंजी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में पंडितों, मौलानाओं, बच्चों एवं शिक्षकों के बीच जन-जागरूकता कार्यक्रम झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, फिल्ड मोबलाइजर मुमताज अंसारी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न किया गया।उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने उपस्थित धार्मिक गुरुओं के बीच अक्षय तृतीया पर ट्रस्ट द्वारा संचालित विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर धार्मिक गुरुओं की योगदान को अति महत्वपूर्ण बताया। आगे उन्होंने कहा कि बाल विवाह देश के चेहरे पर कालिख के समान है। जिसे हम सभी को मिलकर हटाना है। बाल विवाह परंपराओं की कोख में जन्मी कुप्रथा है अभिशाप है। बाल विवाह बच्चों के खिलाफ सीधा सीधा अत्याचार है। बाल विवाह बच्चों को निगलता हुआ रिवाज है।वहीं बिनोद महतो ने उपस्थित सभी धार्मिक गुरुओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।अंत में सभी धार्मिक गुरुओं ने बाल विवाह के खिलाफ शपथग्रहण किया। अभियान को सफल बनाने में फिल्ड मोबलाइजर मुमताज अंसारी, पंडित प्रभास ठाकुर, पंडित उमेश ठाकुर, मौलाना हाफिज शहाब, मौलाना मुजाहिद शेख,जमील अख्तर, मौलाना कमरूद्दीन, मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, सेक्रेटरी वासिफ अली,सदर हसन ख्वा अंसारी ,सदर डॉ इरफान,सेक्रेटरी मेंहदी हसन ,शाह हुसैन अंसारी,हाजी गुलाम अंसारी, हाजी कमालुद्दीन अंसारी,हाजी नसीम अख्तर,हाजी नुरमान,मुफ्ती अहसनउल होदा, मौलाना इस्तियाक सदर मुजीबुर्रहमान, सेक्रेटरी बरकत अंसारी,गुलनाज बानो,प्रधानाध्यापक रागिनी कुमारी, प्रिया कुमारी, मधुमिता दास, सागर महतो, सुमन कुमारी, साबिर हुसैन,बसंत हजारी,भैरव राय,सतन रेड्डी, सतीश महतो, मोहसिन उस्मानी, आरती खवास, साजदा खातून,नीरदवरण तिवारी, संजय कुमार महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## सरिया : आठवी के छात्रों को दी जाने वाली 1650 साईकल छह माह से फांक रही धूल,स्कूल के कई वर्गों की पढ़ाई बाधित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** आठवीं क्लास के छात्रों को दी जाने वाली 1650 साईकिल बीते छह माह से धूल फांक रही है इसके वितरण के प्रति कोई रुचि नही दिखाना आधिकारिक लापरवाही का होना साफ झलकता है। ये सारी साईकल राज्य सरकार की उन्नति की पहिया योजना के तहत 2024/ 25 के छात्रों के बीच वितरण होना था ताकि दूर से आने वाले छात्रों की पढ़ाई में दूरी बाधित नही बने लेकिन सरिया प्रखण्ड के कई स्कूलों के लिए आवंटित ये साधन तो अलग ही कहानी लिखने को तैयार है।

**क्या है मामला**

दरअसल राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना उन्नति का पहिया के तहत सरिया प्रखण्ड के 8वी के छात्रों के लिए 1650 साईकिल का आवंटन हुआ है छह माह होने तक भी इसका वितरण नही हुआ है।

**कहां रखी गई है साईकल**

1650 साईकिल में केलाटांड टांड उत्क्रमित प्लस टू स्कूल में 847 साईकिल पड़ी है जिसे स्कूल के बरामदे,वर्ग 01 ,02,03 के कमरे एवं मैदान परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैस्कूल के प्रिंसिपल बिभाकर कुमार ने बताया कि इतनी भारी संख्या में साईकिल रखने की वजह से वर्ग 01 से तीन की पढ़ाई बाधित हो रही है इस भारी गर्मी में बराम दा में रखे जाने से स्कूली छात्र भी परेशान है ये साइकिलें 2024/ 25 के छात्रों के लिए आवंटित हुई है।

**नगर केशवारी स्कूल में 700 से अधिक साईकिल पड़ी है**

नगरकेश्वरी हाईस्कूल में भी 700 से अधिक साईकिल मैदान परिसर में सजधज कर तैयार है इस पर सवार करने वाले इंतजार में खड़े है।स्कूल के प्रिंसिपल चंदन कुमार ने बताया कि संबधित बिभाग को पूर्ण जानकारी है इसमें हमलोग क्या कर सकते है।

**चोरी के डर से सहमे है स्कूल प्रिंसिपल**

दोनों स्कूल के प्रिंसिपल को सबसे अधिक यही भय है कि कहीं दो चार साईकिल चोरों ने टपा लिया तो उन्हें भारी समस्या हो सकती है।

**क्यों नही हो रहा वितरण**

साइकिल का वितरण भी नही होना बिभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है कि आखिरकार लापरवाही क्यों कि जा रही है क्या साईकिल में जंग लग जाएगी तब लोगो की नींद टूटेगी या सरकारी राजस्व को बर्बाद करने पर तुले है कल्याण पदाधिकारी।

**क्या कहते है बीडीओ**

सरिया बीडीओ ए ल एन तिवारी का मानना है कि एक माह पूर्व मैं साइकिल वितरण के लिए केलाटांड स्कूल गया था लेकिन साइकलों में कई खामियां थी इसलिए स्थगित कर दिया गया था अब बीडब्लू ओ के सूचना के बाद इसे आगे देखा जाएगा।

## 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स में भव्य मंदिर निर्माण का किया भूमि पूजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज के द्वारा गोविंदपुर स्थित सेंटोसा ग्रीन, आमाघाटा स्थित श्री कृष्ण वाटिका और एन एच पर स्थित कैलाशा में पूरे विधि विधान के साथ भव्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया। वहीं तीनो जगह भूमि पूजन कार्यक्रम में कम्पनी के प्रतिनिधियों के अलावे सोसाइटी में रहने वाले लोग भी उपस्थित रहे। वहीं आपको बता दे कि 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज झारखंड के अलावे बंगाल में भी लोगो को जमीन के साथ उनके सपनों का घर बना कर देते है वही सोसायटी में भी लोगो के लिए पार्क, मंदिर सहित कई सुविधाएं प्रदान करती है। इसी के तहत धनबाद के सेंटोषा ग्रीन, कैलाशा और श्री कृष्ण वाटिका में रहने वाले लोगो के लिए भव्य मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन किया गया। वहीं कैलाशा में भूमि पूजन कम्पनी के डायरेक्टर सह सीईओ राम प्रताप सिंह, सेंटोषा ग्रीन में कम्पनी के डायरेक्टर सह वाईस प्रेसिडेंट महेश मोदी और श्री कृष्ण वाटिका में कम्पनी के डायरेक्टर शैलेंद्र शर्मा के द्वारा किया गया। वही कैलाशा में बारह ज्योति लिंगो का भव्य निर्माण कराया जाएगा जबकि श्री कृष्ण वाटिका और सेंटोषा ग्रीन में भी भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।आज के भूमि पूजन कार्यक्रम में कम्पनी के सीएमडी श्याम पांडेय, महेश मोदी, आरपी सिंह, डॉ अमित रंजन, शैलेन्द्र शर्मा, राजेश तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, भानु सोनी, सुनील शर्मा, रणधीर सिंह सहित कम्पनी के कई प्रतिनिधि, कर्मी और सोसायटी में रहने वाले काफी संख्या मे महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। वही सोसायटी में रहने वाले लोगो ने 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज का आभार जताते हुए,कहा कि मंदिर निर्माण होने से हमे अब हमें काफी सुविधा होगी।

## अफ्रीकी देश नाइजर में अगवा हुए मजदूर के दूसरे साइड में काम कर रहे स्वदेश लौटे और आप बीती बताया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** अफ्रीकी देश नाइजर में बगोदर प्रखंड के पांच प्रवासी मजदूरों को कार्य स्थल से हथियार बंद लोगों ने अपहरण कर लिया है दोंदलो पंचायत निवासी संजय महतो, फलजित महतो, राजू महतो, चंद्रिका महतो, एवं मुंडरो पंचायत के उत्तम महतो है बताया जा रहा है कि ये सभी मजदूर %कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड% कंपनी में काम कर रहे थे। सभी मजदूर जनवरी माह में 2024 में गए थे। वहीं घटना 25 अप्रैल दोपहर की है। वहीं अन्य साइड में काम कर रहे थे। पेसरा गांव निवासी बाल गोविन्द महतो अपने गांव वापस लौटे है और आ बीती बताया । उन्होंने कहा कि मैं अन्य साइड में काम कर रहा था जब अधिकारी लोग बार बार फोन करने लगे तो अंदेशा हुआ कुछ गडबड है और जो मजदूर छुप कर वापस लौटे और घटना का विस्तृत जानकारी दीए। अधिकारी लोग बोल रहे हैं कि जल्द उनके चंगुल से मुक्त किया जाएगा। घटना के बाद अपने निजी कार्यक्रम को लेकर स्वदेश लौटे। उनके चचेरे भाई के श्राद्ध कर्म में अपने गांव लौटे हैं । उनका वापसी टिकट है लेकिन वह कहते है कि अब उस देश में काम करने की ईच्छा नही करता है जोखिम भरा है।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पुराना बाजार स्थित एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा आने-जाने वाले सभी लोगों की शुगर, बीपी, रक्तचाप, लंबाई और वजन की जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई।शिविर के प्रारंभ में मंदिर का विधिवत उद्घाटन कुंभनाथ सिंह द्वारा किया गया, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते बीमारियों की पहचान करना है। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की योजना जताई है।

## जान से मारने की धमकी मामले में शाहबाज़ कुरैशी को मिली ज़मानत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर निवासी शाहबाज़ कुरैशी के तरफ से अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की ने बहस की और जमानत लिया। दिनांक 21/04/25 को नसरुद्दीन कंगाली ने शाहबाज़ कुरैशी पर जान से मारने की धमकी व गाली गलौज का मामला दर्ज करवाया था जो बैंक मोड़ थाना कांड संख्या - 90/2025 है। वही अधिवक्ता विक्की ने शाहबाज़ कुरैशी का पक्ष रखते हुए कहा कि दिनांक - 18/04/25 को नसरुद्दीन कंगाली, हैदर कंगाली, रिंकू सभी लोग शाहबाज़ कुरैशी के खटाल से गाय चोरी कर ले जा रहे थे। भूली मोड़ के समीप शाहबाज़ कुरैशी को देख वो लोग गाय को छोड़ कर भाग गए। उसके बाद दिनांक - 19/04/2025 को मटकुरिया से घर आने के क्रम में उपरोक्त सभी लोग शाहबाज़ कुरैशी के साथ मार पीट कर झूठा केस कर दिया। उक्त सारी जानकारी अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### पुजारियों ने लिया बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं मन्दिर मे बाल विवाह नहीं कराने की शपथ

## बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय ब्यापी अभियान सभी वर्ग सहयोग करें : उत्तम मुखर्जी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** लिलोरी मंदिर कतरास मे राजा चन्द्रनाथ सिंह के नेतृत्व आज मन्दिर परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की शपथ पंडितो द्वारा लिया गया। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन द्वारा राष्ट्रीय व्यापी बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत धनबाद जिला के दर्जनों मंदिरों में आज अक्षय तृतीय के अवसर पर मंदिर के पुजारियों द्वारा बाल विवाह नही करने की शपथ ली जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक शंकर रवानी ने कहा कि आज अक्षय तृतीय के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापी अभियान के तहत धनबाद के दर्जनों मन्दिरों में पुजारियों द्वारा मंदिरों में बाल विवाह नहीं कराने की




शपथ लिया जा रहा है। बाल विवाह के खिलाफ अब पुजारी/पंडित गोलबंध हो रहे हैं, उनके द्वार शपथ लिया जा रहा है कि अब बाल विवाह मंदिरों में नहीं होने देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि आज अक्षय तृतीय के अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए राष्ट्रीय ब्यापी अभियान के तहत सभी धार्मिक स्थलों में पुजारियों के अगुवाई में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद में बाल विवाह के खिलाफ सराहनीय कार्य किया जा रहा है, धनबाद में लाखो लोगो ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की शपथ लिया है। आज के दिन बाल कल्याण समिति धनबाद द्वारा धनबाद में करीब 25 बाल वी विवाह रोका गया है।मौके पर, कुमार विशाल सिंह, निमाई चटर्जी, संपद चटर्जी, काजल प्रामाणिक, उत्तम प्रामाणिक, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के ममता रवानी, दीपा रवानी, चंदा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -1. गाड़ी संख्या 04018/04017 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल (हाजीपुर-छपरा-बलिया-गाजीपुर सिटी-जौनपुर के रास्ते)= गाड़ी संख्या 04018 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल 01 से 29 मई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को आनंद विहार से 09.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 04.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04017 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल 02 से 30 मई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 06.15 बजे खुलकर शनिवार को 03.10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।2. गाड़ी संख्या 04020/04019 आनंद विहार-बरौनी-आनंद विहार स्पेशल (हाजीपुर-छपरा-बलिया- गाजीपुर सिटी-वाराणसी के रास्ते)= गाड़ी संख्या 04020 आनंद विहार-बरौनी स्पेशल 04 मई से 06 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार से 19.30 बजे खुलकर सोमवार को 18.00 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04019 बरौनी-आनंद विहार स्पेशल 05 मई से 07 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को बरौनी से 20.00 बजे खुलकर मंगलवार को 19.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।3. गाड़ी संख्या 04026/04025 दिल्ली-रक्सौल-दिल्ली स्पेशल (नरकटियागंज-गोरखपुर-सीतापुर- बरेली के रास्ते)= गाड़ी संख्या 04026 दिल्ली-रक्सौल स्पेशल 08 मई से 10 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दिल्ली से 23.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 19.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04025 रक्सौल-दिल्ली स्पेशल 09 मई से 11 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को रक्सौल से 22.00 बजे खुलकर शनिवार को 17.45 बजे दिल्ली पहुंचेगी ।4. गाड़ी संख्या 04606/04605 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल (कटिहार-बरौनी-हाजीपुर-छपरा-बलिया-गाजीपुर सिटी-लखनऊ-यमुनानगर जगाधरी के रास्ते)= गाड़ी संख्या 04606 श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहटी स्पेशल 02 मई से 30 मई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा से 21.30 बजे खुलकर रविवार को 01.40 बजे हाजीपुर एवं 03.25 बजे बरौनी रूकते हुए 20.20 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04605 गुवाहाटी-श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल 05 मई से 02 जून, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को गुवाहाटी से 23.00 बजे खुलकर मंगलवार को 13.30 बजे बरौनी एवं 15.40 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए बुधवार को 20.45 बजे श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी ।5. गाड़ी संख्या 06063/06064 कोयम्बत्तूर-धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल (बोकारो-रांची-राउरकेला- सम्बलपुर-पेरम्बूर-काटापाडी के रास्ते)= गाड़ी संख्या 06063 कोयम्बत्तूर-धनबाद स्पेशल 02 मई से 23 मई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को कोयम्बत्तूर से 11.50 बजे खुलकर रविवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 06064 धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल 05 मई से 26 मई, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से 06.00 बजे खुलकर बुधवार को 03.45 बजे कोयम्बत्तूर पहुंचेगी ।

## कटहल मंडी के रुप में प्रसिद्ध है सरिया बाजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया कटहल मंडी के रुप में शुरु से ही प्रसिद्ध रहा है । सरिया प्रखंड के केशवारी, पावापुर,धोवारी,बागोडीह , फकीरा पहरि ,पोटमा, नावाडीह, सबलपुर, कोयरीडीह के बिभिन्न गांवों से किसान प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल कटहल लेकर सरिया बाजार पहुंचते है। यहां से कटहल आसपास के बाजार के साथ-साथ बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यो तक भेजा जाता रहा है। प्रतिदिन इन राज्यों के दर्जनभर व्यापारी सरिया बाजार आकर कटहल की खरीदारी कर उसे ट्रेन व चारपहिया वाहनों के जरिये ले जा रहे हैं। सरिया के कटहल का स्वाद दूसरे राज्यों के लोगों को भी भा रहा है,क्योंकि इस क्षेत्र का कटहल का स्वाद काफी बेहतर होता



है । अगर कृषि विभाग सरिया और आसपास के क्षेत्रों में कटहल की बेहतर उपज को लेकर किसानों को जागरूक करे तो इसकी पैदावार में और भी इजाफा हो सकता है। और क्षेत्र मे कोल्ड स्टोरेज की सुविधा होने से किसानों को सही मूल्य मिल पाता।साथ ही अन्य खेती की भी अपार संभावनाएं सृजन किया जा सकता है । सरिया के कटहल व्यापारी बिनोद यादव ने बताया यहाँ का कटहल की गुणवत्ता काफी अच्छी है जो बाहर के लोग पसंद करते है खासकर यूपी व बिहार मे कटहल की काफी मांग है क्योंकि यह सब्जी ही नही बल्कि अचार के लिये प्रसिद्ध है सस्ते दर पर यहा का कटहल बिना रासायनिक खाद के शुद्ध है बाकी अन्य सब्जी मे बिना खाद के उपज ही नही होती है प्रतिदिन बाहर के खरीदार आते है कुछ ट्रेनों के माध्यम से व कुछ सड़क मार्ग से कटहल लादकर ,धनबाद,पटना, पहाडपुर, जहानाबाद, मसौढ़ी, रफीगंज, गया,वाराणसी,सासाराम, आदि मंडियों में ले जाकर बेचते हैं । यहाँ पर 5 रुपये किलो है मूल्य जबकि मंडियों में लेजाकर उसे 20 से 40 रुपये किलो के भाव में बेचा जाता हैं । इसके अलावा छोटे- छोटे व्यापारी भी ट्रेनों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग पच्चीस बोरा, कटहल सरिया से जहानाबाद, फ त ु प ु र , नवादा,कोडरमा,गया,पहाड़पुर, आदि जगहों पर लेजाकर बेचते है । एक कटहल दो किलोग्राम से लेकर 7-8 किलोग्राम तक का होता है हालांकि इस बार अन्य सालों के अपेक्षा कटहल का बाजार थोड़ा नरम है ।बाजार मे कटहल के भाव मे उतार चढ़ाव होता रहता है ।प्रतिदिन स्टेशन रोड मे हाट बाजार मे दूर दराज से कटहल लेकर लोग आते है व्यापारी इसकी बोली लगाते है फिर कटहल की सौदेबाजी होती है और अन्य राज्यो मे उसे खरीदार खरीद कर ले जाते है हालांकि स्थानीय स्तर पर कटहल की खास महत्व नही है चुकी बड़े पैमाने पर इस इलाके मे कटहल की पैदावार होती है ।

## गिरिडीह में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह शहर के मोहनपुर स्थित श्री दुर्गा माता शिशु विद्या मंदिर टुंडी रोड मे शंकर नेत्रालय बॉक्सा ट्रस्ट बोकारो और गिरिडीह के विधायक तथा झारखंड सरकार के मंत्री सुदीवय कुमार के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर की शुरुआत समारोह पूर्वक हुई। इस अवसर पर इस का उद्घाटन मंत्री सुदीवय कुमार तथा उपस्थितगण मान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग यहां अपने नेत्र की जांच करने जिले के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे ।इस मौके पर मंत्री सुदीवय कुमार ने बताया कि शंकर नेत्रालय



बॉक्सा बोकारो के सहयोग से यह शिविर लगाया जा रहा है जो की 7 दिनों तक चलेगा तथा यहां पर लोगों प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा एवं बड़े शहरों की तर्ज पर सुविधा मिलेगी और बेहतर इलाज मिलेगा। बताया गया कि शिविर के प्रथम दिन करीब डेढ़ सौ लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस 7 दिनों तक चलने वाले शिविर को को सफल बनाने में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, अभय कुमार सिंह रॉकी सिंह अजीत कुमार पप्पू ,प्रमिला मेहरा शाहनवाज अंसारी पप्पू रजक गोपाल जी सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता गण ,नेता गण तथा समाजसेवी लगे हुए हैं।

## हजारीबाग और कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# ईको सेंसिटिव जोन की प्रभावी निगरानी और विकास-संरक्षण संतुलन पर हुआ मंथन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी एवं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की परिस्थितिकी संवेदी जोन के अनुश्रवण हेतु गठित निगरानी समिति की बैठक का आयोजन आज (बुधवार) को आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्षा में किया गया जिसकी अध्यक्षता आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य अधिसूचना में वर्णित पर्यावरणीय प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संरक्षण गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करना था।

**बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर लिए गए निर्णय**

जोनल मास्टर प्लान बाह्य स्रोत के जरिए तैयार करने का निर्णय कोडरमा एवं हजारीबाग दोनों वन्यप्राणी आश्रयणियों के लिए ईको-सेंसिटिव जोन का व्यापक और संतुलित ज़ोनल मास्टर प्लान तैयार करने पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि दलमा वन्यजीव अभ्यारण के तर्ज पर इस क्षेत्र में भी जोनल मास्टर प्लान आउटसोर्स के द्वारा विशेषज्ञ एजेंसी से बनाया जाए ताकि विकास एवं संरक्षण में संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

**डीवीसी द्वारा संचालित ऊर्जा संयंत्र से उत्सर्जित फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस के निष्पादन हेतु चर्चा**

हजारीबाग जिले के इचाक अंचल परित्यक्त पत्थर खदानों में फ्लाई ऐस/पौन्ड ऐस भराई किए जाने के प्रस्ताव पर समिति ने पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन के साथ-साथ



कानूनी वैधता के समीझोपरांत निर्णय लिया गया कि लीचिंग टेस्ट एवं अन्य के संबंध में विशेषज्ञ संस्था आईआईटी धनबाद व अन्य से परामर्श के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नियमानुसार ऐस फीलिंग का कार्य किया जा सकता है।

**इको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में सम्मिलित ग्रामों की सूची एवं नक्शा में भिन्नता पर हुआ विचार विमर्श**

कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी की ईको सेंसिटिव जोन अधिसूचना में शामिल ग्रामों की सूची में डोमचांच मौजा एवं इको सेंसीटिव जोन में दर्शायी गई सीमाओं के बीच अंतर के विषय पर चर्चा हुई। इस विसंगति को स्पष्ट करने हेतु इको सेंसेटिव जोन के बाहर किए जाने वाले प्लॉटवार विवरणी के साथ राज्य सरकार को इसकी जानकारी देते हुए इस पर अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

**बीपीसीएल पेट्रोल पंप के निर्माण प्रस्ताव पर चर्चा**

कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी के ईको सेंसिटिव जोन अंतर्गत मौजा मेघातरी, प्लॉट संख्या 471, खाता संख्या 16, कोडरमा थाना संख्या 344 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित पेट्रोल पंप निर्माण पर विचार करते हुए इको सेंसेटिव जोन की मार्गदर्शिका या अधिसूचना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। आयुक्त महोदय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ सभी विकासात्मक प्रस्तावों का संतुलित मूल्यांकन करें एवं अधिसूचना की भावना के अनुरूप कार्य करें। बैठक में डीएफओ हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रयणी, डीएफओ हजारीबाग पूर्वी, डीएफओ हजारीबाग पश्चिमी, डीएफओ कोडरमा, डीएमओ हजारीबाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संजय मेहता ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

### नाइजर में फँसे बगोदर के मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए किया अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांच मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है। वे पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर में आतंकवादियों द्वारा अपहरण का शिकार हुए हैं। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बरही निवासी संजय मेहता ने भारत सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी में घटी। यहाँ पर



आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन साइट पर हमला किया। इस हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और बगोदर के पांच मजदूरों संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू कुमार और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया। ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। संजय मेहता ने अपने पत्र में सभी मजदूरों के पासपोर्ट विवरण और संपर्क जानकारी भी मंत्रालय को प्रदान की है। साथ ही उनके परिजनों की चिंता और व्यथा को रेखांकित किया है। उन्होंने विदेश मंत्री और भारत के राजदूत से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। संजय मेहता ने इस दिशा में हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है और सरकार से अपेक्षा की है कि वह इन मजदूरों के परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए शीघ्र कदम उठाए। उन्होंने बताया कि हमने पीड़ित परिवारों से बात की है। मैंने सरकार को सूचित किया है। फिलहाल मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर, हजारीबाग में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबन तिवारी (सेवानिवृत्त सहायक वैज्ञानिक पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण परिषद) तथा विशिष्ट अतिथि ज्ञान चंद्र मेहता पूर्व जिला संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (सेवानिवृत्त प्राचार्य, सरकारी आईटीआई), हजारीबाग रहे। विद्यालय के सचिव कौशल किशोर सिंह (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, प्लस टू विद्यालय) और बड़ा बाजार शिशु मंदिर के आचार्य रामप्रकाश मेहता, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार तथा उपस्थित दादा-दादी, नाना-नानी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपरोक्त सभी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों ने अपने दादा-दादी तथा नाना-नानी का पारंपरिक विधि से पाँव पूजन किया, तिलक लगाकर और आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद



प्राप्त किया। इस भावपूर्ण दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बहनों के मधुर स्वरों के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा द्वितीया एवं तृतीया की बहनों ने माँ यशोदा पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चतुर्थ की बहनों ने सच है कि भगवान है शीर्षक पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा पंचम की बहनों ने मुझे क्या बेचेगा रुपैया गीत पर शानदार नृत्य प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में घर-परिवार में बच्चों के संस्कार निर्माण में दादा-दादी और नाना-नानी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ आरती कुमारी, सुधा राय, कविता सिंह, पुष्पा पाठक, सदन दफुवार, ऋषिका जानवी, सरिता कुमारी, नैंसी कुमारी, अभिषेक आनंद और दीपक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत आत्मीयता, उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। सैंकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने विद्यालय को पचास हजार का सहायता प्रदान किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी सतत समुदाय विकास पहलों के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनहप्पा, हजारीबाग को वित्तीय एवं सामग्री सहयोग प्रदान किया। विद्यालय को सहायता राशि की दूसरी किश्त के रूप में 50,000 प्रदान किया गया, जिससे परियोजना क्षेत्र से बाहर भी समावेशी विकास के प्रति एनएमएल की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इस अवसर पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा अनीता दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। जेएमएस की उपाध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना तथा कार्यकारिणी सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वित्तीय सहायता के साथ-साथ, एनएमएल पीबीसीएमपी द्वारा बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु हॉर्लिक्स, मिल्क



पाउडर जैसे पौष्टिक आहार एवं नोटबुक, पेन आदि शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने एनएमएल पीबीसीएमपी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग परियोजना क्षेत्र से बाहर भी समाज कल्याण के लिए संस्था की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। यह पहल स्थानीय समुदायों में शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने की एनएमएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# केरेडारी में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरहेसा में गुरु श्रेष्ठ भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम के अनुयाइयों ने बारी बारी से इनके



प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात भगवान परशुराम जी का गुणगान किया गया। साथ ही गुरु परशुराम के संदेश से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सुशील ओझा और संचालन सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह पूर्व उप प्रमुख रामस्वरूप ओझा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री पूनम साहू भाजपा जिला मंत्री कुणाल किशोर दुबे पांडु पंचायत के पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे भोला महतो शामिल हो कर भगवान परशुराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एक सौ फरसा एक सौ अंग वस्त्र से अतिथियों को सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेत्री पूनम साहू कुणाल किशोर दुबे राकेश रंजन दुबे भोला महतो अनिल ओझा कैलाश पांडेय सूरज तिवारी दिजन ओझा बिकु ओझा विजय ओझा सुशील ओझा संजय ओझा दीपक ओझा मनीष ओझा नरेश ओझा सहित समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानाध्यापक मुनेश्वर राम हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखण्ड अंतर्गत करियातपुर स्थित उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय करियातपुर के पूर्व प्रधानाध्यापक मुनेश्वर राम 30 अप्रैल 2025 को सेवा निवृत्त हो गए। उन्होंने कुल 36 वर्ष 9 माह तक शिक्षा जगत में अपनी सेवाएं दीं। इस



दौरान वे शिक्षक के रूप में समर्पित भाव से कार्यरत रहे और 1 जून 2018 से 5 सितंबर 2024 तक उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय करियातपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान मुनेश्वर राम छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों के बीच मृदु भाषी, अनुशासित और समर्पित शिक्षक के रूप में विख्यात रहे। उनकी विदाई पर विद्यालय परिसर में एक भावभीना समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता वर्तमान प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने की और संचालन शिक्षक किशोर कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा भावनात्मक विदाई गीत से हुई, जिसमें लक्ष्मी कुमारी, मोहम्मद इरशाद, निधि कुमारी, गीता कुमारी और नीतू सिंह ने अपनी स्वरांजलि दी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने मुनेश्वर राम को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि 36 वर्ष 9 माह की बेदाग सेवा और समय पालन की आदत हम सभी के लिए प्रेरणा है। विद्यालय के शिक्षकों अजय कुमार, रामेश्वर रविदास, अनिल केसरी, रमेश प्रजापति, निरंजन महतो और कंप्यूटर शिक्षक विजय कुमार ने उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण पर प्रकाश डाला। इस विशेष अवसर पर मुनेश्वर राम के पूरे परिवार की उपस्थिति ने समारोह को और भी भावुक बना दिया। उनकी पत्नी शकुंतला सिन्हा स्वयं भी एक सहायक शिक्षिका हैं। विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापक विजय कुमार दास ने मुनेश्वर राम और उनकी पत्नी को अंग वस्त्र, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मिलकर उन्हें विशेष उपहार भेंट किए। गांव के मुखिया मनोज कुमार, विद्यालय अध्यक्ष नरेश ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष सकलदेव शर्मा, एसएमसी सदस्य देवचंद रविदास, सीआरपी अरुण मेहता, आंगनबाड़ी सेविका वीणा कुमारी, सेवानिवृत्त शिक्षक मुरली मनोहर प्रसाद और जागेश्वर प्रसाद भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे।समारोह के अंत में मुनेश्वर राम ने अपने भावुक उद्बोधन में सभी शिक्षकों और छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को ससम्मान दी गई विदाई

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामो राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक सुनिल कुमार यादव बुधवार को



सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर सह सम्मान विदाई दी गई। इस संबध में बताया गया कि अचलजामो राजकीय मध्य विद्यालय में शिक्षक सुनिल कुमार यादव लगभग दस वर्षों तक अपनी सेवा दी। अपने अच्छे सेवा भाव से सभी छात्र-छात्राओं के बीच अपनी जगह बनाई थी जिससे भावुक होकर बच्चो ने विदाई दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, जय प्रकाश यादव, अरूण कुमार गोस्वामी, प्रकाश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, हीरालाल महतो, रंजीत कुमार महतो, अशोक कुमार, जयप्रकाश राय, हिरालाल प्रसाद, सिकन्दर यादव, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर पासवान उपस्थित थे।

# बनासो माँ महामाया मंदिर में परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित माँ बागेश्वरी मंदिर में ब्राह्मण समाज ने अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर आचार्य पुरेन्द्र पांडेय ने भगवान परशुराम के तस्वीर पर पूजा अर्चना पुष्पांजलि करवाकर उनके नाम का जयकारा का उद्घोष करवाया। इस मौके पर आचार्य पुरेन्द्र पांडेय ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। प्रत्येक वर्ष हमलोग अक्षय तृतीया के दिन पूजा अर्चना कर उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हैं। आगे कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र व शास्त्र दोनों के ज्ञाता थे। इसके साथ ही पहलगाम हमले की निंदा करते हुए लोगो ने आतंकवादियों को शीघ्र सजा देने की मांग की। इस मौके पर सुरेंद्र नाथ पांडेय, राजकिशोर पांडेय, विजय नन्दन पांडेय, सुखदेव पांडेय, बंटी मिश्र, लक्ष्मी कांत पांडेय, श्यामाकांत पांडेय ,प्रदीप पांडेय, सुबोध पांडेय, भोलानाथ पांडेय, महेंद्र पांडेय,अनंतलाल पांडेय,रंजय पांडेय, श्री पांडेय, नीतीश पांडेय, कर्मवीर पांडेय,अभिमन्यु पांडेय, मदन पांडेय, नारायण पांडेय आदि उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के बीच मुखिया पूनम कुमारी दास ने बैग एवं किट का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेड़रा बालक विष्णुगढ़ में बुधवार को मुखिया पूनम कुमारी दास के हाथो नन्हे- मुन्ने बच्चो के बीच स्कूल बैग एवं कीट सेट का वितरण किया गया। जिसमे कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों को पेंसिल, पेन, रबर, कटर, बैग आदि का वितरण किया गया। वितरण के दौरान मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध अध्ययन की पूरी सामग्री बच्चों को मुफ्त में दी जा रही है, जिससे बच्चों को पठन-पाठन करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बच्चो से अपील करते हुए कहा कि आप साफ पोशाक में नित्यदिन विद्यालय पहुंचे और मन लगाकर पढ़ाई करे, जिससे आप एक उच्चे मुकाम हासिल कर सकते है और अपने राज्य और देश के साथ माता पिता का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षिका प्रियंका कुमारी, ममता मिश्रा, दीपिका कुमारी, प्रियंका कुमारी, गुड़िया कुमारी, शिक्षक मोहम्मद अयाज, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू रवानी, मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मान समारोह आयोजित, उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में बुधवार को स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह आदर्श दंपत्ति सम्मेलन एवं सीएचओ सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन कार्यक्रम मे आए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में सहियाओं और सीएचओ की भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. शशि जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में सहियाओं और सीएचओ की अहम भूमिका होती है। सहिया और सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रूप में जानी जाती हैं। सहिया के अस्तित्व में आने से स्वास्थ्य विभाग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि समारोह के माध्यम से सहिया एवं सीएचओ के अनुभव एवं तकलीफ को समझने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव कराने, फैमिली प्लान्स को इंप्रूव करने सहित कई कार्यों में आपकी सहयोग सराहनीय रही है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य सहिया और सीएचओ को आगे भी अधिक समर्पित भाव से कार्य करने को प्रेरित किया।

# संविधान बचाओ अभियान के तहत की गई प्रेसवार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण वल्लभ आश्रम में संविधान बचाओ अभियान के तेहत एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने की । झारखंड प्रदेश के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों के बेतुके उल्लंघन और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केंद्रीय एजेंसी के खुले तौर पर हथियारबंद किए जाने संघीय सिद्धांतों के बार-बार अतिक्रमण और बढ़ती महंगाई बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर सरकार किस शर्मनाक उपेक्षा के खिलाफ एक शक्तिशाली जनआधारित राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक है ।संविधान के प्रति एक घोर अपमान की भावना से न्यायपालिका को भी अब अप्रत्यक्ष धमकियों और दबाव की रणनीति से शिकार बनाया जा रहा है जो बढ़ती तानाशाही का स्पष्ट संकेत है । इन्होंने कहा कि राज स्तरीय संविधान बचाओ रैली 6 मई को रांची में पुराने विधानसभा धुर्वा मैदान में आयोजित की गई है इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केंद्र स्तरीय नेता, प्रदेश स्तरीय नेता विभिन्न जिला के पदाधिकारी और भारी संख्या में जनता की भागीदारी होगी। इसके बाद जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 4 में से 10 मई तक प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जाएगा इस कार्यक्रम के बाद विधानसभा स्तरीय संविधान बचाव रैली 11 से 17 मई तक हर विधानसभा मुख्यालय में सुनिश्चित किया गया है । इसके बाद 20 मई 30 मई तक घर-घर जन संपर्क अभियान




चलाया जाएगा । इस अभियान में लगातार उन्मुख मुद्दों को उजागर किया जाना चाहिए जो हमारे गणतंत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता रियाज अंसारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संविधान और स्वतंत्र संस्थानों पर लगातार किए जा रहे हैं हमले केंद्रीय एजेंसीयों के माध्यम से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सत्ता का खुला दुरुपयोग और महंगाई व रोजगार सृजन में सफलता ने देश को गंभीर संकट में धकेल दिया है इस सरकार की नीतियों ने सामाजिक असमानताओं को बढ़ाया है और गरीबों व सबसे कमजोर वर्गों को निराश किया है । प्रदेश में 06 मई को होने वाले संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में भारी संख्या में हजारीबाग से कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेंगे । संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान सेवादल के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहकारिता जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, संजय तिवारी, दिलीप रवि, मो.मुस्ताक, अजय गुप्ता, परवेज अहमद, राजू चौरसिया, डॉ भैया असीम, मुगेश्वर चौधरी, विजय कुमार सिंह, अजीत सिंह आदि कांग्रेस जन उपस्थिति रहे ।

# बरही नगर भवन में स्कूल रूआर 2025 को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

### बीडीओ ने अनुपस्थित शिक्षको पर जताई नाराजगी, बीईईओ को स्पष्टीकरण लेने का निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित बच्चों को फिर से विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को बरही नगर भवन में स्कूल रूआर 2025 अभियान के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन शिक्षक तुलसी कुमार दास और मथुरा प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, बीईईओ किशोर कुमार, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, करियातपुर के मुखिया मनोज कुमार, मोतीलाल चौधरी और पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल रूआर 2025 का उद्देश्य उन बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ना है, जो या तो स्कूल छोड़ चुके हैं या अब तक विद्यालय से वंचित रहे हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से इस अभियान में सहयोग देने की अपील की। प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल शिक्षा विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया कि वह बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा नैतिक शिक्षा भी देने का काम करें। बीईईओ किशोर कुमार ने जानकारी दिया कि पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में 5810 बच्चे एडमिशन के बाद भी विद्यालय नही आ रहे है, उन्हें वापस लाना इस अभियान का उद्देश्य है। पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार है और यह सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है कि कोई भी बच्चा इस अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षक इस अभियान में पूरी निष्ठा से भाग लेंगे। इस अवसर पर बीपीएम अरुण शर्मा, रवि चौरसिया, शिक्षक रविकांत ओम, रिजवान अहमद, अनूप प्रधान, मो. मंसूर, राजेन्द्र कुमार समेत कई शिक्षक एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला में कई शिक्षक और प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर बीडीओ जयपाल महतो ने नाराजगी जताई और बीईईओ को निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण लिया जाए।

## चलते चलते एक नजर

### उत्तर कोरिया ने विध्वंसक पोत से मिसाइलों का किया परीक्षण

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया ने अपने नए विध्वंसक पोत से मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 5,000 मीट्रिक टन का बहुउद्देशीय विध्वंसक पोत है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन चो ह्योन श्रेणी के इस पोत के हथियारों का परीक्षण करने से खुश नजर आए। उन्होंने इस मौके पर नौसेना के परमाणु हथियारों के निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया। किम जोंग-उन ने कहा कि समुद्री रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का समय आ गया है।राज्य मीडिया संवाद समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बुधवार को बताया कि यह उत्तर कोरिया के नौसैनिक आधुनिकीकरण में बड़ा कदम है। इसे रूस की तकनीकी सहायता से विकसित किया गया है। चो ह्योन श्रेणी का विध्वंसक पोत ह्वासन श्रेणी की वरूज मिसाइल प्रणाली से लैस है। इसे संभावित रूप से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बताया गया है। दक्षिण कोरिया के सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, चरणबद्ध रडार और एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से सुसज्जित है।इस बीच, दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने बुधवार को कुछ तस्वीरें जारी कीं। इनसे पता चलता है कि उत्तर कोरिया ने रूस के साथ तुमेन नदी की सीमा के पास भूमि को समतल करना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया तुमेन नदी पर वाहनों की आवाजाही के लिए पुल बनाने के लिए भूमि पूजन समारोह की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में एक रेलवे पुल उत्तर कोरिया के तुमेन नदी स्टेशन और रूस के खासन स्टेशन को जोड़ता है, लेकिन वाहनों के लिए कोई पुल नहीं है। यह परियोजना पिछले साल जून में किम जोंग-उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर सम्मेलन के दौरान हुए समझौतों से उपजी है। नए पुल का निर्माण मौजूदा रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 415 मीटर नीचे की ओर किया जाएगा। इसके 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

### एसीएस ने किया नारनौल अनाज मंडी का दौरा

**नारनौल** : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वी राजा शेखर वुंडरू ने बुधवार को जिला में चल रही रबी फसल की सरकारी खरीद का जायजा लेने के लिए नारनौल अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त डॉ विवेक भारती भी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अब तक हुई खरीद के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों की फसल की रकम उनके खाते में निर्धारित समय में भेजी जानी चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री खुद समय-समय पर समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने नारनौल अनाज मंडी में भी किसानों के लिए कैंटीन की स्थापना करने के निर्देश दिए। इस बारे में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में एक लाख तीन हजार 65 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। जिला में लगभग 76 फ़ीसदी उठान कार्य हो चुका है। अब तक जिला महेंद्रगढ़ में सरसों खरीद के बाद किसानों के खाते में लगभग तीन अरब 99 करोड़ 25 लाख रुपये की रकम डाल दी गई है।उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में गेहूं की नौ हजार तीन सौ 45 मीट्रिक टन खरीद हुई है। ज्यादातर गेहूं सतनाली, महेंद्रगढ़ तथा कनीना अनाज मंडी में पहुंचा है। इस मौके पर नारनौल के एसडीएम रमित यादव, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कुशलपाल बूरा, सहायक जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अरुण सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण कुमार, डीएम वेयर हाउस रेखा मलिक तथा डीएमयू सत्यप्रकाश के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकपाल के अधिकार क्षेत्र पर सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा

एजेंसी



**नई दिल्ली** : हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायत पर लोकपाल सुनवाई कर सकता है या नहीं, इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये मामला दूसरी बेंच को ट्रांसफर हो सकता है।इस मामले में कोर्ट की मदद करने के लिए वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लोकपाल को सुनवाई का अधिकार घोषित करने वाले लोकपाल के 27 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दी थी। इस आदेश में कहा गया था कि हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने लोकपाल के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि यह फैसला परेशान करने वाला है।सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल में शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को निर्देश दिया था कि उन्होंने जिस जज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, उसका नाम सार्वजनिक नहीं करें।

शिकायतकर्ता ने लोकपाल से शिकायत की थी कि एक निजी फर्म उस जज का पहले मुवक्किल रह चुका है, जब वो वकालत करते थे।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल की बेंच ने 27 जनवरी के अपने आदेश में हाई कोर्ट के जज के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि लोकपाल ने कानून की गलत व्याख्या की। उन्होंने कहा था कि हाई कोर्ट के जज को लोकपाल की परिधि में नहीं लाया गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी लोकपाल के आदेश की आलोचना की और कोर्ट से इस पर रोक लगाने की मांग की।

## डीएम ने छह लाभुकों को प्रदान की सहायता राशि

एजेंसी



**अररिया** : डीएम अनिल कुमार द्वारा मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 03 लाभुकों को बुधवार को एक एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की।स्मिता स्मिथ, रानो कुमारी, सजल श्रद्धा को डीएम ने एक-एक लाख रूपये की सावधि जमा प्रदान की।मौके पर डीएम ने बताया कि समाज में व्याप्त जाति बंधनों को तोड़ने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के द्वारा मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के तहत अपने जाति से इतर किसी दूसरे जाति में विवाह करने पर सरकार के द्वारा एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि सावधि जमा के रूप में प्रदान की जाती है।इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कोई भी अन्तर्जातीय विवाह करने वाले व्यक्ति शादी की तिथि से 02 वर्ष के अन्दर सभी जरूरी प्रमाण-पत्र यथा विवाह निबंधन प्रमाण पत्र, वर तथा वधु के आयु से संबंधित प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा निवास प्रमाण-पत्र आदि के साथ अपना आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में जमा कर सकते हैं।मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत कुल 03 लाभुकों को भी सहायता राशि प्रदान की गई।

## जलघर से टैंकर भरने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

एजेंसी



**सिरसा** : जिला के गांव जमाल में पेयजल की भारी किल्लत चल रही है। बुधवार को ग्रामीणों ने गांव के जलघर में बनी डिग्गियों से पानी के टैंकर भरने का विरोध किया है। विरोध स्वरूप ग्रामीण महिलाओं ने जल घर के मेन गेट पर ताला जड़ दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों नहर में पानी आने के बाद जमाल जलघर की चार डिग्गियों में से दो डिग्गियां पानी से भरी गई है। अभी गांव में जलघर से पानी सप्लाई भी शुरू नहीं किया गया है और इसी दौरान टैंकर चालक डिग्गियों से पानी भरकर प्रति टैंकर के हिसाब से 700 से 800 रुपए वसूल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कि टैंकर चालक डिग्गियों से पानी न उठाए। सुबह करीब दो दर्जन टैंकर गांव जमाल के जलघर में पानी उठाने लगे तो ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप जलघर के मुख्य गेट का ताला लगा दिया और टैंकर चालकों को बाहर नहीं जाने दिया गया। करीब 3 घंटे बाद टैंकर चालकों और ग्रामीण कि आपसी बातचीत में यह तय किया गया कि टैंकर चालक गांव के जलघर की डिग्गियों से पानी नहीं उठाएंगे और टैंकर चालकों ने भरे हुए टैंकर वापस डिग्गी में डाल दिए। इसके बाद जलघर का ताला खोला गया और टैंकर चालकों को बाहर जाने दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जल घर से पीने के पानी की सप्लाई जल्दी शुरू की जाए ताकि लोगों को पानी की कीलत ना हो।गौरतलब है कि सिरसा जिला के बड़े गांवों में शुमार जमाल में करीब 15000 की आबादी है। पिछले काफी दिनों से पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों को पानी टैंकरों से खरीदना पड़ रहा है और ग्रामीण पेयजल की कमी से काफी परेशान हैं।

## एचपीटीडीसी ने रचा इतिहास : सीएम

एजेंसी



**शिमला** : हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने पहली बार 100 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड लाभ अर्जित कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को शिमला में एचपीटीडीसी और पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में निगम को जहां वार्षिक रूप से औसतन 78 करोड़ रुपये का लाभ होता था, वहीं वर्तमान सरकार ने आपदा जैसी गंभीर चुनौतियों के बावजूद 107 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि निगम के होटलों और रेस्तरां के बेहतर प्रबंधन, नियमित मरम्मत व रखरखाव और परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि लाभ में बढ़ोतरी के चलते एचपीटीडीसी ने पिछले ढाई वर्षों में अपने पेंशनभोगियों को 41 करोड़ रुपये की राशि जारी की, जबकि भाजपा शासन के पूरे पांच साल में केवल 26 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे।मुख्यमंत्री सुक्खू ने निगम अधिकारियों को सेवा गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपयोगी पड़ी परिसंपत्तियों को निजी क्षेत्र को संचालन और रखरखाव आधार पर लीज पर देने की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम और एचपीटीडीसी के बीच हुए एमओयू की सराहना की, जिसके तहत निगम के होटलों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा की गई भगवान परशुराम की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा** : भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा बुधवार को खोण्हर मंदिर परिसर में स्थापित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा का पूजन किया गया तथा झंडा स्थापित किया गया। इस मौके पर रंका मोड़ पर पूरे दिन शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से ही हो गई थी जब झामुमो कार्यकर्ता शर्बत तैयार करने और वितरण की व्यवस्था में जुट गए थे। शर्बत वितरण स्थल पर सैकड़ों की संख्या में राहगीर, दोपहिया वाहन सवार, दुकानदार, मजदूर और आम नागरिक पहुंचे और ठंडे शर्बत का आनंद लिया। कार्यक्रम में झामुमो के कई स्थानीय नेता, वरिष्ठ कार्यकर्ता और युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद थे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य में भाग लिया और लोगों को शर्बत पिलाते हुए भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। झामुमो नेताओं ने इस अवसर पर भगवान परशुराम के जीवन चरित्र और उनके सामाजिक योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परशुराम जी का जीवन सत्य, धर्म और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। वे केवल एक वीर योद्धा नहीं, बल्कि समाज सुधारक भी थे। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें प्रेरणा देते हैं कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा की जाए।पार्टी नेताओं ने कहा कि झामुमो केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना उसका एक प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

कार्यक्रम के अंत में झामुमो कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धीरज दुबे, मनोज तिवारी, राजेश तिवारी, नारद तिवारी, ज्योतिष धर दुबे, जितेंद्र दुबे, रविन्द्र तिवारी, कार्तिक पांडे, किशोर ओझा, अरविंद मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रमोद तिवारी, मुकेश तिवारी, रंजन तिवारी, नवलेश धर दुबे, रवि रंजन दुबे, विपुल तिवारी, अभिषेक धर दुबे, प्रेम प्रकाश दुबे, अविनाश दुबे, गुंजन धर दुबे, हिमांशु दुबे, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद, अमित पांडे, आशीष धर दुबे, अनंत दुबे, रंजन तिवारी, कुश उपाध्याय, श्याम नारायण उपाध्याय, संजय मिश्रा

## हाईकोर्ट ने एलआईसी को लगाई फटकार

**प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय जीवन बीमा निगम को फटकार लगाई है। कारण था कि एलआईसी ने स्थायी लोक अदालत अलीगढ़ द्वारा एक पॉलिसीधारक के पक्ष में पारित 74 हजार 508 रूपए के अवार्ड को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की।जस्टिस प्रकाश पाडिया की एकल पीठ ने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी छोटी राशि के खिलाफ एलआईसी की रिट याचिका दाखिल करना अत्यंत आश्चर्यजनक है। कोर्ट ने एलआईसी के एक सीनियर अधिकारी को यह स्पष्ट करने के लिए शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया कि उक्त अवार्ड की राशि पॉलिसीधारक को क्यों नहीं दी जानी चाहिए।हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि इतनी तुच्छ राशि के खिलाफ याचिकाकर्ता, बीमा कम्पनी ने वर्तमान रिट याचिका दाखिल की, जबकि इस प्रकार की प्रथा की इस न्यायालय ने समय-समय पर निंदा की गई है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एकजुट : जयराम ठाकुर

एजेंसी



**शिमला** : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई में पूरा देश और हिमाचल की देवभूमि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब विश्व भर के देश भारत के साथ खड़े हैं तब कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाजी कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेताओं को अपनी ही सरकार की कार्रवाई पर भरोसा नहीं है।जयराम ठाकुर ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री ने आतंकवादी घटना के तुरंत बाद विदेश दौरा रद्द कर भारत लौटकर उच्चस्तरीय बैठकें कीं। सिंधु जल संधि को निलंबित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश देना और अन्य कड़े कदम इस बात का संकेत हैं कि भारत अब कठोर कार्रवाई करेगा। लेकिन कांग्रेस के नेता संवेदनशील समय में देश के खिलाफ बोल रहे हैं, जिससे सिर्फ पाकिस्तान को बल मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक चित्र साझा किए हैं, जो उनकी मानसिकता को दर्शाता है।पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि विपक्षी दलों को देश की नीति और सुरक्षा से ऊपर राजनीतिक लाभ नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार के मंत्री जिन्होंने देशविरोधी बयान दिए हैं, उन्हें माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी ऐसे नेताओं पर लगाम लगाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलवामा, उरी और 26/11 की घटनाओं से सबक न लेकर कांग्रेस आज भी वही रवैया अपना रही है, जबकि देश की सेना पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत की कार्रवाई की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी और कांग्रेस का असली चेहरा देश के सामने आ चुका है।

## शिक्षा के साथ जीवन के उद्देश्य को भी समझें विद्यार्थी : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : वर्तमान समय में तमाम देशों में जो परिदृश्य दिख रहा है, वह मानवता को कलंकित कर रहा है। जिस तरह से उन्नत प्रौद्योगिकी के दौर में विज्ञान अपना पैर पसारता जा रहा है, मानव जीवन को सुगम बनाने के लिए वैज्ञानिक तमाम आविष्कार कर रहे हैं। सोशल मीडिया के दौर में भाईचारा एवं सौहार्द होना चाहिए। लेकिन हृदय की संवेदना इस कदर छिन गई है कि लोग अपने धर्म की ध्वजा फहराने और अपने देश को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिए बेपरवाह लहू की धाराएं बहा रहे हैं, जो मानव जाति के लिए निंदनीय है। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रार्थना सभा में बच्चों को कहीं। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा के महत्व के साथ-साथ जीवन के उद्देश्य को भी समझना ज़रूरी है। जिस तरह से हम धर्म को आराध्य मानते हैं, उसी प्रकार अध्यात्म को भी अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जीवन के उद्देश्य को समझ सकें। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सीखना है, ताकि हम हृदय को संवेदनशील बना सकें। वैज्ञानिक परख प्रवृत्ति के साथ-साथ आत्मज्ञान को भी अर्जित करना होगा, ताकि हम अपने देश में भाईचारे व सौहार्द की सुगंध बिखेर सकें।चेयरमैन अविनाश देव ने छात्रों एवं छात्राओं को उत्कृष्टता के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहा। साथ ही, कहा कि इसका उद्देश्य अपने निजी स्वार्थ एवं सिर्फ़ परिवार की खातिर नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए भी होना चाहिए, क्योंकि जब तक हमारे देश में स्नेह का संबंध, सहिष्णुता की सुगंध, नैतिकता का निर्वाह और पवित्रता की परवाह नहीं होगी, तब तक हमारा घर, परिवार और समाज भी सुरक्षित नहीं होगा।

## जलपुरुष ने बताए जल संरक्षण के फायदे

**जालौन** : जालौन के कोंच तहसील स्थित ग्राम अमीटा में बुधवार को जल संरक्षण पर विशेष जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध जल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। जल पुरुष के नाम से विख्यात राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज पानी नहीं बचाया तो आने वाली पीढ़ियों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने वर्षा जल संचयन और परंपरागत जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे सामूहिक प्रयासों से देश के कई सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल संरक्षण किया गया।जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जिले में चल रहे जल संरक्षण अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन हर गांव में जल चौपाल के जरिए लोगों को जल संरक्षण से जोड़ रहा है। कार्यक्रम में खेत- तालाब योजना और नदियों के पुनर्जीवन पर चर्चा हुई। जल प्रबंधन की तकनीकी जानकारी भी दी गई।

# बाबा साहब के अपमान को लेकर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी



**प्रयागराज** : समाजवादी पार्टी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की फोटो से आधा चेहरा काटकर अखिलेश यादव का चेहरा लगाने के विरोध में भाजपा महानगर द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका गया। हाईकोर्ट चौराहा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हाथों में ÷बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान÷, ÷दलित विरोधी जिसकी पहचान समाजवादी पार्टी उसका नाम÷ आदि लिखी तख्तियां लेकर समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव के खिलाफ नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला भी फूंका। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा बाबा साहब की फोटो से उनका आधा चेहरा काटकर अखिलेश यादव का चेहरा लगाकर बाबा साहब का जो अपमान किया गया है, उसके विरोध में ये विरोध प्रदर्शन किया गया है। ये चेहरा दिखाकर अगर समाजवादी पार्टी दलित समाज का वोट बटोरना चाहती है तो ये समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव का भ्रम है। पूरे देश में बाबा साहब के अनुयायी हैं जिन्हें ठेस पहुंची है, इस प्रकरण से। बाबा साहब के बराबर अपने आप को साबित करने में अखिलेश यादव को सदियों लग जाएंगी। हिन्दुस्तान में रोष है सपा मुखिया के इस कृत्य से और भाजपा इस कृत्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है।इस अवसर पर डॉ शैलेश पाण्डेय, मुरारी लाल अग्रवाल, अनामिका चौधरी, कुंज बिहारी मिश्रा, रमेश पासी, वरुण केसरवानी, पार्षद किरन जायसवाल, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, मनोज कुशवाहा, राजेश सोनकर, अरुण पटेल, श्याम चंद्र हेला, राजेश गोंड, अजय हेला, नटवर लाल, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, कलूट पासी, सुजीत कुशवाहा, विजय पटेल, शोभिता श्रीवास्तव, शिखा रस्तोगी, रीता सिंह, विशाल अग्रवाल, डॉ रविन्द्र प्रताप, आशीष द्विवेदी, अजय शर्मा, सचिन जायसवाल, बृज मोहन पटेल, शिखा खत्रा, संजय सिंह, अवनीश तिवारी, अपूर्व चंद्रा, गौरव गुप्ता आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।